राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 24
लखनऊ, सोमवार 09 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





औद्योगिक क्षेत्रों के वार्षिक रखरखाव पर 43 करोड़ खर्च करेगा यूपीसीडा 03

पीओके निवासी जल्द ही हमारे साथ जुड़ेंगे : राजनाथ सिंह 12


## पटना-बक्सर रेल खंड पर दो भाग में बंटी मगध एक्सप्रेस

एजेंसी

**पटना।** बिहार में दानापुर रेल मंडल अंतर्गत बक्सर जिला के टुडीगंज स्टेशन के समीप नई दिल्ली से पटना आ रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में रविवार को बंट गयी। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है।

नई दिल्ली से पटना होते हुए इस्लामपुर तक जाने वाली गाड़ी संख्या 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस डुमरांव रेलवे स्टेशन से चलने के करीब आठ मिनट बाद दो हिस्सों में बंट गई। यह घटना बक्सर-आरा

**चीख पुकार सुनकर आगे जा चुकी बोगियों के लोगों ने ट्रेन रुकवाई**

रेलखंड पर टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से चलने के करीब एक मिनट बाद ही यह घटना हुई। करीब 200 मीटर के फासले पर ट्रेन के दोनों हिस्से अलग-अलग खड़े हो गए। चीख पुकार सुनकर आगे जा चुकी बोगियों के लोगों ने ट्रेन रुकवाई, तब पायलट को ट्रेन के टूटने का पता चला। पायलट ने हादसे की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी।

## टीकाकरण अभियान से प्रदेश में नवजात और शिशु मृत्यु दर में आयी कमी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में लगातार नियमित टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पिछले तीन वर्षों में प्रदेश भर में शत प्रतिशत नियमित टीकाकरण के लिए 77,51,600 सत्र आयोजित किये गये। जिसमें 1,61,61,882 शिशुओं का पूर्ण टीकाकरण किया गया। यही वजह है कि प्रदेश में पिछले



**सीएम योगी के निर्देश पर पिछले तीन वर्षों में प्रदेश भर में शत प्रतिशत नियमित टीकाकरण के लिए 77,51,600 सत्र आयोजित किये गये। जिसमें 1,61,61,882 शिशुओं का पूर्ण टीकाकरण किया गया।**

सात वर्षों में नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में काफी कमी दर्ज की गयी है।

मालूम हो कि देश और प्रदेश में पोलियो और नवजात टिटनेस की विदाई की मिशाल नियमित टीकाकरण है। सीएम योगी के निर्देश पर हर साल जीरो से लेकर 16 साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए लक्ष्य दिया जा रहा है। ताकि कोई टीकाकरण से छूटा न रहे। इतना ही नहीं योगी सरकार द्वारा सौ फीसद नियमित टीकाकरण के लक्ष्य को पाने के लिए समय-समय पर नवाचार भी किए जा रहे हैं। 13 मार्च 2024 को लांच यूविन पोर्टल उसी का हिस्सा है।

### 2023-24 में 56 लाख से अधिक शिशुओं का टीकाकरण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर सौ फीसद नियमित टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर टीकाकरण किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर वर्ष 2023-24 में नवजात शिशुओं से लेकर 16 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए 28,00,343 सत्र आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया, जिसके सापेक्ष 27,82,621 सत्र आयोजित किये गये। बच्चों 57,24,629 जीरो से लेकर 1 साल तक के बच्चों के टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं 66,94,603 के निर्धारित टीकाकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 56,90,886 बच्चों और 56,50,317 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

### एक करोड़ बच्चों को लगा एमआर-1 व 2 का टीका

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2021-22 में नवजात शिशुओं से लेकर 16 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए 22,65,177 सत्र का लक्ष्य दिया गया। इनसें 56,91,189 जीरो से 1 साल तक के बच्चों को पूर्ण टीकाकरण एवं 68,44,888 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कर लक्ष्य रखा गया। 48,86,187 शिशुओं का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

### इतनी बार होता है टीकाकरण

1- टीबी, हिपेटाइटिस बी, पोलियो, खसरा, रूबेला, काली खांसी, गलघोंटू, टिटेनस, इन्फ्लूएंजा, निमोनिया, जापानी इन्सिफेलाइटिस
2- व्यस्क डिप्थीरिया और टिटेनस के दो टीके गर्भवती को लगाये जाते हैं। एक टीका गर्भावस्था का पता लगते ही और दूसरा उसके अगले माह
3- बच्चों को लगाये जाते हैं 12 बीमारियों से बचाव के टीके
4- गर्भवती को भी लगते हैं दो टीके
5- पांच साल में सात बार टीकाकरण किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी

**सोनीपत।** दो दिन पहले कांग्रेस में शामिल हुए पहलवान बजरंग पुनिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। कांग्रेस ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किया है। बजरंग पूनिया के मोबाइल नंबर पर धमकी भरा मैसेज आया। व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश में लिखा था कि बजरंग, कांग्रेस छोड़ दो।चुनाव से पहले हम दिखा देंगे कि हम क्या चीज़ हैं। जहां शिकायत करनी है कर लो, ये हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने बहालगढ़ थाना में इस धमकी को लेकर शिकायत मिली है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने जानकारी दी कि इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच कर रही है। बजरंग पूनिया और पहलवान विनेश फोगाट ने 6 सितंबर को कांग्रेस में शामिल हुए थे।

### चुनाव देखकर खोखली घोषणाएं कर रहे सोरेन : शिवराज सिंह

**रांची (झारखंड)।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव अब नजदीक है और जिस गठबंधन की सरकार ने पांच साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव आते ही वह धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं करते चले जा रहे हैं। हमने पूछा झारखंड की जनता को मिला क्या? शिवराज रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सैकड़ों वादे जो पूरे नहीं किए गए। पांच साल कोई नौकरी नहीं दी। पेपर लीक जैसी लगातार घटनाएं होती रही लेकिन अब चुनाव आ गए हैं, इसीलिए धड़ाधड़ घोषणाएं हो रही हैं। भर्तियां, सिपाही की भर्ती लेकिन ये भी नहीं देखा कि किस मौसम में भर्ती कर रहे हैं। उन्हें पता था कि भर्तियां पूरी नहीं हो पाएगी। ये भर्ती कोई नौजवानों को रोजगार देने के लिए नहीं है, बल्कि वोट के लिए भर्ती का नाटक है।

### लाखों की धनराशि उड़ाने वाले एडीओ पंचायत निलंबित

**बिजनौर।** विकासखंड नजीबाबाद और हल्दौर से प्रशासनिक मद के खाते से लाखों रुपये उड़ाने वाले एडीओ पंचायत विवेक शर्मा को निदेशक पंचायती राज ने निलंबित कर दिया है। एडीओ ने नजीबाबाद और हल्दौर ब्लॉक के एकल प्रशासनिक खाते से लाखों रुपये उड़ाए थे। निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय ने जांच के बाद नजीबाबाद ब्लॉक में कार्यरत रहे एडीओ पंचायत विवेक शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एडीओ ने नजीबाबाद ब्लॉक के प्रशासनिक मद खाते से लाखों की धनराशि 15 दिसंबर 2023 से 10 जून 2024 के मध्य कई बार में एकल हस्ताक्षर से निकाली थी। नजीबाबाद से स्थानांतरण के बाद भी एडीओ द्वारा सरकारी खाते से धनराशि निकाली गई।

### सनातन धर्म पर चोट करने वालों को जरूरी है जवाब देना

**अयोध्या।** सनातन धर्म जो पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है उस पर प्रहार करने वालों को जवाब देने के लिए उत्तर प्रदेश सहित अन्य स्थानों में होने वाले उपचुनावों में भाजपा को जीता कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हमें और अधिक ताकत देनी है। यह बात प्रदेश पर्यटन, धर्मस्य एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को अयोध्या के मिल्कीपुर स्थित विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सद्भावना सम्मेलन में कहीं। यह सद्भावना सम्मेलन इसलिए हो रहा है कि आज हमें अपने परिवार, गांव, शहर, जनपद, राज्य और अपने देश में सद्भावना चाहिए।

### सीएम योगी ने अम्बेडकर नगर में 6,778 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## आज गांव-गांव पहुंचा विकास

समृद्धि न्यूज

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद अम्बेडकर नगर में 1,231 करोड़ की 6,778 विकास परियोजनाओं के लोकार्पणध्शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्ट्स किट वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव



**सीएम ने मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्ट्स किट का किया वितरण**

के कार्यक्रम पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है और इधर अम्बेडकर नगर में करोड़ों योजनाओं की सौगात दी जा रही है। योगी ने कहा कि यह धरती कर्म साधना भक्ति साधना की धरती है किसानों की धरती है। हम सभी का वंदन अभिनंदन करता हैं। आज विकास गांव गांव पहुंच रहा है क्या यह 2017 से पहले संभव था,पहले प्रदेश में अपराधियों के समानांतर सरकार चलती थी और समाजवादी पार्टी अराजकता के साथ थी प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में माफ़ियाओं के समानांतर सरकार चलती थी, लेकिन 2017 के बाद माफ़िया भाग गए। अब सभी उत्सव सामान्य एवं खुशी से मनाए जाते है,जो अपराधी बचे है वे अपनी अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे है। ये लोग जाति के नाम पर पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देते है। पेशेवर अपराधियों से सख्ती से निपटना होंगा। एक ऐसा भारत हो जो आत्मनिर्भर भारत हो जहां हर अन्नदाता किसान को उसका हक मिले लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए दर दर भटकते न हो। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग ब्लैकमेल करते थे आज सब कुछ आसानी से मिल रहा है। उन्होंने ने कहा कि सभी पार्टियां केवल तुष्टिकरण की नीति का अपनाया।

### सीएम योगी ने सपा पर बोला हमला

योगी ने कहा कि बेटी सबकी बेटी होती है, लेकिन समाजवादी पार्टी ये कहा समझ पायेगी। समाजवादी पार्टी में जितना बड़ा माफिया होता था उसे उतना बड़ा पद दिया जाता था, लेकिन अब माफिया को गुंडा और माफिया भाग रहा है यदि उसने गलत किया तो उसका राम नाम सत्य किया जाता है। सत्ता विरासत में मिल सकती है बुद्धि भी नहीं। अराजकता पैदा कर रहे है उनका अन्नदाता किसानों से कोई लेना देना नहीं है। व्यापारी का सम्मान हो कोई लेना देना नहीं है। कोई माफिया या डकैत मुठभेड़ में मारा जाता है तो सपा के लोग चिल्लाने लगते है। ग्राहकों को गोली मार देता तो क्या समाजवादी पार्टी उनकी जान वापस कर देती उस दुकान पर कोई भी किसी भी पार्टी का ग्राहक हो सकता था। अगर डकैत हत्या करके भाग जाता तो यही लोग कहते की अराजकता फैला है और आज डकैत मुठभेड़ में मारा जाता है तो समाजवादी पार्टी के मुखिया चिल्ला रहे है। ये लोग फिर भी समाजवादी पार्टी के लोग इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं चाहते कन्नौज में इनके नेता जो कर रहे थे क्या सही था, भाइयों बहनों यही समाजवादी पार्टी की पहचान है। दबंगई के बल पर सरकारी जमीन कब्जा करते थे। मैं फिर कहता हूं कि किसी गरीब की यदि कोई माफिया जमीन कब्जा करता है तो उसे खाली कराया जायेगा, लेकिन यदि किसी ने कानून को ठेंगा दिखाने का काम करेगा तो उसे भी खत्म करने का काम होगा।

### भारत में आया मंकीपॉक्स पहला संदिग्ध मामला

**नई दिल्ली।** भारत में घातक एवं संक्रामक रोग मंकीपॉक्स का पहला संभावित मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी दी है। मंत्रालय का कहना है कि जांच जारी है और चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे युवा पुरुष रोगी की पहचान एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) के संदिग्ध मरीज के तौर पर हुई है। रोगी को एक निर्दिष्ट अस्पताल में अलग रखा गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर है। वह ऐसे देश की यात्रा करके आया है जहां मंकीपॉक्स के मामले पाए गए हैं।एमपॉक्स की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए रोगी के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मामले को स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रबंधित किया जा रहा है और संभावित स्रोतों की पहचान करने और देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए संपर्क ट्रेसिंग जारी है। मंत्रालय के अनुसार इस मामले का विकास एनसीडीसी द्वारा किए गए पहले के जोखिम मूल्यांकन के अनुरूप है किसी भी अनावश्यक चिंता का कोई कारण नहीं है। देश इस तरह के अलग-अलग यात्रा से संबंधित मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## जम्मू-कश्मीर : भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की छठी लिस्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 10 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि भाजपा ने 5 मुस्लिम चेहरों को टिकट दिया है। भाजपा ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया और मढ़ से सुरिंदर भगत को चुनावी मैदान में उतारा है।

भाजपा ने करनाह से मो. इदरीस करनाह, हंडवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन, गुरेज से फकीर मोहम्मद खान को टिकट थमाया है। इसके अलावा पार्टी ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया, कठुआ से डॉ. भरत भूषण, बिश्नाह से राजीव भगत, बाहु से विक्रम रंधावा, मढ़ से सुरिंदर भगत को अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए



पार्टी का संकल्प पत्र जारी कि्या था। उन्होंने बताया था कि अगर घाटी में हमारी सरकार बनती है, तो घर की सभी वरिष्ठ महिलाओं को 18 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह रकम श्मां सम्मान योजना के अंतर्गत दिए जाएंगे। इसके अलावा, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को दो मुफ्त सिलेंडर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही किसी की पढ़ाई में पैसों का अभाव बाधा न बने, इसके लिए हम सभी छात्राओं को प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये प्रदान करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अगर जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनती है, तो वृद्ध महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपए पेंशन के रूप में दिए जाएंगे। मौजूदा समय में घाटी में सभी वृद्ध महिलाओं को महज एक हजार रुपए ही पेंशन मिलती है।

## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस पहुंचे भारत आज पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है।

आज अबू धाबी के क्राउन प्रिंस पीएम मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। मंगलवार को वे एक



बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे। भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

### पीएम झारखंड विस चुनाव से पहले राज्य को चार वंदे भारत ट्रेनों की देंगे सौगात

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आएंगे। वे झारखंड को चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। वे संताल परगाना से शुरू होने वाली दो वंदे भारत ट्रेनों को जमशेदपुर से हरी झंडी दिखाएंगे। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री का यह दौरा अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री देवघर से बनारस और गोड्डा से रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही एक अन्य ट्रेन, जो कि बिहार के भागलपुर से चलकर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाएगी। यह ट्रेन हंसडीहा और दुमका होते हुए हावड़ा प्रस्थान करेगी। संताल परगना में गुजरने वाली तीन वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को फायदा होगा। देवघर से बनारस वंदे भारत ट्रेन के परिचालन शुरू होने से लोगों में उत्साह है।

## सीएम ने ट्रांसपोर्ट नगर हादसे के घायलों का जाना हाल

**बिल्डिंग मालिक पर मुकदमा दर्ज**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर हादसे में घायल लोगों का हालचाल लेने के लिए लोकबंधू अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मरीज और तीमारदारों से बातचीत के बाद चिकित्सकों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस घटना में आठ लोगों की जान जा चुकी है और 28 लोग घायल हैं। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम अब भी रेस्क्यू अभियान चला रही है।

सरोजनी नगर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज महेश कुमार की तहरीर पर हरमिलाप टॉवर के मालिक राकेश सिंघल पर मुकदमा दर्ज किया है।



एफआईआर में कहा गया है कि इमारत बनाने में पैसे को बचाते हुए घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। इसी किरायेदारों का आरोप है कि बिल्डिंग जर्जर होने की शिकायत के बावजूद मालिक उस पर ध्यान नहीं देता था। मानकों का उल्लंघन करते हुए कामर्शियल बिल्डिंग किराये पर देने लगा। उस पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस मामले में लखनऊ विकास प्रधिकरण ने भी अपनी छानबीन शुरू कर दी है। बगल वाली बिल्डिंग भी जर्जर होने की वजह से सील किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शनिवार की शाम को तीन मंजिला हरमिलाप नाम की इमारत ढह गई थी। इसमें कई लोगों के दबने की सूचना पर राहत बचाव के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस के फायर बिग्रेड की टीम जुटी रही।

### मुआवजे का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में इमारत ढहने की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। साथ ही केंद्र सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया के जरिए दी। पीएम मोदी ने लखनऊ हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने हादसे में जाने गंवाने वाले लोगों के परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए लिखा, प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी।

**आयोजन** — राज्य की समृद्ध विरासत और शिल्प कौशल को दर्शाने का मिलेगा अवसर

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में चमकेगा यूपी का हैंडलूम व टेक्सटाइल्स

विकास तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में उत्तर प्रदेश का हैंडलूम और टेक्सटाइल्स अपनी खास पहचान बनाएगा। इस शो में कपड़ों और ड्रेसिंग सामग्री की विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे राज्य की समृद्ध विरासत और शिल्प कौशल को दुनिया के सामने रखने का मौका मिलेगा।

इस ट्रेड शो में राज्य के वस्त्र और हथकरघा की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कृतियों को प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा, जो देश-विदेश के व्यापारियों और फैशन प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करेगा। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार और शिल्पकार अपनी कारीगरी का प्रदर्शन करेंगे, जिससे राज्य के हथकरघा और टेक्सटाइल्स को नई पहचान और बाजार मिलेगा। इस आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और वस्त्र उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे राज्य के शिल्पियों और कारीगरों को नई संभावनाओं और अवसरों का लाभ मिल सकेगा।



### खादी के परिधानों का भी होगा प्रदर्शन

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हैंडलूम्स और टेक्सटाइल्स के साथ-साथ दुनिया खादी के परिधानों की भी चमक देखेगी। भारतीय संस्कृति पर आधारित खादी के बने परिधानों का फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश समेत देश के कई नामचीन मॉडल भी हिस्सा लेंगे। यह फैशन शो 28 सितंबर (शनिवार) को आयोजित किया जाएगा। हॉल नंबर दो में शनिवार को पूरे दिन यह आयोजन चलेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के कलाकार जातीय परिधान (चिकनकारी, जीआई व अन्य) आदि से जुड़े फैशन शो में हिस्सा लेंगे।

### रोजगार का बड़ा साधन है हैंडलूम्स व टेक्सटाइल


उत्तर प्रदेश में हैंडलूम्स और टेक्सटाइल उद्योग का एक महत्वपूर्ण स्थान है। उत्तर प्रदेश देश का तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल प्रोड्यूसर है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख भूमिका निभाता है और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करता है। यहां के प्रमुख हैंडलूम्स और टेक्सटाइल उत्पादों में बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी और भदोही के कालीन शामिल हैं। वाराणसी की बनारसी साड़ियां अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और जटिल डिजाइनों के लिए प्रसिद्ध हैं। ये साड़ियां देश-विदेश में बहुत लोकप्रिय हैं। वहीं, लखनऊ की चिकनकारी एक पारंपरिक कढ़ाई कला है, जो कपड़ों पर की जाती है। यह कला सैकड़ों साल पुरानी है और आज भी बहुत लोकप्रिय है। इसके साथ ही, भदोही के कालीन अपनी गुणवत्ता और डिजाइन के लिए जाने जाते हैं। यहां के कालीन निर्यात भी किए जाते हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी बड़ी मांग है। उत्तर प्रदेश सरकार भी इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है, जिससे इस क्षेत्र में और अधिक विकास हो सके।

## कहार जाति को एससी-एसटी में शामिल करने की मांग, याचिका दाखिल

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** देश में जातीय जनगणना को लेकर छिड़े सियासी कोहराम के बीच यूपी में डोली उठाने, पानी भरने और सिंघाड़े की खेती करने वाले कहार समुदाय के लोग ओबीसी सूची से बाहर होना चाहते हैं। इस मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। हाईकोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने दिया है।

गोरखपुर के धूरिया जनजाति सेवा संस्थान के अध्यक्ष राम अवध गोंड की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि कहार कोई जाति नहीं, बल्कि पेशा है। तकरीबन दर्जन भर



जातियों और जनजातियों के लोग कहार का काम परंपरागत तौर पर करते आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें ओबीसी सूची से हटाकर एससी-एसटी सूची में जगह दी जाए। याचिका में कहा गया है कि कहार समुदाय को यूपी में केंद्र और राज्य सरकार दोनों की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में रखा गया है। उन्हें यह दर्जा अंग्रेजों के राज में 1881 से ही दिया गया है। याची ने कहा कि कहार कोई जाति नहीं है बल्कि पेशेगत काम करने वालों का समूह है। कहार समुदाय के लोग डोली उठाने, पानी भरने, सिंघाड़े की खेती और मछली पालन का काम करते हैं।

# मिड लाइफ अस्पताल के दो डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**


लखीमपुर खीरी के ग्राम सिकटिया निवासी रौनक अली ने मिड लाइफ अस्पताल के दो डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज कराया है कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

आरोप है अस्पताल के डॉक्टर खालिद व आरिफ ने इलाज के नाम पर ?70000 लिए आगे इलाज करने में असमर्थता जताई तो मार पीट पर उतारू हो गए। रौनक अली ने बताया कि उसके पुत्र मोहम्मद फैज को साधारण बुखार था बीती 12 अक्टूबर 2023 को उसे डीसी रोड स्थित मिड लाइफ अस्पताल दिखाया था आरोप है कि चिकित्सको ने कितने रुपए ऐंठने की नीयत से उनकी खून की जांच अल्ट्रासाउंड सिटी स्कैन सहित कई जांचे कराई। इसके बाद पुत्र की गलत रिपोर्ट बनाकर उसके गुर्दे में खराबी होने की बात कहते हुए इलाज किया तीन दिनों में चिकित्सकों ने रु. 70000 ले लिया इलाज के एक सप्ताह और चलने की बात कहते हुए और रुपए मांगे।

इलाज करने में असमर्थता जताते हुए जब रौनक ने चिकित्सकों से बात की तो गालियां देते हुए डॉक्टर ने रौनक के साथ मारपीट की और थप्पड़ जड़ दीए। इसके बाद पीड़ित ने अपने बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर महज तीन दिनों के इलाज में ही बच्चा सही हो गया था इसके बाद रौनक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की जाने की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए यहां शुरू कर दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी लापता

**लखीमपुरखीरी, समृद्धि न्यूज।**



घर से निकला दवा व्यवसायी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है जिसकी तलाश परिजनों द्वारा की जा रही है। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला गोटैयाबाग निवासी प्रखर श्रीवास्तव उम्र 27 वर्ष जो दिनांक 07 सितंबर 24 से लापता हो गये है, प्रखर श्रीवास्तव के पिता आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि सुबह करीब 9:30 बजे घर से निकले थे तब से कोई जानकारी नहीं मिल रही है। गायब हुए व्यक्ति की तलाश में परिवार के सदस्य भटक रहे हैं और कहीं सुराग नहीं मिल रहा है।

# ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- पत्नी सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों पर हत्या का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने पत्नी सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।वही नगर विकास राज्य मंत्री के प्रतिनिधि भाजपा नेता धर्मेंद्र राठौर धनंजय मोदी के प्रयास से लहरपुर कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा कर परिजनों को समझा बुझाकर अंतिम संस्कार करवा दिया है।

मृतक जनपद लखीमपुर खीरी के थाना नीमगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैला के मजरा द्वारकानगर का रहने वाला था। मृतक शेर सिंह पुत्र कल्लू उर्फ मैकू अपनी पत्नी को विदा कराने 21 अगस्त 2024 जिला सीतापुर के थाना लहरपुर क्षेत्र के गांव खपूरा अपनी ससुराल गया हुआ था जहां दिनांक 07 सितंबर 2024 को शेर सिंह पुत्र कल्लू उर्फ मैकू का शव संदिग्ध अवस्था में ससुरालीजनो के मकान के पीछे पाया गया जिसकी सूचना रिश्तेदारों के द्वारा शेर सिंह के परिजनों को दी गई परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजन जब तक घटनास्थल पहुंचते तब तक मृतक शेर सिंह के ससुराल वाले व पत्नी ने मिलकर पंचनामा भरवा कर शव मोर्चरी हाउस सीतापुर भिजवा दिया जब परिजन मौके पर पहुंचे तो परिजनों को घटनास्थल पर शव नहीं मिला वहीं जब परिजनों ने जानकारी की तो पता चला कि शव मोर्चरी हाउस जिला सीतापुर में रखवा दिया गया है तब परिवारीजन मोर्चरी हाउस सीतापुर पहुंचे और वहां से शव लेकर अपने गांव द्वारका नगर थाना नीमगांव आ गये शव गांव में पहुंचते ही चीख पुकार मच गई देखने वालों के दिल दहल गया।

मृतक शेर सिंह के माता पिता का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई है और इस हत्या में ससुराल पक्ष के पत्नी सहित अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं वहीं मृतक अपने माता-पिता का अकेला पुत्र था अब उन बुजुर्ग माता-पिता को देखने व सहारा देने वाला कोई नहीं है वहीं आक्रोर्षित परिजन व ग्राम वासियों का कहना है कि जब तक आरोपियों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जाता तब तक हम मृतक शेर सिंह का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे तब तक इसकी सूचना थाना नीमगांव एस एच ओ सुनीता कुशवाहा को मिली।सूचना मिलते ही थाना नीमगांव पुलिस मौके पर मौजूद वही जब इसकी सूचना नगर विकास राज्य मंत्री के प्रतिनिधि भाजपा नेता धर्मेंद्र राठौर धनंजय मोदी जी को मिली तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर परिवारजनों आश्वासन दिया कि अपराधियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई कराई जाएगी और तुरंत थाना लहरपुर जनपद सीतापुर पहुंचकर आरोपियों के ऊपर एफ आई आर दर्ज करवाया और परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए समझाया तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए और मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

## खबरें एक नजर में

### सर्राफा व्यवसाई के साथ तमंचा दिखाकर की गई मारपीट

**नीमगांव खीरी, समृद्धि न्यूज।** नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम कस्बे के सर्राफा व्यवसाई को चार पांच लोगों ने घर से बुलाने के बाद गाड़ी में बैठाया और कस्बे से बाहर ले जाकर तमंचे दिखाते हुए की जमकर मारपीट। इस मामले की सूचना पीड़ित व्यापारी ने चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता को देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार कस्बे के राहुल रस्तोगी पुत्र प्राणनाथ रस्तोगी ने बताया कि शनिवार को सुबह अपने घर पर ही था तभी उसके दूर के रिश्तेदार अमीरनगर थाना मोहम्मदी खीरी निवासी रजत रस्तोगी अपने पिता पप्पू के साथ घर के बाहर आकर हमारे मोबाइल पर फोन किया कि मैं तुमसे मिलना चाहता हूं तब मैं घर से आया और उन्होंने बात करने के लिए हमें अपनी कार में बिठा लिया और कस्बे से बाहर जाकर ईंट भट्ठे के पास जाकर अपने चार पांच अग्यात साथियों के साथ तमंचे दिखाते हुए जान से मार देने की धमकी दी और जमकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिसकी तहरीर कोतवाली नींमगांव प्रभारी को देकर अपनी जान माल की हिफाजत के लिए गुहार लगाई है।

### दो चचेरे भाईयों के साथ मासूम नदी में डूबी, ग्रामीणों ने दो को बचाया, बालिका की तलाश जारी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के सरसई गांव निवासी मैहरदीप पासवान ने बताया कि बुधवार को मां प्रेमरानी का निधन हो गया था। मां की अस्थियां विसर्जन करने के लिए रविवार को बच्चों और परिवार सहित चिकासी थाने के इछौरा गांव किनारे बह रही बेतवा नदी गए थे। अस्थियां विसर्जन के दौरान पानी के बहाव में उसकी 11 वर्षीय पुत्री नीशु और भाई श्रीचंद्र के पुत्र 18 वर्षीय अनुज व 12 वर्षीय सचिन बहने लगे। अनुज व सचिन को पानी में बहने से बचा लिया। जबकि नीशु पानी में बह गई। मासूम के पानी में बहने की जानकारी होने पर गांव के लोग नदी घाट पर आ गए। स्वजनों ने नदी किनारे नीशु की कई घंटे तलाश की गई। लेकिन वह नहीं मिली। मेहरदीप ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर ड्राइविंग करता है। निशु दिल्ली में कक्षा 5 की छात्रा है। मां के निधन पर वह गुरुवार को घर आया था। मौके पर सूचना पर पुलिस पहुंच गई है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि मौके पर गोताखोर आ गए हैं। बालिका की तलाश की जा रही है।

### हाथों में डंडा लिए भेड़िया खोज रहे लोग, दहशत में ग्रामीण

**बस्ती, समृद्धि न्यूज।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में लोग हाथों में डंडा लिए भेड़िए को खोज रहे हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी एक्टिव हो गए और उन्होंने भी सर्च अभियान चला हुआ है। उक्त थाना क्षेत्र के ऐंठी मेढौआ गांव का वायरल वीडियो बताया जा रहा है, इसमें एक व्यक्ति अपने मोबाइल कैमरे से गन्ने की खेत की तरफजा रहे कुछ भेड़ियों की तरह दिखने वाले जानवरों का वीडियो बना रहा है, वीडियो बनाते समय वह इन जानवरों को भेड़िया होने का दावा भी कर रहा है। यह वीडियो रविवार को वायरल होने के बाद गांव के लोग हरकत में आ गए, वन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस ने भेड़िया होने की सूचना पर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन भेड़ियों का सुराग नहीं लग सका, बताया जा रहा है कि गांव के बगल से बहने वाली मनोरमा नदी के जंगल में भेड़ियों का ठिकाना है। गांव में भेड़िया होने जानकारी होने के बाद से ग्रामीण दहशत में है और अब वे इनसें निपटने के इंतजाम में जुए हुए हैं, बताया जा रहा है करीब दो वर्ष पूर्व कप्तानगंज क्षेत्र के कई इलाकों में भेड़ियों का आतंक था, लेकिन वन विभाग की टीम इन्हें पकड़ पाने में नाकाम साबित रही थी। ग्रामीण अपने जानवरों को लेकर काफी चिंतित हैं। कप्तानगंज के रेंजर राजू प्रसाद ने कहा कि भेड़िए दिखने की सूचना रात में मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर गई थी, दिन में भेड़ियों को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई है।

# एसपी के निर्देश पर भीरा पुलिस ने चार आरोपितों को दबोचा

- मोबाइल, बाइक सहित हजारों की नगदी बरामद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

गोला गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र अंतर्गत भीरा पुलिस टीम ने छिनौती, लूट व चोरी की घटनाओं में लिप्त चार आरोपितों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से चार मोबाइल, एक बाइक सहित हजारों रुपये की नगदी व एक अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा।



पुलिस अधीक्षक गणेश साहा के निर्देशों के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला की अगुआई में भीरा पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की मुहिम चलाई। जिसके चलते मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भीरा नहर पुलिया से आगे महेशापुर की ओर वृहद ग्राम भीरा के समीप मोर्चाबंदी कर धर दबोचा। आरोपित अभिषेक 22 पुत्र महेश, अभिनंदन पुत्र विजयपाल 23 निवासी भैठिया थाना गोला, छत्रपाल 23 पुत्र नत्थूलाल निवासी ग्राम पडरिया तिलकापुर, विकास 20 पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम भैठिया थाना गोला के कब्जे से पुलिस ने चार मोबाइल, एक बाइक सहित एक दुकान से चोरी किए गए हजारों रुपये व असलहा, कारतूस की बरामदगी की।

भीरा थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया। कि आरोपितों के विरुद्ध जनपद के कई थानों में विभिन्न धाराओं सहित वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में भी अपराधिक मामले दर्ज है। काफी समय से आरोपितों की सुरागरसी की जा रही थी। जिन्हें दबोचकर बरामदगी कर चार आरोपितों को न्यायालय भेजा गया। पुलिस टीम में एसआई संदीव यादव, मोहम्मद जुबैर अहमद, सिपाही चंद्रमोहन त्यागी, मुलायम यादव, रजत कुमार, विशाल कुमार, सत्यम शर्मा शामिल रहे।



### पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मितौली में गुप्ता कॉलोनी स्थित रिद्धि सिद्धि ज्ञान सुध्धी बुद्धि प्रथम पूजनीय श्रीगणेश भगवान की मूर्ति की स्थापना पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से अमित गुप्त, आदित्य गुप्ता के निवास पर संपन्न हुई। आचार्य राम जी पांडे के द्वारा मंत्तो उच्चारण के साथ भगवान श्रीगणेश की मूर्ति स्थापना धूमधाम के साथ संपन्न हुई। गांव और क्षेत्र के लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना में सपरिवार शामिल हुए और लोगों ने गणपति बप्पा मोर्या के उद्घोष के साथ भक्तों ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर आदित्य गुप्ता, गीता, गौरव, सचिन, सोनी, राहुल, अशू कनौजिया, कंचन, उर्मिला, सुमन, नयन, मानसी, स्वाती, प्रज्ञा, लता जायसवाल, संतोष गुप्त, विनीत, शिवम, शालू, मिन्नी, अमन सुधाकर, गोलू जैसवाल, पूजा, कान्हा, राधिका, प्रेम जैसवाल, अमित गुप्ता, निधि गुप्ता, आरती गुड्डन, सहित माताएं बहने कस्बा व क्षेत्र के गडमान्य नागरिक माताएं बहने मौजूद रहीं।

# भूतपूर्व सैनिकों ने मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर की चर्चा



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन अकरम खान ने की। जबकि संचालन गजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आए निरंजन कुमार का भव्य स्वागत किया गया। भूतपूर्व सैनिकों को बैंक संबंधी कार्यो, पेंशन संबंधी समस्याओं आदि के संबंध में चर्चा की गई। राजेश्वर सिंह ने सामाजिक कार्यो व समाज सेवा के लिए पूर्व सैनिकों को प्रेरित किया। श्री कृष्ण गोपाल त्रिवेद्वी ने संगठन की कार्यशैली को और प्रभावी बनाने व संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। बैठक में वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रेम कुमार, देव प्रकाश, हरपाल सिंह, जगदेव सिंह, लखबीर सिंह, सेवाराम, रामरहीश मिश्रा, कुतुबुददीन, नारायणलाल, रघुनंदन प्रसाद, प्रमोद सिंह, राकेश कुमार, सेवाराम सहित कई भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### बाघ को रेस्क्यू करने के लिए कराई गई क्षेत्र की कॉम्बिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत वन क्षेत्र से बाहर विचरण कर रहे बाघ को रेस्क्यू करने हेतु क्षेत्र की कॉम्बिंग करायी गयी। कॉम्बिंग के दौरान ग्राम सभा बघमरा और काजरकोरी के कृषि क्षेत्र में बाघ के पगमार्क पाये गये। पागमार्क देखे जाने की दशा में सर्वप्रथम ग्रामवसियों को सर्तक किया गया। उन्हे प्रभावित क्षेत्र में समूह में जाने की सलाह दी गयी। ग्राम में गोष्ठी आयोजित कर वन्यजीव के स्वभाव से परिचित कराते हुये सुरक्षा के उपाय बताये गये। उपरोक्त क्षेत्र भी गन्ने से आच्छादित है। टीम द्वारा क्षेत्र की सघन तलाषी की गयी। वन कर्मियों की टीमें उपरोक्त से साथ ग्राम इमलिया, घरथनियां, मूड़ाजवाहर, मूड़ा अस्सी, बांसगांव के अन्तर्गत क्षेत्रों की सतत् निगरानी कर रही हैं। दक्ष गंगवार पशु चिकित्साधिकारी पीलीभीत टाईगर रिजर्व के साथ वनकर्मी बाघ को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रहे हैं। सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी कैमरा ट्रैप एवं ड्रोन से भी करायी जा रही है।

# पडरिया तुला व्यापार मंडल का गठन

## रामजीत सिंह अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता बने महामंत्री

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कस्बे के ठाकुर जी मंदिर पर स्थानीय व्यापारियों की एक बैठक रविवार सुबह 11 बजे आहूत की गई।

इस बैठक में पडरिया तुला व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमे सभी व्यापारियों की सहमति से डीएस मोटर्स के मालिक रामजीत सिंह को सर्वसम्मति से पडरिया व्यापार मंडल का प्रथम अध्यक्ष घोषित किया गया। जबकि व्यापारी दिनेश गुप्ता को महामंत्री व वरिष्ठ पत्रकार व व्यापारी रामनिवास मिश्र को व्यापार मंडल का संरक्षक घोषित किया गया। इस मौके पर पडरिया तुला व्यापार मंडल के संरक्षक रामनिवास मिश्र ने कहा कि पूरे कस्बे में व्यापारियों को एक मंच




पर लाकर यह एकीकरण व्यापारियों को उनकी खोई पहचान वापस दिलाने का काम करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल किसी राजनीतिक व्यक्ति और पार्टी के नियंत्रण से बाहर होगा। साथ ही यह व्यापार मंडल पूरे कस्बे के व्यापारियों की आवाज बनेगा। उन्होंने कहा कि पडरिया तुला में व्यापारियों को अपने निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जाता है, अब यह बंद कराया जाएगा। साथ ही पुलिस मण्डल व व्यापार मंडल में से किसी एक को ही चुना जाएगा जो पत्रकार पर छोड़कर सभी व्यापारियों पर लागू होगा।

बताते चले पडरिया पुलिस ने अभी हाल ही में एक व्यापारी को मोबाइल बनवाने के नाम पर घर से लाकर उसे दुकान से ही गिरफ्तार कर लिया था। फिर उससे कुछ रुपयों की मांग की गई। जब व्यापारी ने पैसे देने से मना किया तो उसे मोबाईल छीनोती जैसे अपराध में अन्य स्थान से गिरफ्तारी दिखाते हुए जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद सभी व्यापारी नाराज थे और पीड़ित व्यापारी के भाई के आवाहन पर पडरिया तुला व्यापार मंडल गठन की मांग की गई थी। जिसे रविवार को स्थानीय ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में गठन कर लिया गया।

# पंचायत सचिव के उत्पीड़न से तंग मजदूरों ने तहसील दिवस में लगाई न्याय की गुहार

- मजदूरों का पैसा दूसरों के नाम पर निकालने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पलिया तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान विकास खण्ड पलिया के ग्राम विकास अधिकारी धीरेन्द्र मौर्या व बड़ागाँव प्रधान जेबा से संबंधित शिकायत लेकर पहुँचे मजदूरों ने तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मजदूरों के द्वारा अतरिया व बडागांव में मजदूरी का काम किया था, जिसमें ग्रामपंचायत बडागांव में पंचायत घर निर्माण कार्य एवं अतरिया में लालाराम के घर से सीसी रोड तक इंटरलाकिंग व निर्माण कार्य पर मजदूरी की गई है। उक्त कार्य का बकाया पैसा मांगने पर विपक्षीगण मजदूरों का शोषण कर रहे हैं।

शिकायती पत्र में मजदूरों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुये कहा कि वास्तविक मजदूरों के स्थान पर फर्जी मजदूरों के नाम पर मजदूरी का पैसा निकाल लिया गया है। बाढ़ व बेरोजगारी की मार झेल रहे मजदूरों ने अपनी शिकायत के समर्थन में कार्यस्थल पर श्रमिक कार्य करने के दौरान की तमाम फ़ोटो एवं सम्बन्धित मस्टरोल की फ़ोटो कॉपी दिखलाते हुये विपक्षियों पर धोखाधड़ी आदि की गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाने एवं अपनी मजदूरी दिलवाने की मांग की गई है।

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र मौर्य ने बताया कि उक्त कार्य उन्हें दूसरे पंचायत सचिवों वीरेश कुमार एवं भाष्कर रॉय

से चार्ज में मिला था जिस पर ग्राम प्रधान पति के बताने के अनुसार भुगतान मेरे द्वारा किया गया है, असली व फर्जी लेबर की जानकारी से उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की है।

# जातीय चश्मे से बाहर विश्वकर्मा समाज को देखें सीएम : धर्मराज

- वैदिक परंपरा के अनुरूप मनाई जायेगी सृष्टि कर्ता भगवान विश्वकर्मा की जयंती
- कठौव्वा दोनक्ा स्थिति भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा के तत्वाधान में आगामी भगवान विश्वकर्मा के जयंती को लेकर तैयारी बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता मंदिर के प्रबंधक धर्मराज विश्वकर्मा एडवोकेट एवं संचालन विपिन विश्वकर्मा ने किया। नगर के कठौव्वा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए धनराज विश्वकर्मा ने कहा की सृष्टि के निर्माण करता भगवान विश्वकर्मा ने ही सर्वप्रथम स्वर्ग लोक की रचना की तत्पश्चात लंका तथा द्वारिका आदि अनेक पुरियो का निर्माण देवलोक के दृश्य शिल्पी विश्वकर्मा भगवान ने ही किया पुरूरवा के राज्य में जब द्वादश वर्षीय यज्ञ हुआ था तब वहां यज्ञशाला का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था भगवान विश्वकर्मा ने काशी जी में स्वयं एक शिवलिंग भी स्थापित किया था दुर्गा सप्तशती के दूसरे अध्याय में वर्णन है कि विश्वकर्मा ने अन्य देवताओं के समान भगवती दुर्गा देवी को स्वनिर्मित अनेक भूषण एवं फरसा आदि शस्त्र भी प्रदान किया था ब्रह्मात्मज वास्तुदेव के पुत्र विश्वकर्मा भगवान की आगामी 17 सितम्बर को वैदिक परंपरा के अनुसार जयंती मनाई जाएगी। भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन सर्वप्रथम पंचोपचार तत्पश्चात पंचगव्य एवं दुग्ध अभिषेक एवं सहस्त्रनाम पाठ के साथ सभी विश्वकर्मा वंशीय ब्राह्मणो के द्वारा यज्ञ आहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसकी योजना रचना तैयार कर ली गई है सभी पदाधिकारीयो एवं मंदिर प्रबंध समिति से जुड़े हुए व्यक्तियो को जिम्मेदारियां दे दी गई हैं। धर्मराज विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा लगातार विश्वकर्मा वंशीय ब्राह्मणो का लगातार शोषण किया जा रहा है उनके अधिकारों को छीना जा रहा है जिलेवार विश्वकर्मा वंशीय ब्राह्मण को प्रताड़ित करने उनका उत्पीड़न करने में प्रदेश सरकार के बेलगाम अधिकारियों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है विश्वकर्मा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए एडवोकेट धर्मराज ने कहा की अजय सिंह बिष्ट को जो कि कहने को तो योगी हैं लेकिन कार्य केवल सजातीय लोगों एवं एक जाति के लिए कर रहे हैं उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो की समरसता की बात करता है का माखौल उड़ाने का काम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद ही कर रहे हैं जनता तो जनता उनके विधायक सांसदों की भी कोई सुनवाई नहीं है उत्तर प्रदेश की अफसर शाही लोकतंत्र के ऊपर हावी है।इसी क्रम में उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर त्रिलोकी विश्वकर्मा ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा विश्वकर्मा सम्मान योजना विश्वकर्मा वंशीय ब्राह्मण के साथ छलावा है प्रदेश सरकार के जिला उघोग कार्यालय पर विश्वकर्मा सम्मान योजना के माध्यम से केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है इस योजना से विश्वकर्मा समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई लाभ पहुंचाने वाला नहीं है प्रदेश के मुख्यमंत्री अजय सिंह बिष्ट केवल अपनी ही जाति के लोगों को प्रमोट करने में लगे हैं।इस अवसर पर रामसमुझ विश्वकर्मा, कृपा राम विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, केसरी विश्वकर्मा, सी एल विश्वकर्मा सहित सैकड़ों विश्वकर्मा वशींय ब्राह्मण बैठक में उपस्थित रहे।

# बज्म फरोग-ए-अदब ने आयोजित किया नातिया तरही मुशायरा

- ...दोनों जहां के मालिक मुख्तार आप हैं

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बज्म फरोग-ए-अदब की जानिब से मदरसा सुल्ताने हिंद में तरही नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें बज्म द्वारा दिए गए - दोनो जहां के मालिकों मुख्तार आप हैं मिसरे पर शायरों ने अपने कलाम पेश किए।नशिस्त की सदारत उस्ताद शायर इक़बाल अकरम वारसी ने किया और निजामत कारी अख्तर रज़ा बरकाती ने की। इस मौके पर शेयरों को सम्मानित भी किया गया।

मदरसा सुल्ताने हिंद शेखसराएं में मुनक्कीत मुशायरे में बज्म के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि पुरखों की विरासत को संभालना हमारी जिम्मेदारी है, वर्षों पहले कस्बा खीरी में अदब नवाज लोगों द्वारा इस नाम से कस्बे में अदब की महफिलें सजाते थे। वर्ष 2006 में बज्म द्वारा कस्बा खीरी में ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित किया गया था। बज्म के सेक्रेटरी डॉक्टर एहराज अरमान ने बताया कि यह सिलसिला इसी तरह से जारी रहेगा और महीने के पहले शनिचर की शाम को एक मुशायरा का आयोजन किया जाएगा जिसमें जो भी शायर या शायरा आना चाहे वह अपने कलाम के साथ आ सकता है ।



तरही मुशायरे की सदारत कर रहे उस्ताद शायर इक़बाल ने कहा -
कोई नहीं है आप के जैसा जहान में,
रोशन ज़मीर साहिबे किरदार आप हैं।
डॉ अखलाक अहमद अखलाक ने कहा -
तखलीके कायनात का किरदार आप हैं,
यानी हमारे होने का आधार आप हैं।
उमर हनीफ ने कहा -
अल्लाह ने वो आपको बख्शा है मर्तबा,
सब नबियों के रसूलों के सरदार आप हैं।
इलियास चिश्ती ने कहा - शामिल अगर हयात में इश्के नबी नहीं,
मकसद नहीं हयात का बेकार आप हैं।
एहराज अरमान ने कहा - सर पर हमारे छाई है रहमत की बदलियां,
रहमो करम की हम पे बौछार आप है।
नफीस वारसी ने कहा - दिल के हरेक गोशे में गुलज़ार आप हैं,
सौ बार मैंने देखा है, सौ बार आप हैं।

इस के अलावा बशर हरगामी, सैफ उवैसी, रिजवान मारूफ समेत बहुत से शायरों ने कलाम पेश किए। इसके अलावा अय्यूब गौरी, नाजिम लखीमपुर, अलऔसाफ, मोहम्मद अहमद नेता समेत सैकड़ों लोग मोजूद रहे।

आखिर में सलातो सलाम पेश किया गया। अक्तूबर के पहले शनिवार को होने वाले तरही मुशायरा का मिसरा है वो अगर पास न आते तो मोहब्बत नहीं होती

# किसानों की कोई सुनने वाला नहीं, फसल नष्ट होने से किसानों के सामने निवाला तोड़ने की समस्या

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

करहिया गांव के ग्रामीणों ने अन्ना पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने का वीडियों वायरल कर पशु चिकित्सा विभाग की हकीकत सामने लाये है। इन पशुओं के पीछे चरवाहा भी नही है यही नही प्रशासन ने साफ कहाहै कि सभी पशुओं को गौशालाओं में रखा जाये मगर उसका कोई असर नही हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक खेतों में अन्ना घूम रहे गो वंशों की वीडियो फोटो सोशल मीडिया की सुर्खियां बनी रहीं।जिसमें किसानों के खेतों में अन्ना जानवर बिना चरवाहों की मौजूदगी में



फसल चट कर रहे हैं तथा अन्ना जानवरों को संरक्षित करने का कोई उपाय नहीं किया गया है। करहिया गांव के किसान मइयादीन कुशवाहा देवी सिंह राधे कुशवाहा शंकरलाल अनुरागी रामप्रकाश प्रजापति समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान से गायों को संरक्षित करने की बात कही है लेकिन ग्राम प्रधान बात सुनने के बावजूद भी टाल मटोल कर गायों को संरक्षित करने से परहेज कर रही हैं और गांव में घूम रहे अन्ना जानवर दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में उनकी फसलों को चट कर रहे हैं। जिससे आने वाले समय में कई किसानों को एक एक दाने को लाले पड़ जायेंगे। इस बात को लेकर किसान चिंतित है मगर प्रशासन के कानों में जू नही रेग रही है। हालांकि इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो ग्राम प्रधान ने फोन नही रिसीव किया. पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि अभी तक करहिया गांव में एक भी जानवर की डिमांड नहीं लगी है परन्तु गौवंश संरक्षण की जानकारी की जा रही है।

# मनरेगा की निगरानी को एरिया ऑफिसर एप का हो रहा उपयोग

▸ निरीक्षण से मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार पर जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है।

एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी द्वारा जांच,भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता की कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। इस वर्ष प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। प्रदेश में अब तक निर्धारित लक्ष्य 74,610 को पार करते हुए 83,586 निरीक्षण किये गये हैं। ग्राम्य विकास विभाग की बहुआयामी योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों के वार्षिक रख-रखाव पर 43 करोड़ खर्च करेगा यूपीसीडा

▸ अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत प्राधिकरण ने की नई पहल की शुरूआत

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/कानपुर।** अपने औद्योगिक क्षेत्रों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत एक नई पहल की शुरुआत की है।

यूपीसीडा ने राज्य भर के 34 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध प्रस्तावित किया है, जिसका अनुमानित वार्षिक खर्च 2024-2025 के लिए 43 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में यूपीसीडा, प्रदेश के 55 जिलों में 156 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन और देखरेख कर रहा है। हाल के वर्षों में, 34 औद्योगिक क्षेत्रों की जिम्मेदारी शहरी स्थानीय निकायों को सौंपी गई थी लेकिन संसाधनों की कमी के चलते इन क्षेत्रों का रखरखाव पूरी तरह से नहीं हो सका। इस चुनौती से निपटने के लिए प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है। यूपीसीडा ने जीआईएस आधारित ऑनलाइन निगरानी व बिलिंग प्रणाली विकसित करने के लिए एनआईसी के साथ साझेदारी की है। यूपीसीडा वन मैप पोर्टल के साथ एकीकृत यह प्रणाली अनुरक्षण कार्यों की रीयल टाइम ट्रैकिंग करने में सक्षम होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही, यूपीसीडा ने आवंटियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किए जाने के लिए यूपीसीडा मुख्यालय, कानपूर में एक नागरिक सुविधा केंद्र की स्थापना की है।

### 43 अनुबंध को दिया अंतिम रूप

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि प्राधिकरण ने सिविल कार्यों के लिए 43 अनुबंध को अंतिम रूप दिया है, जिनसे यूपीसीडा 24×7 कार्य करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करेगा। रखरखाव गतिविधियों में उन्नत साइनेज और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बेंच की स्थापना, प्रदूषण निगरानी और पब्लिक अड्रेस सिस्टम, ट्रैफिक लाइट, हरियाली रखरखाव और कचरा प्रबंधन शामिल है। 31,753 स्ट्रीट लाइट्स और 565 हाई मास्ट का रखरखाव भी किया जाएगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में लगाए क्यूआर कोड

नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए यूपीसीडा ने सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के अनुरक्षण अनुबंधों से संबंधित शिकायतों और फीडबैक पर नज़र रखने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में क्यूआर कोड लगाए हैं। ये क्यूआर कोड शिकायतों को दर्ज करने के लिए आवंटियों को सीधी पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे त्वरित समाधान और बेहतर संतुष्टि सुनिश्चित होती है। क्यूआर कोड के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों को मुख्यालय स्तर पर ट्रैक किया जाता है, जिससे कुशल प्रबंधन और शिकायतों के सक्रिय समाधान की सुविधा मिलती है।

### यूपीसीडा की प्राथमिकता

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वित्त वर्ष 2024–25 में यूपीसीडा 39.94 करोड़ रुपये के 45 व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध 58 औद्योगिक क्षेत्रों में लागू कर रहा है। इनमें नाली सफाई, जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में सामूहिक रूप से लगभग 920 किमी जल निकासी नेटवर्क और लगभग 450 किमी सड़कें हैं। छह प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जल निकासी बुनियादी ढांचे का उन्नयन चल रहा है, जिसमें लगभग 437 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। अटल औद्योगिक अवसंरचना योजना के चरण 3 में जल निकासी उन्नयन और बाढ़ प्रबंधन के लिए 303 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### मलेशियाई कोच ने यूपी के कराटे खिलाड़ियों के हुनर को सराहा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हो गया। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर, लखनऊ में आयोजित इस शिविर में दूसरे दिन मलेशियाई कोच सेंसेई उमा ने ट्रेनिंग देने के बाद खिलाड़ियों को कुमिते (फाइट) के दौरान होने वाले मानसिक दबाव का सामना करने के बारे में टिप्स दी। उन्होंने इसके साथ ही काता काम्बिनेशन में फोकस कैसे बेहतर करें, इसके बारे में बताया और प्रतिभागी खिलाड़ियों के हौसले व हुनर को सराहा। विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद राजू गांधी व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय बंसल ने किया व प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि राजू गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि इस शिविर से ट्रेनिंग लेने के बाद उत्तर प्रदेश के ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास हैं। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने बताया कि इस शिविर में उत्तर प्रदेश के 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपनी तकनीक को निखारा।

### बजाज शोरूम में लगी भीषण आग, की जांच शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ठाकुरगंज क्षेत्र के हरदोई रोड स्थित जेपीएस बजाज शोरूम में भीषण आग लग गई। मौके पर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### बारिश से उमस से राहत, गोमती नगर-चौक में जलभराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। गोमती नगर इंदिरा नगर, कृष्णा नगर, हजरतगंज समेत कई इलाकों में गरज–चमक के साथ बरसात हो रही है। आसमान में काले बादल छाए हैं। तेज हवाएं भी चल रही हैं। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। आज सुबह से ही तेज धूप थी। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है। करीब 30 मिनट की ही बारिश में गोमती नगर और चौक इलाके में जलभराव हो गया। लोगों को सड़क पार करने के लिए पानी में उतरना पड़ा। रविवार की बारिश में लोग सड़कों पर भीगते दिखे। रविवार होने की वजह से शहरी इलाकों में भीड़ ज्यादा दिखी। लेकिन बरसात हो जाने से लोग मौसम का लुत्फलेते दिखे।

### एफआईआर के लिए क्या बीजेपी मुख्यालय जाना पड़ेगा : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अब क्या पुलिसवालों को एफआईआर लिखवाने बीजेपी के मुख्यालय जाना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए सरकार को घेरते हुए कहा कि, पुलिस का भाजपाइयों ने किया अपहरण। अखिलेश यादव ने चंदौली की एक वीडियो को शेयर किया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि, कुछ लोग एक व्यक्ति को फॉर्च्यूनर में बैठाते दिख रहे हैं। फॉर्च्यूनर पर भाजपा का झंडा लगा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो, बिजली निगम के विजिलेंसकर्मियों को भाजपा नेताओं ने पीटते हुए जबरन वाहन में बैठाया था। अखिलेश यादव ने इस वीडियो को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि, भाजपा सरकार का पुलिस के प्रति जीरो टालरेंस का कारनामा पुलिस का भाजपाइयों ने किया अपहरण। अब क्या पुलिसवालों को एफआईआर लिखवाने भाजपा के मुख्यालय जाना पड़ेगा। बस यही दिन देखना बाकी था।

### नाली में बही बच्ची की लाश चार दिन बाद मिली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र के नाली में बही छह साल की बच्ची की लाश रविवार को गोमती बैराज के पास जलकुम्भी में फंसी मिली। स्थानीय लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाकर मृतक बच्ची की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वजीरगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले इरफान की छह साल की बच्ची नसरा चार अगस्त को बारिश होने पर घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेलने गई थी। खेलने के दौरान सीढ़ियों के नीचे बनी नाली में गिर गई। अन्य बच्चों की जानकारी पर बच्ची को बचाने पहुंचे परिजन और आस पड़ोस को नसरा नहीं मिली। लोगों ने आशंका जताया कि पानी के बहाव के चलते बेटी नाली से जुड़े नाले में बह गई है। जानकारी पर पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम पहुंचकर बच्ची की तलाश में जुटी। दो दिन तक की गई खोजबीन के बावजूद बच्ची का कहीं कुछ पता नहीं चल सका था।

### भारत-बांग्लादेश सीरीज रद्द करने की मांग को लेकर विरोध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने आज जीपीओ हजरतगंज में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां हिन्दुओं के साथ हुये अत्याचार व हिन्दू धार्मिक स्थलों में हुयी तोड़फोड़ के बावजूद भारत में होने जा रही आगामी भारत–बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट व टी20 सीरीज रद करने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। तय कार्यक्रम के अनुसार आज दोपहर दो बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी व राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे और भारत–बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज को रद्द करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बीते दिनों बांग्लादेश में हुये तख्तापलट के बाद वहां की बहुसंख्यक मुस्लिम जनता ने अपने अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाने पर लेकर उनके घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थानों पर हमले किये, हत्याओं के साथ लूटपाट की, यही नहीं हिन्दू धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचायी गयी।

### नाबालिग के साथ मारपीट कर गैंगरेप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है। पीड़िता की मां रविवार को बख्शी का तालाब थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच कर पीड़िता का मेडिकोलीगल कराया है। मुख्य आरोपी की तलाश में जगह–जगह छापामारी की जा रही है। पुलिस एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बालिका का बयान भी दर्ज कराया है। परिजनों ने रेप में तीन लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है। पीड़िता की मां बीकेटी थाना क्षेत्र में रहकर निजी कार्यालय में काम करती है। अन्य बेटियां अपने पिता के साथ रहती हैं। सभी बेटियां नाबालिग हैं। महिला के साथ रहने वाली बड़ी बेटी के साथ क्षेत्र के ही युवकों ने निजी अस्पताल के पीछे खाली पड़े मकान में शनिवार की रात पहले मारपीट किया फिर सामूहिक दुष्कर्म किया।

### ससुराल से घर लौट रहे बाइक सवार की मौत, पत्नी-बेटा गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ–रायबरेली हाइवे पर लालपुर गांव के पास सड़क हादसा हो गया। इस दौरान ससुराल से वापस लखनऊ लौट रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव के पहुंची तभी अनियंत्रित होकर हाइवे के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अफाक अहमद, उनकी पत्नी शबीना और बेटा मोहम्मद अरबाब तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। निगोहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया। एनएचआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की एम्बुलेंस की मदद से घायलों को प्राथमिक चिकित्सा केंद्र मोहनलालगंज भेजा गया। डॉक्टरों ने जब घायलों की स्थिति देखी, तो अफाक अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी पत्नी और बेटे की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्याएं, कहा

# पारदर्शिता व निष्पक्ष होकर समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी : योगी

▸ दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में 400 लोगों से मिले सीएम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जनता की समस्याओं का पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए और उसके समाधान के लिए त्वरित प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है।

योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। ध्यान से उनकी बात सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्या लोगों से कहा कि चिंता मत करिए, सबकी समस्या दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए।

इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# धार्मिक स्थलों की महत्वता के साथ-साथ पर्यटन को दिया जा रहा बढ़ावा

समृद्धि न्यूज

**आगरा/लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आगरा में ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए योगी सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि योगी सरकार धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्वता को बनाए रखने के साथ-साथ उनके पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाओं पर काम कर रही है।

जनपद आगरा के रावतपाड़ा स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर के विकास के लिए कुल 3.62 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.57 करोड़ रुपए की राशि से मंदिर के कॉरिडोर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसमें मंदिर परिसर के चारों ओर कोबल स्टोन पथ, नालियों का निर्माण, मुख्य द्वार के बाहर रेलिंग और फर्श निर्माण, सजावटी लाइट्स, और चित्रकारी का कार्य शामिल है। इसके अलावा, द्वितीय चरण में 1.05 करोड़ रुपए की राशि से नाली मरम्मत, सजावटी लाइट्स की स्थापना, लाल पत्थर से मुख्य द्वार और अन्य स्थानों का सौंदर्यीकरण और तिकोनिया मंदिर के लिए मार्बल फर्श का निर्माण किया जाएगा। दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना शाहगंज स्थित श्री फूलेश्वर महादेव मंदिर के विकास की है। इस मंदिर के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1.24 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।



इस योजना के अंतर्गत दो नए प्रवेश द्वार, पुजारीकक्ष, टॉयलेट ब्लॉक, यात्रीशेड और म्यूरल वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, बाहरी विद्युतीकरण, बेंचेज़ और साइनेज जैसी सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। पहले किस्त के रूप में 50 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल आगरा के इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित किया जाएगा, बल्कि स्थानीय और बाहरी पर्यटकों के लिए इन स्थलों को अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जाएगा।

# अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र में सदस्य बनाने के लिए दौड़ेगा भाजपा का रथ

समृद्धि न्यूज

▸ संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सदस्यता रथा को दिखाई झंडी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को भाजपा द्वारा अल्पसंख्यक समाज को जोड़ने की पहल हुई। सदस्यता अभियान के तहत भाजपा मुख्यालय से संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

बासित अली ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत ये रथ अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र में जाएगा और आम लोगों को सदस्य बनाएगा। बासित अली ने बताया कि 2 सितंबर से भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो चुका था। आज से इस अभियान को विशेष कर मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बल देने के उद्देश्य से रथ को रवाना किया गया है। इस अभियान को हमारी पार्टी महापर्व के रूप में मना रही है। अभियान के तहत समाज के हर तबके को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय को सदस्य बनाया जा रहा है। अभियान में दरगाह के सज्जादा नशीन, एक्टिविस्ट मुस्लिम और आम मुसलमानों को जोड़ा जाएगा। बासित अली ने कहा कि जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है वहाँ विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सदस्यता अभियान के महापर्व में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक पीएम मोदी का संदेश पहुंचाया जाएगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे का लक्ष्य है कि 5 लाख मुसलमानों को सदस्य बनाया जाए। इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य अल्पसंख्यक मोर्चे ने निर्धारित किया है। हमें पूरी उम्मीद है कि हम लक्ष्य से अधिक लोगों को सदस्य बनाएंगे। पीएम मोदी ने सबका साथ ,सबका विकास और सबका विश्वासष् नारा दिया था इसे हमने जान-जान का विश्वास जीता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुसलमान के एक हाथ में कुरान और एक हाथ में लैपटॉप दिया। हमने मंचों से सिर्फ भाषण नहीं दिया काम करके दिखाया। अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को मॉडर्न एजुकेशन से जोड़ा। तलाकशुदा महिलाओं को इंसाफदिलाया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यकों को राशन, पक्का मकान, गैस चूल्हा और तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं। हमारी पार्टी ने काम करने में विश्वास रखती है।

# सुल्तानपुर एनकाउंटर की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने सुल्तानपुर एनकाउंटर की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि मृतक मंगेश यादव के परिजनों के कथन और मुठभेड़ की पुलिसिया कहानी में जमीन आसमान का फर्क है, लिहाजा सच्चाई का पता लगाने के लिए निष्पक्ष जांच जरुरी है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया है। बुलडोजर राज, पुलिस राज और एनकाउंटर राज मौजूदा सरकार की पहचान से जुड़ गए हैं। संविधान को ताक पर रखकर योगी सरकार न्यायपालिका के फैसले खुद करने लगी है। मुख्यमंत्री योगी की पुलिस ने भी आरोपियों को न्यायालय से दंड दिलाने की जगह खुद ही दंड देने का जिम्मा ले लिया है। ऐसा मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस को दी गई खुली छूट के कारण है। प्रदेश में ठोक दो की नीति चल रही है। एनकाउंटरों में हत्या को उपलब्धि के रुप में प्रचारित किया जाता है। हिरासती मौतों से लेकर फर्जी एनकाउंटरों में प्रदेश अव्वल बना हुआ है। लोकतंत्र और संविधान को अन्यथा शर्मिंदा करने वाली ये बातें योगी सरकार के लिए गौरव का विषय हैं, जिस पर भाजपा नेतृत्व उसकी पीठ भी थपथपाता है।



कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 100 पर भारतीय जनता पार्टी अटल सदस्यता अभियान पर्व के तहत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान चलाया।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी घोषित, अशोक प्रदेश अध्यक्ष व शर्मा बने महामंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह दारूलसफा में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह ने और प्रदेश महामंत्री जी के शर्मा ने संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजमगढ़ अतरौलिया के विधायक संग्राम सिंह यादव ने शपथ दिलाया। विशिष्ट अतिथि कमलेश मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ, सीपी सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन, नरेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय सरकारी महासंघ, त्रिवेणी प्रसाद मंडल संरक्षक राज्य कर्मचारी महासंघ, बलराम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता लखनऊ, शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश जनता दल यू, परमेश्वर सिंह प्रदेश सलाहकार, अयोध्या प्रसाद सोनभद्र जिला अध्यक्ष, विजय कुमार, विकास प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष आयुर्वेद, धर्मेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष कृषि विभाग, संदीप पांडे स्थानीय निकाय, सतीश कुमार शर्मा प्रदेश अध्यक्ष जलकल विभाग, सुनील कुमार प्रदेश अध्यक्ष गवर्नमेंट, कमल अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी महासंघ, सुनील कुमार श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी महासंघ कानपुर नगर, आसिफ आदि उपस्थित रहे। शपथ लेने वालों में पदाधिकारी संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद, प्रदेश सलाहकार चंद्रमा प्रकाश पांडे, परमेश्वर सिंह प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष कमल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लखन सिंह चौहान परवेज आलम प्रदेश उपाध्यक्ष, रमेश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, मुनीराम संयुक्त मंत्री, मुनि कोषाध्यक्ष, सुशील यादव, जीके शर्मा, प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार मौर्य मंडल मंत्री, लखनऊ मोहसिन सिद्दीकी मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी ने शपथ ग्रहण किया।

बैठक | बिजली कंपनियों के भी पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया विचार-विमर्श

# पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने संवर्ग विशेष पदोन्नति की मांग दोहराई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की एक बैठक फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई। बिजली कंपनियों के भी पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे जिसमें सर्वसम्मत से उन दलित अभियंताओं के मामले पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया।



बैठक में दलित संवर्ग के अभियंताओं की पदोन्नति पर रोड़े अटकने तथा अत्याधिक देर किये जाने पर चिन्ता जताते हुए प्रबंधन से शीघ्र पदोन्नति किए जाने की मांग दोहराई गई। बैठक में बताया गया कि दलित संवर्ग के अभियंताओं को किसी न किसी मामलों में उलझा कर उनकी पदोन्नति बाधित की गई है। इनमें संगठन द्वारा अभियंता महेंद्र सिंह, अभियंता यदुनाथ राम, अभियंता जीवन प्रकाश जिन्हें नियमानुसार मुख्य अभियंता हेतु पदोन्नति मिलनी थी उनका लिफाफा बंद कर दिया गया। उनके ऊपर जो छोटे-मोटे मामले लंबित रखा जा रहा है।

इसके पूर्व जब मुख्य अभियंता पदों की पदोन्नति की गई थी तो पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने अभियान चलाकर सभी के लंबित मामलों को 15 दिन में निस्तारित कराकर उनकी पदोन्नति दी गई। अगर इस मामले में भी उत्तर प्रदेश सरकार एक कमेटी बनाकर जांच कर ले तो खुद सामने आ जाएगा कि दलित अभियंताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

दूसरे मामलों में एक-एक अभियंता की अनेकों जाँचो को सप्ताह बीतते निपटा दिया गया। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं ने वीडियों कालिंग माध्यम से जुडकर बताया कि दलित अधीक्षण अभियंता को अधिशासी अभियंता का दिलाया जा रहा है।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के दलित अभियंताओं ने कहा यहां लगभग 800 डीपी के मामले हैं। दर्जनों लोग निलंबित है। जांच समितियां का गठन ही लंबित है। जिसकी वजह से मामले निस्तारित नहीं हो पा रहे हैं। इस मामलें को पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने तत्काल पचमंचल प्रबंधन को अवगत कराया। एसोसिएशन की तरफ से कहा अभिलंब जांच समितियां गठित कराकर दलित अभियंताओं के मामलों को निस्तारित कराया जाए। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, महेंद्र सिंह, सचिव आरपी केन, संगठन सचिव नेकीराम, हरिश्चंद्र वर्मा, एसके निर्मल, प्रभाकर सिंह, बिंदा प्रसाद, सुशील कुमार वर्मा, एके प्रभाकर ने कहा सभी बिजली कंपनियों पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को दलित अभियंताओं के मामलों को समय निस्तरित करने का निर्देश जारी करना चाहिए जिससे उनकी बाधित पदोन्नति हो सके जो अधिकारी निलंबित है। क्योकि उनके द्वारा जवाब दाखिल किया जा चुका है। उनकी बहाली हो सके, जो उनके उत्पीडन के मामलों में सभी बिजली कंपनियों को तत्काल निर्देश जारी किए जाएं।

# सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री को सौंपा 2.59 करोड़ का लाभांश चेक

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने मुख्यमंत्री को राज्य भंडारण निगम के वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लाभांश के रूप में 2,59,08,960 रुपए का चेक सौंपा। श्री राठौर ने बताया कि निगम ने लगातार लाभ अर्जित किया है, जिसमें 2021-22 में 57.49 करोड़ रुपए और 2022-23 में 53.42 करोड़ रुपए का लाभ शामिल है निगम ने पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। निगम के गोदामों में डिपो ऑनलाइन सिस्टम सॉफ्टवेयर लागू किया जा रहा है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, टेंडर प्रक्रिया को ई-टेंडरिंग और जेम गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से किया जा रहा है।

# बैंक से धोखाधड़ी कर कर्ज लेने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के कई बैंकों में बड़ी संख्या में कूटरचित फर्जी दस्तावेज के सहारे क़र्ज़ दिलाने का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है और धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से क़र्ज़ दिलाने का गिरोह सक्रिय है।

> ▸ जालसाजों में खलबली, बैंकों में बड़ी संख्या में फर्जी तरीके से लोन दिलाने का हो रहा कारोबार

इसी क्रम में कर्नलगंज नगर में स्थित एक बैंक से धोखाधड़ी के मामले का एसपी विनीत जायसवाल ने संज्ञान लेते हुए कर्नलगंज कोतवाली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया,जिस पर पुलिस ने क्षेत्र के 23 व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला कर्नलगंज के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से जुड़ा है,जहां शाखा प्रबंधक द्वारा मामला दर्ज कराने के बाद हड़कंप मच गया है। मामले में राजदेव पुत्र शिवदीन निवासी गौरा सिंहनापुर, प्रवेश पुत्र अलखराम भदैंया, योगेश प्रताप सिंह पुत्र श्रीनाथ सिंह प्रतापपुर, सूर्य कुमार व राजेश कुमार सिंह नारायनपुर कला, उदयराज पुत्र भगवती हरिगांव, माधवराज सिंह पुत्र गोली सिंह उर्फ भोला प्रसाद सिंह धर्मपुर, मुन्नालाल पुत्र राम दयाल चंगेरिया, जमुना पुत्र इन्द्रबली माधवपुर, श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी शेषनरायन धमसड़ा, बाबादीन पुत्र आदित्य सिसई जोगा, ध्रुवराज पुत्र राधेकिशन बसेरिया, अमरेश पुत्र ज्वाला प्रसाद अलीपुर गोकुला, इन्द्रसेन पुत्र मंगली प्रसाद माधवपुर, हौंसला प्रसाद पुत्र बिन्देश्वरी उर्दी गोंडा, अकबाल खाँ पुत्र वारिस बसेरिया, शिव बहादुर सिंह पुत्र इन्द्र बहादुर सिंह मुंडेरवा, प्रदीप कुमार पुत्र राजाराम, दिनेश सिंह पुत्र शिवनरेश, सरला सिंह पत्नी सुरेंद्र सिंह लालेमऊ, राम प्रिय पुत्र रामरथ सिंह उड़िला, पटमेश्वरी प्रसाद पुत्र राम खेलावन तिलका, राजेश पुत्र कल्पनाथ, मुन्ना सिंह पुत्र भृगुकेतु नारायनपुर मांझा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अब मामला बैंक से पुलिस के पाले में पहुंचने के बाद बैंक से धोखाधड़ी करने वालों में खलबली मच गई है। आपको बता दें कि नगर के कई ऐसे बैंक हैं जहां पर धोखाधड़ी करने वालों की एक बड़ी संख्या बताई जा रही है।

ऐसे में प्रश्न यह उठता है की 23 कर्जदारों पर तो मामला दर्ज कर कार्रवाई हो रही है, पर इन्हें दोबारा लोन देने और बेचने का अधिकार किस तरह से मिल गया,यह सवाल भी आमजन मानस के दिमाग में कौंध रहा है। एसबीआई शाखा प्रबंधक द्वारा दर्ज कराए गए मामले में दो श्रेणी का अपराध एवं धोखाधड़ी का मामला सामने आ रहा है, इसमें कुछ लोगों ने बैंक से कर्ज लेने के बाद दूसरे बैंक से भी कर्ज ले लिया और कुछ ने अपनी जमीनों को बेंच दिया।

### तहसील के जिम्मेदार कर्मियों व बैंक कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध, उठ रहे सवाल

अब यहां सवाल यह उठता है कि एक बैंक से लोन लेने के बाद खतौनी बंधक हो गई तो उसे बंधक मुक्त किस प्रकार से कर दिया गया कि दूसरे बैंक ने उन्हें लोन दे दिया। इसमें तहसील के जिम्मेदार कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है, उनकी भी बारीकी से जांच होनी चाहिए। साथ ही साथ दूसरे बैंक से लोन देने वाले बैंक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते,ऐसे कर्मचारियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। इस धोखाधड़ी के खेल और इस साठगांठ एवं गठजोड़ में शामिल बैंक के इर्द-गिर्द गणेश परिक्रमा करने वाले महारथियों की भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। एसबीआई शाखा प्रबंधक द्वारा कर्ज अदायगी ना करने पर 23 लोगों पर एफआईआर उन लोगों के लिए बड़ी चेतावनी है जिन्होंने बैंक से कर्ज लिया है और अदा नहीं किया है वह भी कार्रवाई की जद में है और उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। वहीं आए दिन बैंकों में संदिग्ध व्यक्तियों की पुलिस द्वारा चेकिंग की जाती है पर बैंकों में प्रतिदिन मौजूद अनाधिकृत व्यक्तियों से पूछताछ नहीं की जाती कि आखिर किस कारण से वह प्रतिदिन बैंक आ धमकते हैं और देर शाम तक बन रहते हैं। पुलिस की चेकिंग बैंक के ग्राहकों के प्रति ज्यादा दिखती है पर ऐसे व्यक्तियों से भी अगर पूछताछ की जाए तो बैंक के सीधे साधे ग्राहकों को धोखाधड़ी से निजात मिल सके और सुरक्षा भी मिल सके। मामले में भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक ने बताया कि 23 लोगों ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के रूप में लोन लिया था,जिसमे बगैर कर्ज अदा किए कुछ लोगों ने बंधक जमीन बेंच दिया और कुछ लोगों ने दूसरे बैंक से लोन ले लिया। इन सभी लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक का कहना है कि मामले में शाखा प्रबंधक द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है,जांच पड़ताल की जा रही है।



## उर्दू क्वीज कम्टीशन के नतीजे का ऐलान, सर्टीफिकेट व कंसोलेशन प्राइज पाकर खिले चेहरे

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कालेज में अदबी ग्रूप दयारे असग़र व जिगर के अंतर्गत पिछले हफ्ते कराये गये बयादे जिगर उर्दू क्वीज़ कम्टीशन का परिणाम घोषित किया गया जिस में मरियम निदा ने प्रथम, असलान खान ने द्वितीय तथा हमदिया कौसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है इन्हें जिगर डे पर आयोजित मुशायरे में मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया जाएगा और घोषित इनाम से भी नवाज़ा जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक सैय्यद इरफान मोईन ने बताया कि रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स इंटर नैशनल स्कूल के प्रबंधक श्री मतलूब ख़ाँ ने शिरकत की क्वीज़ कम्टीशन में प्रथम द्वितय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया साथ इस अवसर पर उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए उपस्थित बालक बालिकाओं को प्रेरित किया गया। जम्शेद वारसी, फैज़ बारी, वसीम खान, अफसर हसन, फहीम सिद्दीकी, खालिद रज़ा बेग, कमाल अब्बास, शहंशाह आलम, डॉक्टर सैय्यद आसिम अबरार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



> ▸ महिला की घर के अंदर गला रेतकर हुई थी हत्या
> ▸ पति ही निकला परवीन बेगम का हत्यारा, गिरफ्तार

**इटियाथोक/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय पुलिस ने चार दिन पूर्व धर्मेई गांव निवासिनी महिला की घर के अंदर गला रेतकर हत्या किए जाने के मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अलाकत्ल चाकू व खून से लथपथ कपड़े को बरामद किया है।

बताते चलें कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के धर्मेई गांव निवासिनी परवीन बेगम की दिनदहाड़े उसी के घर मे चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के भाई शकील अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी हरैय्या झूम्मन की तहरीर पर थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने पुलिस टीमों का गठन कर प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिया था तथा घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था।

रविवार को स्थानीय पुलिस, एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य संकलन व इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या आरोपी (पति) अलाउद्दीन उर्फ अलाऊ पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम पंचायत धर्मेई थाना इटियाथोक को उसके गांव धर्मेई से गिरफ्तार कर आलाकत्ल चाकू व खून से लथपथ कपड़े को बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उसके और उसकी पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता था। घटना वाले दिन सुबह खाना बनाने की बात को लेकर पत्नी परवीन बेगम से विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह बिना खाना खाये ई-रिक्शा लेकर काम पर चला गया था। कुछ देर बाद पुनः मोबाइल से खाना खाने की बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। पत्नी ने उसे फोन पर काफी भला बुरा कहा गया था। अलाउद्दीन दोपहर करीब 1 बजे वापस घर आया और पत्नी को सोता देख गुस्से में किचन से चाकू लेकर अपनी पत्नी के गले में वार कर उसकी हत्या कर दी। श्री रावत ने बताया कि आरोपित को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



इटियाथोक/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार को स्थानीय पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि आरोपी ने थाना क्षेत्र निवासिनी एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली गलौज देकर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता के मां के तहरीर पर आरोपी मोहनलाल पुत्र रामलाल निवासी तेलियानी पाठक थाना इटियाथोक के विरुद्ध छेड़छाड़ करने व गाली गलौज देने एवं जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार रमन द्वारा विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 376क्क व 5रू6 पास्को एक्ट की बढ़ोतरी की गई थी। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। रविवार को दोपहर मे पारासराय शुक्ला भोजनालय के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कागजी कार्रवाई के उपरांत न्यायालय रवाना किया गया है।

# तालाब में उतराता मिला दो किशोरियों का शव

> ▸ घटना की सूचना पर काफी संख्या में जुटी भीड़, पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के इटियाथोक क्षेत्र में रविवार की सुबह छिछुली गांव के कोटिया तालाब में दो किशोरियों का शव उतराते हुए कुछ ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। तालाब में उतरा रहे शव की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को तालाब से बाहर निकलवाया।

सीओ शिल्पा वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किए। शवों की पहचान पूनम (16) पुत्री खुनखुन गौतम व पम्मी (15) पुत्री राजकुमार के रूप में हुई है। इधर दोनों बच्चियों के मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।




इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवानीपुर उपाध्याय ग्राम पंचायत के गांव छिछुली के रहने वाले खुनखुन ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री पूनम व पड़ोसी राजकुमार की 15 वर्षी पुत्री पम्मी शनिवार दोपहर को शौच लिए गांव के पूर्व दिशा में स्थित कोटिया तालाब की ओर गई थी। घंटों बाद जब दोनों बच्चियां घर वापस नहीं लौटीं तो घर वालों को चिंता हुई। उनकी तलाश की गई। काफी खोजबीन के बावजूद देर शम तक दोनों का कोई पता नहीं चल सका।जिसकी लिखित सूचना परिजनों ने देर शाम को थाने में दिया।परिजनों के मुताबिक तालाब के किनारे चप्पल मिला है। आशंका व्यक्त की जा रही है,कहीं अचानक पैर फिसल जाने से एक बच्ची तालाब में डूबने लगी,जिसे बचाने के चक्कर में दूसरी बच्ची भी तालाब में डूब गई होगी। घटना के बाद से दोनों बच्चियों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया दोनों बच्चियों की मौत तालाब में डूबने से हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# भू-माफिया बृजेश का आशियाना ध्वस्त

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

भूमाफिया बृजेश अवस्थी का घर रविवार को मजिस्ट्रेट की निगरानी में ध्वस्त किया गया। भूमिया की करोड़ो की संपत्ति जब्त की गई है। सिविल लाइन इलाके में मौजूद जिले में बहुचर्चित भूमि घोटाले के मुख्य आरोपी बृजेश अवस्थी के घर पर रविवार को पौकलेंड मशीन लगाकर पूरी तरह से गिरया गया। सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, पीडब्ल्यूडी के एई संजय सिंह, नगर पालिका की टीम कि मौजूदगी में यहां करीब तीन घंटे तक कार्रवाई चली। बताया जा रहा है कि भूमिया बृजेश अवस्थी ने अपनी काली कमाई से इस मकान को सिविल लाइन इलाके कचेहरी रेलवे स्टेशन के नजदीक सड़क पर बनाया था। शनिवार के दिन जेसीबी मशीन से शुरू हुई कार्रवाई के बीच तीन घंटे तक चली जेसीबी मशीन तोड़ते थम गई थी।



दूसरे दिन बस्ती से पौकलेंड मशीन मंगाक़र सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा के नेतृत्व में फिर से कार्रवाई शुरू हुई है। रविवार को सुबह से कचेहरी स्टेशन माफिया बृजेश अवस्थी के घर के पास पुलिस का पहरा बढ़ गया।यहां आने वाले रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाने के बाद आवगामन को रोक दिया गया। इसके बाद ट्रक पर लदी पोकलैंड मशीन पहुंची और माफिया का तिलिस्म गिरने लगा और थोड़ी ही देर में माफिया बृजेश अवस्थी के घर को थोड़ी देर में ही मलबे में तब्दील हो गया।मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा,नगर कोतवाल मनोज पाठक और साथ में पुलिस टीम मौजूद रही।

## मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी की 65वीं बरसी आज, होगा आल इण्डिया मुशायरा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी की 65वीं बरसी पर 9 सितम्बर को एक शाम जिगर के नाम आल इण्डिया मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है जिस में कई मशहूर शायर व कवि और शायरात तशरीफ ला रहे हैं। एक शाम जिगर के नाम मुशायरे के आयोजक सैय्यद इरफान मोईन ने जानकारी दी है कि अपनी खूबसूरत ग़ज़लों की वजह से दुनिया भर में मशहूर जिगर मुरादाबादी जिनका गोण्डा में ही 9 सितम्बर 1960 को इंतिकाल हो गया था तब से लेकर अब तक गोण्डा के लोग उनकी बरसी को मनाते हुए उनके नाम पर मुशायरे का आयोजन करते रहे हैं, इस वर्ष भी जिगर साहब की याद में एक मुशायरे का आयोजन जिगर मेमोरियल स्कूल ग्राउण्ड में किया जा रहा है जिस की अध्यक्षता मुजीब सिद्दीकी और संचालन आसिम काकोरवी करेंगे, शायरों में उस्मान मीनाई, डा0 अफरोज़ तालि , फारूक़ आदिल, सना लहर पूरी, सलीम ताबिश, अज्म गोण्डवी और ललक मनकापूरी आदि शिरकत करेंगे।

# बीसी संचालक पर हमला कर रुपए लूटने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

बीसी संचालक पर हमला कर रुपए लूटने वाला दूसरा आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया हैं। लूट में प्रयुक्त डंडे व लूटे गए नगदी के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 29 अगस्त गुरुवार की रात जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत आदमपुर गांव निवासी रहमत अली पुत्र इब्राहिम झुकिया चौराहे पर संचालित पंजाब नेशनल बैंक की बीसी को बंद कर अपने घर जा रहे थे तभी झुकिया व आदमपुर ईदगाह के बीच असलहे से लैश बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने बीसी संचालक का पीछा कर हमला कर लहूलुहान कर दिया था और बैग में रखा सवा तीन लाख कैश लूट के फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए थे। रविवार को जरवल रोड थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिरुद्ध यादव, उपनिरीक्षक रंजीत भारती, आदित्य कुमार व हेड कांस्टेबल रंजय लाल साहनी, प्रदीप सिंह कांस्टेबल दिग्विजय यादव वाली टीम ने लूट में शामिल दूसरे आरोपी जिला बाराबंकी के थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत लोनियन पुरवा निवासी मंगल पुत्र सकटू को लूट में प्रयुक्त डंडे व लूटे गए 20,600 रुपए के साथ जरवल रोड थाना क्षेत्र में झुकिया ओवर ब्रिज के पास गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।



> ▸ झुकिया ओवर ब्रिज के पास से पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

### पांच दिन पूर्व पहले आरोपी को पुलिस ने भेजा था जेल

इससे पहले बीते मंगलवार को जरवल रोड थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुरुद्ध यादव,उपनिरीक्षक रंजीत भारती ,प्रमोद कुमार यादव ,आदित्य कुमार ,आरक्षी रंजय लाल साहनी धीरेंद्र कुमार यादव, राहुल यादव व सारांश वालीं टीम ने लूट में शामिल प्रवेश पुत्र राम आधार मौर्य निवासी गोवा मझारा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर के पास से गिरफ्तार किया था जिसके पास से दो बाइक और लूट के 9500 रुपए नगद बरामद हुआ था।

# सेवानिवृत्त के समय खाली हाथ घर जाते हैं होमगार्ड : अरूणा

> ▸ दो होमगार्ड हुए सेवानिवृत्त, आयोजित हुआ विदाई समारोह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को होमगार्ड कंपनी तेजवापुर के सेवानिवृत्त दो जवानों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के तेजवापुर के सेवानिवृत्त दो होमगार्ड जवान बैकुंठ नाथ शुक्ला व राम आशीष अवस्थी का विदाई समारोह कंपनी प्रभारी रमेश चंद तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। सेवानिवृत्त जवान को जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर व मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव ने मिठाई खिलाकर व माला पहनकर नम आंखों से विदाई दी गई। सेवानिवृत्त जवानों को कार्यरत जवानों ने चंदा एकत्रित करके पैंट शर्ट गमछा छाता टॉर्च आदि दिया। इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए महिला कंपनी की अध्यक्ष अरुणा ने बताया कि जवान 40-42 वर्ष अपनी जिंदगी के नौकरी करते हुए कार्य सरकार में बिता देता है परंतु सेवानिवृत्त के समय जब सबसे ज्यादा सहारे की आवश्यकता होती है तब उन्हें खाली हाथ अपने घर जाना पड़ता है। यह बहुत ही दुखद है जवानों द्वारा सामूहिक रूप से सरकार से मांग की गई की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि सभी जवानों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जो हवा हवाई साबित हो रहा है किसी भी जवान का अभी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। इसलिए हम सभी जवान मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि होमगार्ड जवानों के सेवानिवृत्ति के समय जीवन यापन करने के लिए कम से कम 50 लाख रुपए एक मुफ्त दिए जाएं। तथा जवानों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा अंग्रेजों के जमाने के काले कानून को समाप्त किया जाए। जवानों द्वारा साप्ताहिक अवकाश की मांग की गई महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने महिला जवानों को मातृत्व अवकाश दिए जाने की मांग की। इस मौके पर तेजवापुर कंपनी अध्यक्ष लल्लन सिंह, कंपनी प्रभारी चित्तौरा निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, संगठन मंत्री सहित तमाम होमगार्ड जवान शामिल रहे।



### तालाब में अज्ञात युवक का उतराता मिला शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के पड़री तारा गांव स्थित तालाब में एक युवक का शव रविवार को उतराता मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पहचान न होने पर शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रीतारा में गांव के बाहर तालाब स्थित है। तालाब में रविवार सुबह एक युवक शव लोगों ने देखा। पुलिस को शव मिलने की जानकारी दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक युवक की उम्र 35 से 40 वर्ष के मध्य है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।

# बीती रात उपद्रवी भेड़िया द्वारा कारित घटना रही शून्य : डीएफओ

> ▸ प्रभावित क्षेत्रों की जारी है निगरानी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि 07/08 सितम्बर 2024 की दिवारात्रि में हिंसक भेड़िया द्वारा किसी प्रकार की कोई भी घटना कारित नहीं की गई है। डीएफओ ने बताया कि महसी तहसील अन्तर्गत घाघरा नदी के कछारी क्षेत्रों में उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र को निगरानी की दृष्टि से 03 सेक्टरों में बॉटकर सेक्टर प्रभारियों को तैनात किया गया, जिनके द्वारा उपद्रवी भेड़िया को रेस्क्यू करने के लिए कार्यवाहियों की जा रही है। बीती रात 04 थर्मल ड्रोनों व कैमरा ट्रैपस के माध्यम से उपद्रवी भेड़िया को खोजने तथा उसके आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गई।

डीएफओ ने बताया कि सक्रियता प्रभावित क्षेत्रों में गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर उपद्रवी भेड़िया के पगमार्क खोजने की कार्यवाही की गयी। जन जागरूता टीमों द्वारा गाँवों में पोस्टर व बैनर लगाकर संगोष्ठी/बैठकों के माध्यम से ग्रामीणजनों को उपद्रवी भेड़िया से बचाव के लिए जागरूक करने की कार्यवाही की गयी। प्रभाग स्तर पर स्थापित कमांड सेंटर द्वारा दिवारात्रि में टीमों द्वारा गश्ती दलों से सूचनाओं को प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों को गश्ती टीमों को अनुपालनार्थ प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र का दिवारात्रि गश्त करने की कार्यवाही की गयी। जन जागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों के समस्त ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके सुरक्षित सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



### महाप्रबंधक ने 18 स्थानों पर लगवाया कैमरा, 18 शूटर तैनात

महसी तहसील क्षेत्र में आतंक मचाए भेड़िया पकड़ में नहीं आ रहे हैं। इसको देखते हुए टीम को लीड कर रहे यूपी वन निगम के महा प्रबंधक द्वारा आईआर कैमरे लगवाए जा रहे हैं। 18 स्थानों पर लगे कैमरे से भेड़ियों पर नजर रखी जायेगी। महसी तहसील क्षेत्र के 35 गांवों में भेड़िया का हमला हो रहा है। भेड़ियों के हमले में 10 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें एक महिला और नौ बच्चे शामिल हैं। भेड़िया को पकड़ने के लिए ड्रोन उड़ाया जा रहा है। इसके अलावा वन, पुलिस, पीएससी और जिला प्रशासन की टीम सुरक्षा में लगी है। लेकिन ड्रोन कैमरे में कैद भेड़िया पकड़ में नहीं आ रहे हैं। ऐसे में शासन की ओर से भेजे गए स्पेशल टीम यूपी वन निगम के महाप्रबंधक संजय पाठक, सीसीएफ एचवी गिरी ने आईआर कैमरा (व्हाइट फ्लैश) के द्वारा भेड़िया पर निगरानी रखी जा जायेगी। इसके लिए तहसील क्षेत्र के पूरे गंगा प्रसाद, गरेठी गुरुदत्त सिंहपुरवा, कोलैला, सियारामपुरवा समेत 18 स्थानों पर लगेगी। अब कैमरों के द्वारा भेड़िया पर नजर रखते हुए शूट किया जायेगा। महा प्रबंधक ने बताया कि 18 शूटर भेड़िया को शूट करने में लगे हैं। उधर शनिवार को ड्रोन में भेड़िया दिखे। लेकिन तापमान अधिक होने के चलते ड्रोन उड़ कर नीचे आ गए। जिसके चलते उन्हें पकड़ा नहीं जा सका गया।

# घर बैठे मीटर रीडर ले रहे तनख्वाह

**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

हम बात करते हैं जनपद बहराइच के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र जरवल की। जहां नगर पंचायत में तो मीटर रीडर द्वारा मीटर रीडिंग निकाली जाती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में मीटर रीडर द्वारा एक भी बिजली बिल नहीं निकल जा रही है। जब उपभोक्ता अपनी बिल पावर हाउस पर या अन्यत्र ऑनलाइन व्यवस्थाओं के माध्यम से जमा करते रहते हैं। फिर एका एक उनकी बिल बढ़ जाता है, फिर चलती है बहाने बाजी, कहीं बताया जाता है कि मीटर बाउंस हो गया है जंप कर गया है या फिर कहीं बताया जाता है कि यह रेस्ट में बिजली बिल थी। यदि मंथली मीटर रीडर द्वारा विद्युत मीटर रीडिंग की जा रही थी तो यह रेस्ट बिल कहां से आ रही है। आज एक मामला ग्राम पंचायत नत्थनपुर का प्रकाश में आया दोपहर करीब 12:00 बजे 1773 रुपया बिजली बिल जमा की गई ,उसके कुछ समय पश्चात बिजली बिल 10065 फिर कुछ समय बाद 10148 शो करने लगी। इस संबंध में विद्युत मीटर रीडर विक्रम जीत से बात करने पर उन्होंने बताया हम नए हैं इससे पहले जो थे वह जाने, इसके उपरांत उपकेंद्र जरवल विद्युत जेई को फोन लगाया गया जिनका फोन रिसीव नहीं हुआ। पावर हाउस पर पहुंचने के पश्चात एसडीओ से मुलाकात हुई उन्होंने बताया की एक एप्लीकेशन लिखकर लाइए फिर जेई साहब से दिखावाते हैं, यदि सरकार उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इधर-उधर ना दौड़े,दिन प्रतिदिन नए उपाय करती हैं लेकिन इन कर्मचारियों की घोर लापरवाही से उपभोक्ताओं पर ही समस्याएं बनती जा रही।

## आवास सूची में अपात्र घोषित होने पर लाभार्थी ने प्रधान के घर की मारपीट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पयागपुर विकास क्षेत्र के पैड़ी गांव निवासी संतोष उर्फ भूरे पुत्र चेतराम बुधवार की शाम अचानक ग्राम प्रधान शिव कुमार तिवारी के घर पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये घर पर मौजूद बेटियों और बच्चों को मारने पीटने लगे। रविवार को थाने में तहरीर देते हुये ग्राम प्रधान शिवकुमार तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष हुई बरसात में नन्द कुमार का एक पुराना मकान छतिग्रस्त हो गया था, जिसकी जांच ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा की गई जिसमें उन्हें आवास हेतु अपात्र करार दिया गया। उन्होंने बताया कि इसी से छुब्ध होकर नन्दकुमार के भाई सन्तोष, प्रेमदास, गुरदास सहित चार लोग मेरे घर आ गये और मेरे घर पर मौजूद बेटियों और बच्चों को मारा पीटा तथा हरिजन एक्ट में सबको फंसा देने की धमकी देकर चले गये।उन्होंने बताया कि उक्त घटना से परिवार में भय का माहौल है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# वैदवान प्रीमियर लीग ट्रॉफी का हुआ अनावरण

> ▸ 130 खिलाड़ियों में 108 खिलाड़ियों की हुई नीलामी, 22 खिलाड़ियों को नहीं मिले खरीददार
> ▸ आईपीएल के तर्ज पे खेली जाने वाली इस प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की कराई नीलामी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

वैदवान क्रिकेट प्रीमियर लीग 2024 के ट्रॉफी का रविवार को अनावरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इशरत महमूद खान मौजूद रहे।ट्रॉफी अनावरण मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा किया गया। आईपीएल के तर्ज पे खेली जाने वाली इस प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की नीलामी कराई गई। नीलामी प्रक्रिया में मंडल के 130 क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।नीलामी में टीम मालिको ने खिलाड़ियों पर दांव लगाया।

इस प्रीमियर लीग का शुभारंभ 22 सितंबर से किया जाएगा। जिसमें बहराइच पैंथर्स, बहराइच राइडर्स, बहराइच रॉयल, बहराइच वुल्फ, बहराइच जॉइंटस, बहराइच स्ट्राइकर की टीमें प्रतिभाग करेंगी। नीलामी प्रक्रिया में आकाश गौड़ सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। जबकि नारायण मनी दूसरे व कृष्णा सिंह तीसरे नंबर पर रहे। 130 खिलाड़ियों में 108 खिलाड़ियों की नीलामी हुई, जबकि 22 खिलाड़ी को खरीददार नहीं मिले। नीलामी का संचालन गोविंद सिंह चौहान ने किया।इस दौरान प्रीमियर लीग के मुख्य आयोजक हरेंद्र वेदवान, मनीष सिंह पूर्व क्रिकेटर, बृजेश सिंह क्रिकेटर, प्रदीप गुप्ता, प्रीत वेदवान, समीर, मोहित मिश्र मौजूद रहे।



### भेड़िया प्रभावित गांव में दौरा कर रहे सांसद कहा- जल्द ही बेहतर परिणाम दिखेंगे



जिले के भेड़िया प्रभावित गांवों में बहराइच सांसद ने गांवों में भ्रमण किया। साथ ही लोगों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण भी लाठी डंडे लेकर पहरेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जागरूकता और वन विभाग की सतर्कता से हमले रुके हैं।जिले के महसी तहसील क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन गांवों में आदमखोर भेड़िया हमला कर रहा है। सरकार की ओर से भेड़िया को पकड़ने के लिए हर प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन बीते चार दिन से एक भी भेड़िया पकड़ा नहीं गया है। जबकि इन्हें मारने के लिए यूपी वन निगम के महाप्रबंधक की अगुवाई में 18 शूटर्स भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी आदमखोर भेड़िया वन विभाग की गिरफ्त में नहीं आ रहे हैं। हालांकि हमले भी बीते तीन दिनों से रुके हैं। इससे ग्रामीणों के साथ जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। ग्रामीणों की वन विभाग की प्रति नाराजगी और मानव वन्यजीव संघर्ष को देखते हुए सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने भी प्रभावित गांवों का दौरा शुरू किया है। शनिवार को उन्होंने कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से वार्ता की। इसके बाद सांसद ने कहा कि ग्रामीणों की जागरूकता और वन विभाग की सतर्कता से हमले रुके हैं। ग्रामीण भी लाठी लेकर समूह में निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और पीएससी के जवान भी सुरक्षा में लगे हैं। ऐसे में वन्य जीवों और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही बेहतर परिणाम दिखेंगे।

# गुड वर्क दिखाने के लिए पुलिस ने निर्दोष को भेजा जेल

- 12 दिन बाद हुई युवक की रिहाई
- रुपयों भरा बैग थाने में जमा करने गए व्यापारी को ही बनाया लुटेरा, भेज दिया जेल



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में एक ऐसा पुलिसिया कारनामा सामने आया है जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। मामला यहां के गदागंज थाना इलाके का है। बीते बीस अगस्त को यहां जन सुविधा केंद्र संचालक रवि चौरसिया दुकान बंद कर जा रहे थे, तभी उनके साथ लूट हो गई। बाइक सवार बदमाश रवि चौरसिया के हाथ से बैग छीन कर फरार हो गए, जिसमें आठ लाख रूपये थे।

बताया जा रहा है कि बदमाश हड़बड़ाहट में बैग सड़क के किनारे ही छोड़कर फरार हो गए थे क्योंकि तभी सामने से एक वाहन आ गया था। बाद में रुपयों से भरा यह बैग दीपू नाम के व्यापारी को मिला था जिसे उसने इलाके के मानिंद लोगों के साथ थाने में जमा कराया था। यही वो समय था जब गदागंज एसओ राकेश चंद्र आनंद की नीयत खराब हुई और कप्तान की निगाह में बेहतर बनने के चक्कर में उसने नेक काम करने आये दीपू को ही लूट का आरोपी बना दिया।

गदागंज थाना क्षेत्र से जुड़े एक कथित लूट के मामले में बनाए गए आरोपी को कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया। ऐसे में शनिवार की शाम युवक जेल से रिहा कर दिया गया। युवक को फर्जी जेल भेजने पर व्यापारियों ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी। सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस की ज्यादती के चलते युवक 13 दिन तक जेल में रहा।

### परिजनों व व्यापारियों ने किया था थाने का घेराव

दरअसल, गदागंज बाजार में जन सुविधा केंद्र चलाने वाले रविशंकर के साथ 20 अगस्त को सात लाख की लूट हुई थी। पुलिस ने लूट के मामले में 26 अगस्त को जमुनीपुर चरुहार निवासी दीपू उर्फ गौरव को आरोपी बनाते हुए कोर्ट में पेश किया था, जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। युवक को जेल भेजने पर परिजन व व्यापारी नाराज थे। 29 अगस्त को परिजनों व व्यापारियों ने थाने का घेराव करते हुए थाना प्रभारी राकेशचंद्र आनंद व एक दरोगा पर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही थी।

### पर्याप्त साक्ष्य न होने पर लूट का आरोपी रिहा

मामले के विवेचक प्रभारी निरीक्षक ने शनिवार को कोर्ट में आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य न होने की बात कही। इस पर अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम द्वितीय नीरज सिंह ने सुनवाई के बाद दीपू को व्यक्तिगत बंध पत्र पर रिहा करने का आदेश दिया। जेलर हिमांशू रौतेला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दीपू को रिहा कर दिया गया।

## सात आतंकवादियों को ढेर करने वाला शहीद का परिवार कर रहा जमीन दान

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के जियापुर मजरे मोन गांव के संतोष कुमार यादव पुत्र शहीद मोतीलाल यादव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जहां हमारे पिताजी की समाधि बनी हुई है हम उस जमीन को दान में देना चाहते हैं सरकार को कि हमारे पिताजी का स्मारक स्थल बन जाए साथ–साथ गेट लग जाए। क्योंकि अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया और हमने अपने खेत में उनकी समाधि बनाई जबकि मेरे पिता स्वर्गवासी मोतीलाल यादव पुत्र राम भरोसे यादव1.1 .1968 में जन्म हुआ था ये बहुत होनहार एवं शक्तिशाली व्यक्ति थे केंद्रीय उदयोगिक सुरक्षा बल सी आई एस एफ में 1989 में नौकरी में तैनाती मिली और सुरक्षा में कांस्टेबल पद पर तैनाती मिली बारामूला उड़ी सेक्टर जम्मू कश्मीर में इनका तैनाती चयन हुआ वहां पर आतंकवादियों से जंग शुरू हुई और मोतीलाल ने सात आतंकवादियों को ढेर किया अंत में मोतीलाल यादव ने आतंकवादियों से मोर्चा लेते हुए शहीद हो गए ।संतोष कुमार यादव ने बताया कि मेरे पिता का लालन पोषण उनके ननिहाल में ग्राम भवन का पुरवा के रायबरेली में हुआ था उनके मामा ने फौज की तैयारी करवाई और वह देश के लिए केंद्रीय उदयोगिक सुरक्षा बल में तैनाती मिली इनकी वीरगति के बाद केंद्र सरकार द्वारा जो धनराशि मिली उस धनराशि को मेरी माता गायत्री देवी ने विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जिस विद्यालय का नाम शहीद मोतीलाल यादव जूनियर हाई स्कूल रखा गया वही मेरी माता राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया और मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरी माता सीआईएसफ में तैनाती मिली। संतोष कुमार यादव ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी को हमने प्रार्थना पत्र दिया है कि मेरे पिताजी का स्मारक मोन ग्राम पंचायत मे बन जाए और गेट लग जाए जिससे कि युवा उनके बारे में जान सके।

## खबरें एक नजर में

### गो तस्करी की घटना का खुलासा, चार गिरफ्तार



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तुलसीपुर क्षेत्र अन्तर्गत गोहत्या हेतु गोतस्करी की हुई घटना के सफल अनावरण हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में– प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 201/24 धारा 109/121(1) /61(2)BNS व 3/5ख/8(1)गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 बनाम 1. वाहन सं0 UP21 DT 4779 का चालक जुबैर कुरैशी पुत्र फिरासत नि0 घेरमर्दाना खाँ रामपुर सिटी जनपद रामपुर 2. वाहन सं0 UP22 BT 2031 का वाहन स्वामी आरिफ अली पुत्र मो0 हनीफ नि0 HN 352 रामपुर बिलासपुर रोड रामपुर 3. वाहन सं0 UP22 BT 2031 का चालक नाम पता अज्ञात की विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.बाबू खां उर्फ निरहू पुत्र सफीक 2. मुस्तकीम पुत्र रियासत नि0गण गुदरा h/o जद्दापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर 3. मो0 शमीम पुत्र मो0 छीटन 4.मजहर खां पुत्र शमसुल्लाह खां नि0गण गुलहरिया घाट तुरकौलिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गठित टीम द्वारा कहांरनडीह गांव के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरी जर्जर छत, हादसा टला

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गजियापुर गांव के रहने वाले रामसेवक पुत्र रामनारायण के घर में रविवार दोपहर एक कमरे की छत का कुछ हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा। और पूरी छत लटक गई। घटना के समय उनकी पत्नी गीता अपने बेटे राजकमल व अभिषेक के साथ कमरे के बाहर खाना खा रही थे। और रामसेवक घर से बाहर था। छत का मलबा गिरते ही भोजन करते लोग घर के बाहर भाग निकले। हादसे में किसी को चोटे नहीं आई है। पीड़ित रामसेवक ने बताया कि छत लगभग 30 साल पुरानी है। धीरे–धीरे जर्जर हो चुकी थी। हादसे में किसी को चोटें नहीं आई। गनीमत रही कि कमरे में कोई नहीं था। नहीं तो मलबे में दबने से बड़ा हादसा हो सकता था।

### अनियंत्रित कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। देदौर गांव के रहने वाले विवेक कुमार पुत्र अजय उम्र लगभग 24 वर्ष रविवार दोपहर अपनी बुआ अनीता उम्र लगभग 36 वर्ष के साथ उनका इलाज कराने बाइक से लखनऊ जा रहे थे। कि तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है । तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अनियंत्रित रोडवेज बस खाई में कूदी, चार घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली डिपो की एक रविवार भोर शेरी गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में कूद गई । हादसे में बस चालक सर्वनाम सिंह पुत्र वेद प्रकाश निवासी जनपद औरैया घायल हो गया ।साथ ही चार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घायल चालक को विभागीय कर्मचारियों के द्वारा इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य तक भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस लखनऊ से रायबरेली जा रही थी। जिसमें चालक, परिचालक एवं एक दर्जन सवारियां मौजूद थी। जैसे ही बस शेरी गांव के निकट पहुंची । तभी चालक को झपकी आ जाने के चलते बस अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ खाई में कूद गई। खाई के पास ही बिजली का एक ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ था। गनीमत रही की बस ट्रांसफार्मर से नही टकराई। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### कन्नावा गांव में चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। कन्नावा गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया है। दोनों घरों से एक लाख बीस हजार की नगदी समेत बीस लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिए हैं। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। शनिवार देर रात चोरों ने कन्नावा गांव के रहने वाले रिटायर्ड रेलवेकर्मी कर्मवीर पुत्र खुशीराम के घर मे चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उनके घर से तीन अलमारियों को तोड़कर नगदी समेत उनकी बेटी किरण, सविता, गीतांजलि समेत उनकी पत्नी मीना के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित किरण ने बताया कि वह और घर के अन्य सदस्यों के साथ छत पर लेटे थे। और उनका भाई धनंजय नीचे कमरे में सो रहा था।आशंका है कि चोर छत के रास्ते से जीने से होते हुए घर में दाखिल हुए हैं। तड़के सुबह लगभग चार बजे वह बच्चों के लिए दूध लेने नीचे आई। तो देखा भाई के कमरे का दरवाजा बाहर से कपड़े से बंधा पड़ा है। वही दूसरे कमरे में रखी तीन अलमारी के लॉक टूटे पड़े हैं। सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। उसने बताया कि एक लाख की नगदी समेत बारह लाख के सोने चांदी के जेवरात चोर उठा ले गए हैं। इसी गांव के रहने वाले इंदल कुमार पुत्र बिंदेश कुमार के घर में भी चोर जीने के रास्ते घर में दाखिल हुए हैं। चोरो ने दो बक्सों को कटर से काट कर नगदी व जेवरात पार कर दिए। पीड़ित रचना ने रोते बिलखते हुए बताया कि उनके घर से चोर बीस हजार की नगदी के साथ लगभग आठ लाख के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। वह और परिवार के अन्य सदस्य कमरे में सो रहे थे। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

- बड़े घराने में पैदा होने से योग्यता नहीं बढ़ती : सर्वेश पांडे
- कहा- जातीय समीकरण साधकर राजनीति करना घिनौनी हरकत



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सर्वण आर्मी संगठन कार्यलय का उद्घाटन करने पहुंचे सर्वण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडे ने सांसद राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि बड़े घराने में पैदा होने से योग्यता नहीं बढ़ती है।

उद्घाटन के बाद गोराबाजार आईटीआई स्थित मैदान में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब सर्वण समाज जाग उठा है वोट की राजनीति करने वाले लोग यह ना जाने की स्वर्ण समाज की संख्या कम है यही नहीं उन्होंने कहा कि जब लोग अपनी कैरियर बनाने को लेकर बंद कमरों में पढ़ाई करते थे तब हम बाहर निकल कर अपने समाज के लोगों को जगा रहा था।राहुल गांधी के द्वारा लगातार जातीय बयानबाजी और रायबरेली की नसीराबाद क्षेत्र में दलित युवक की हत्या के मामले में उन्होंने कहा कि दलित युवक की हत्या की हम निंदा करते हैं लेकिन जिस तरह से कुछ जातीय संगठन के कुंठित लोगों ने गंदी राजनीति के तहत गलत तरीके से निर्दोष बच्चों को फंसवा दिया है उनके मंसूबे कामयाब नही होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज हमारे आगमन पर कुछ सवर्ण समाज के लोग भी आए हैं जो हाथों में किसी भीम संगठन के खिलाफ तख्ती व मुर्दाबाद किनारे ला रहे जिसमें पिछवरिया हत्याकांड में फंसाया गया निर्दोष हर्षित मिश्रा के पिता भी शामिल हैं। लेकिन हम आज मंच से एलान करते हैं कि इस घटना मे फंसाए गए छतोह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल व हर्षित मिश्रा व दो अन्य मुस्लिम यादव वर्ग के लोग हैं उनकी लड़ाई सर्वण आर्मी लड़ता रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज मंच पर जरूर खड़े हैं लेकिन समय आने पर हो जमीन पर भी बैठकर अपने समाज के लिए लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं रहेंगे।

## शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगियों की बैठक सम्पन्न





रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रविवार को जि़ला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में जि़लाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी की अध्यक्षता में ÷शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगी बैठक आयोजित हुई।

बैठक का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि करके किया गया। बैठक में स्वागत भाषण रायबरेली जिले के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने मार्गदर्शन हेतु आए हुए अतिथियों का एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया द्य बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री धरम पाल , क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जि़ला प्रभारी पीयूष मिश्रा, मंच पर उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव,जि़ला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक राकेश सिंह मौजूद रहे।

संगठन महामंत्री धर्म पाल सिंह ने कार्य कर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शक्ति केंद्र सदस्यता सहयोगी अपने शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर दिनांक 11 से 18 सितंबर तक घर घर संपर्क करते हुए कम से कम दो दो सौ लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलायेंगे और सदस्यता अभियान पर बिंदुवार चर्चा किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने शक्ति केंद्र के सदस्यता सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता तथा अखंडता के लिए भाजपा को मज़बूत करने का आह्वान किया और सदस्यता अभियान पर बिंदुवार चर्चा किया।

जिला सदस्यता टोली देवेन्द्र सिंह, शरद सिंह, राजेंद्र चतुर्वेदी, सरोज गौतम, किरन सिंह कार्यक्रम में पूर्व जि़लाध्यक्ष राम देव पाल,सुशील शर्मा, पशुपति शकर बाजपेयी,आर बी सिंह, शिवेंद्र सिंह,पुष्पेन्द्र सिंह, विवेक शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, दल बहादुर सिंह, मोहित अग्रवाल,डॉ धनंजय सिंह, राघेन्द्र पांडेय, अभिषेक वर्मा, अखिलेश तिवारी, वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश पांडेय जितेंद्र सिंह, भागवत किशोर सिंह, निखिल पांडेय, प्रभात साहू, कालिका पंडित, महिला मोर्चा सुधा अवस्थी, रवि चौधरी, पंकज सिंह जि़ला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान आज से शुरू

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र में 9 सितंबर से 20 सितंबर तक सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में टीबी (क्षय रोग) के संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार प्रदान करना है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर संभावित क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान करेंगी। पहचाने गए मरीजों की टीबी जांच की जाएगी और पुष्टि होने पर उनका इलाज तुरंत शुरू किया जाएगा। इस अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश विक्रम सिंह, डॉ. संजय कुमार, और सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आशीष यादव सहित अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने अभियान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और इसे सफल बनाने के लिए सुझाव भी दिए। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं।

## कंगना पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंगना राणावत के बयान पर आजकल देश के किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है, देश के विभिन्न किसान संगठन कंगना राणावत के इस बयान की घोर निंदा करते हुए लगातार मुखर हैं इसी क्रम में राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 शेखर दीक्षित ने भी कंगना राणावत को लीगल नोटिस भेजा है साथ ही श्री दीक्षित ने अपने संगठन के किसानों से आवाहन किया कि कंगना के इस फर्जी बयान का प्रतिकार होना चाहिए, उनके इस आवाहन के बाद राष्ट्रीय किसान मंच के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में कलेक्ट्रेट जाकर कंगना राणावत पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपे, इसी क्रम में राष्ट्रीय किसान मंच के रायबरेली जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कंगना रनौत पर कार्यवाही की मांग की।

विदित हो कि बीजेपी सांसद कंगना ने बीते दिनों एक साक्षात्कार में किसान आन्दोलन पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसान आंदोलन के दौरान उपद्रवी, हिंसा, दुष्कर्म व हत्या हुई वहां किसान आंदोलन के नाम पर क्या हुआ सबने देखा कैसे प्रोटेस्ट के नाम पर हिंसा फैलाई गई, वहां पर रेप हो रहे थे, मारकर लाशों को लटकाया जा रहा था तब किसान बिल को वापस ले लिया गया तो उपद्रवी चौंक गए क्योंकि उनकी प्लानिंग बहुत लंबी थी। उन पर समय रहते कंट्रोल कर लिया गया था वरना वह कुछ भी कर सकते थे, इसके अलावा उन्होंने आंदोलन करने वाले किसानों को विदेशी ताकतों का नुमाइंदा भी बताया था।

## गणेश पूजा व बारह रबीउल अव्वल के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित





उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला नगर में गणेश पूजा और बारह रबीउल अव्वल के त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली परिसर में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने की। बैठक में गणेश पूजा समिति के आयोजक, प्रधान, बीडीसी सदस्य, सभासदगण, और अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सीओ राघवेंद्र सिंह ने त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, और प्रकाश व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश पूजा का विसर्जन और बारह रबीउल अव्वल का जुलूस एक दिन के अंतराल पर है, इसलिए दोनों त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने उपद्रवियों पर सख्त नजर रखने की चेतावनी दी और कहा कि त्योहारों में शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि त्योहारों को मिल-जुलकर शांति से मनाएं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

जामा मस्जिद के पेश इमाम अख्तर रजा खां ने बारह रबीउल अव्वल के जुलूस के समय और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जुलूस किस समय निकलेगा और किन-किन मार्गों से होकर गुजरेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें।

बैठक में हिंदू समुदाय के जिम्मेदार लोगों ने गणेश विसर्जन के समय और मार्गों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशासन को यह भरोसा दिलाया कि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और पूरी प्रक्रिया शांति से संपन्न होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से आदिल हुसैन, जेई पवन कुमार, दीपक चौधरी, अमर सोनी, अबरार अहमद, लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी, अल्ताफ रजा, ऐमन रिजवी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द, और अनुशासन बनाए रखना था, ताकि दोनों समुदायों के लोग मिल-जुलकर अपने-अपने त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

## बैनामा की जमीन पर कब्जा पाने के लिए क्रेता अधिकारियों के चक्कर काटने को विवश

- समाधान दिवस में लगाई गुहार

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला नगर में एक बैनामा की जमीन पर कब्जा पाने के लिए बजरंगी गुप्ता नामक क्रेता पिछले कई महीनों से अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। बजरंगी गुप्ता अपनी माता के नाम से ग्राम उतरौला अरबन में स्थित गाटा संख्या 5292 का कुछ अंश बैनामा लेकर उस पर मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन मोहल्ला गांधीनगर निवासी शफीउल्ला पुत्र बरकत अली द्वारा इस भूमि पर जबरन हस्तक्षेप और अतिक्रमण किया जा रहा है। पीड़ित बजरंगी गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी माता के नाम से वैध रूप से बैनामा किया है और उनके पास इससे जुड़े सभी दस्तावेज व कागजात भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद, वह अपनी भूमि पर मकान निर्माण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शफीउल्ला न केवल निर्माण कार्य में अवैध रूप से हस्तक्षेप कर रहा है, बल्कि पीड़ित को मारने-पीटने और जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़ित बजरंगी गुप्ता ने इस मामले की शिकायत पहले स्थानीय थाना समाधान और बाद में संपूर्ण समाधान दिवस में भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें उनकी बैनामा की जमीन पर जल्द से जल्द कब्जा दिलाया जाए और शफीउल्ला द्वारा किए जा रहे अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। बजरंगी गुप्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन से मदद की मांग की है, लेकिन अधिकारियों ने अब तक इस मामले में कोई रुचि नहीं दिखाई है। पीड़ित का कहना है कि वह वैध दस्तावेजों के बावजूद अपनी जमीन पर निर्माण नहीं कर पा रहे हैं और इस वजह से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित बजरंगी गुप्ता ने प्रशासन से अपील की है कि उन्हें उनकी वैध भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं और उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वह उच्च अधिकारियों और न्यायालय की शरण लेने के लिए मजबूर होंगे।

यह मामला अब उतरौला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है, जहां लोग प्रशासनिक अधिकारियों से उम्मीद कर रहे हैं कि वे जल्द से जल्द इस विवाद को सुलझाएं और पीड़ित को न्याय दिलाएं। जमीन विवादों के बढ़ते मामलों के बीच, यह मामला अधिकारियों की सुस्ती और न्यायिक प्रक्रिया की गति पर सवाल खड़े करता है।

## उतरौला में गणेश उत्सव की धूम, पंडालों में विराजे भगवान श्री गणेश

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला नगर में श्री गणेश उत्सव की धूम शुरू हो गई है, जहां विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य और आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। भक्तों ने पंडालों में गणपति बप्पा की प्रतिमा रखकर विधिवत पूजा–अर्चना की और चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे।

पूरे नगर में उत्साह और भक्ति का माहौल छा गया है।

श्री गणेश उत्सव के दौरान भगवान श्री गणेश की पूजा–अर्चना लगातार दस दिनों तक पंडालों में सुबह–शाम की जाएगी। भक्तगण अपने परिवारों और मित्रों के साथ पंडालों में आते हैं और भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। प्रतिमाओं में भगवान श्री गणेश के साथ भगवान शिव की उपस्थिति भी देखने को मिली है, जिससे भक्तों के मन में विशेष श्रद्धा और उत्साह का संचार हो रहा है।



उतरौला नगर के प्रमुख स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिनमें बाबा खाकी दास मंदिर, बस स्टॉप, हाटन रोड बाबा मौनीदास मंदिर, पटेल नगर, श्री दु:ख हरण नाथ मंदिर, बाबा फक्कड़ दास मंदिर और डागबगला प्रमुख हैं। इन स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मोहल्लों और गलियों में भी छोटे–बड़े पंडाल सजाए गए हैं, जहां भक्तगण भगवान श्री गणेश की पूजा कर रहे हैं।इस बार की श्री गणेश प्रतिमाएं काफी आकर्षक और भव्य हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर–दूर से लोग पंडालों में आ रहे हैं। मूर्तियों में भगवान श्री गणेश के विभिन्न रूपों को बड़े ही कलात्मक तरीके से उकेरा गया है। हर प्रतिमा की सजावट और उसकी भव्यता ने नगरवासियों का दिल जीत लिया है। श्री गणेश उत्सव के दौरान भक्तगण अपने पूरे परिवार के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन करने आते हैं।

नगरवासी इस उत्सव का पूरे साल इंतजार करते हैं, और गणपति की पूजा–अर्चना उनके लिए मन प्रसन्न करने वाली होती है। श्रद्धालुओं का मानना है कि भगवान श्री गणेश की कृपा से सभी विघ्न दूर होते हैं और जीवन में सुख–समृद्धि आती है।

श्री गणेश उत्सव के दौरान शहर के पंडालों में पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से भगवान श्री गणेश की पूजा कर सकें। आयोजकों ने भी पंडालों की सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है।

नगर में जगह–जगह लाइटिंग, सजावट और म्यूजिक की व्यवस्था की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

गणेश उत्सव के दस दिनों के बाद, भव्य शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा। भक्तगण श्री गणेशजी से अगले साल फिर से वापस आने की कामना करते हुए उन्हें विदा करेंगे।

उतरौला में इस बार का श्री गणेश उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामूहिकता और सांस्कृतिक समागम का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

### सोमनाथ मंदिर पर गणेश चतुर्थी महोत्सव आयोजित



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत पौराणिक श्री सोमनाथ मंदिर पर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश पूजन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें मंगलाचार्य महंत जितेन्द्र वन द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें राजकरन पाठक,योगेन्द्र वन, नीरज यदुवंशी,छोटू पांडेय,आंनद जायसवाल,रामजी जायसवाल, पृथ्वीनाथ जायसवाल,राजेश कुमार,विकास जायसवाल,अशोक कुमार,आदि लोग सम्मिलित रहें।

## राप्ती नदी के तांडव से बचने के उद्देश्य से तट बंध निर्माण के लिए संदीप वर्मा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

किसानों की डूबती फसल को बचाने के उद्देश्य से राप्ती नदी के तट पर बसे बलरामपुर भड़रिया तटबंध के निर्माण को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने केंद्रीय मंत्री पर्यावरण वन एंव जलवायु विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह एक ज्ञापन सौंपा।



दिए गए पत्र में कहा है कि गोंडा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधानसभा उतरौला के क्षेत्रवासी व राप्ती नदी के तट फर बसे ग्रामवासियों को बाढ़ के दौरान काफी क्षति उठानी पड़ती है। बलरामपुर भड़रिया तटबंध का निर्माण कई वर्ष पहले शुरू किया गया था और उसको अधूरा छोड़ दिया गया था।जिससे पूरा क्षेत्र हर साल बाढ़ ग्रस्त प्रभावित रहता है।तथा किसानों का हजारो हेक्टेयर कृषि फसल बर्बाद हो जाती है जिसे पूर्ण कराना अत्यंत आवश्यक है वहीं पूर्व में मटियरिया कर्मा व मिलौली बाघाजोत, आदि गांवों में अर्ध निर्मित तटबंध बनाने के लिए किसानों से ली गई जमीन का अभी तक मुवायजा नही मिल पाया है उन्हें मुआयजा दिलाया जाए।बलरामपुर भड़रिया तटबंध पर बने रेगुलेटर( सायफन) के जलनिकासी का क्षमता बढ़ाये जाने की मांग शामिल है। बाढ़ प्रभावित गांव तिल्खी बढ़या देवारिया अर्जून, बभनी बुर्जुग समेत दर्जनों गांवों की समस्या एक सी है।

## देश के विकास व उपभोक्ता बाजार में कैसे हो संतुलन

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी–भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध राष्ट्र भारत की बड़ी जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। हमें देश की विशाल जनसंख्या के साथ विकास और उपभोक्ता बाजार के संतुलन का समुचित मार्ग तलाशना होगा । 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है।

# युवा और कारोबारी क्यों कर रहे खुदकुशी



**पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र-छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए।**

आर.के. सिन्हा

बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था। पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्महत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र-छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए।

आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस (12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे। कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है। देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रीलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को, ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़े-लिखे। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों को कमजोर साबित कर देते है। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है।

इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए? पर इन सबके लिए जरूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आजादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं।अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ. गोपाल दस नीरज की पंक्तियाँ याद आ रही हैं, छुप-छुप अश्रु बहाने वालों, जीवन व्यर्थ लुटाने वालों, इक सपने के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है।÷ सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है, उसे स्वीकार करने में ही भला है।

जैसा कि मैंने ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में जब कोविड की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था। उस समय 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29त्न अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी। कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं - जो 2019 से 103त्न अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी। महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25त्न अधिक है और तमिलनाडु में 1,447 व्यवसायियों ने अपनी जान ली, जो 2019 से 36त्न अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है, जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली।

## विचार

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : 80 रुपए से शुरू हुआ धर्मेंद्र का सफ़र...

अजय कुमार शर्मा




हिंदी फिल्मों के सदाबहार हीरो धर्मेंद्र ने बिना किसी सिफारिश के फिल्मों में तो अपना स्थान बनाया ही बल्कि आगे चलकर अपनी साफ-सुथरी छवि और दरियादिली से लाखों प्रशंसकों का दिल जीता। सफल हीरो बन जाने के बाद भी पंजाब का सीधा-सादा किसान उनके व्यक्तित्व से अलग नहीं हुआ। अपने कार्य जीवन और फिल्मों की शुरुआत के संबंध में उन्होंने एक संस्मरण अपने समय की प्रख्यात और लोकप्रिय हिंदी फिल्म पत्रिका माधुरी में लिखा था।

इसमें उन्होंने लिखा था कि अपनी पहली नौकरी के इंटरव्यू के लिए वह अपने बाबूजी के साथ सूट और टाई लगाकर गए थे। वह एक ट्यूबवैल कंपनी में नौकरी के सिलसिले में था। लेकिन कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि उनके पास मजदूरी का काम है और उसमें 80 रुपए से ज्यादा नहीं दिए जा सकते। यह सुनकर उनके बाबूजी को बहुत बड़ा सदमा लगा। उन्हें भी यह सुनकर बुरा लगा। उन्हें लगा कि वह अपने आर्यसमाजी और अध्यापक पिता की उम्मीद पर खरे नहीं उतरे हैं। उनके आर्यसमाजी पिता जो जीवन भर दूसरे लोगों को सुधारते रहे। उनको यह दुख था कि वह अपने बेटे को सुधार नहीं पाए और वह दो कौड़ी का निकला। हालांकि धर्मेंद्र हाईस्कूल तक तो पक्के आर्यसमाजी की तरह सुबह-शाम प्रार्थना करते थे और आर्य समाज मंदिर में झाड़ू-बुहारी तक बड़ी श्रद्धा से करके आते थे। लेकिन फिर पढ़ने के लिए बाहर जाने पर उनके ऊपर फिल्मों का ऐसा भूत सवार हुआ कि वह इंटर और बीए में कई बार फेल हुए। शायद यही कारण था कि अब उन्हें जो काम मिल रहा था वह मजदूरी का काम मिल रहा था। लेकिन यहां धर्मेंद्र ने अपना दूसरा रूप दिखाया। उन्होंने तुरंत कोट-टाई उतार दी और मजदूरी का काम करने के लिए अपनी सहमति दे दी। उनके बाबूजी की आंखों में एक पल को जो अनोखी चमक आई उसे देखकर वह धन्य हो गए और खुशी-खुशी काम पर चले गए। एक-दो दिन के बाद ही वह खुद ट्यूबवैल लगाने लगे। उनके अधिकारियों ने खुश होकर कहा कि अब तुम मजदूरों का काम नहीं करोगे। तुम आज से फिटिंग करोगे और सुपरवाइजर का काम करोगे। तुम्हारी तनख्वाह होगी 300 रुपए। इसके बाद वे फिर कोट-टाई पहनकर अपने बाबूजी के पास गए और उनके पैर छूकर बताया कि अब उन्हें 300 रुपए महीना मिलेगा तो वे हैरत से देखते रहे कि कौन-सा जादू जानता है उनका लड़का जो तीन दिन में 300 की तरक्की ले आया? उस पल उनके चेहरे का संतोष भी उन्हें नहीं भूलता। वह उनकी जिंदगी की पहली तरक्की थी और शायद जीवन की सबसे बड़ी तरक्की... फिर उनके बाबूजी को लगा कि इस नौकरी में कहीं उन्हें विदेश न जाना पड़े इसलिए उन्होंने उनकी जल्दी से शादी कर दी। उन्हें डर था कि कहीं विदेश में जाकर उनका आर्यसमाजी बेटा रंग-ढंग न बदल ले। धर्मेंद्र भी अपने जीवन में स्थिर होना चाह रहे थे कि तभी फिल्मफेयर-यूनाइटेड प्रोड्यूसर के टैलेंट हंट का विज्ञापन देखकर एक स्टूडियो में अपने फोटो खिंचवा कर वहां भेज दिए। मां-बाप को बुरा लगा लेकिन वे साक्षात्कार के लिए बुलाए गए और उन्हें चुन लिया गया। यह अलग बात है कि जिन लोगों ने चुना, उन्होंने कोई काम नहीं दिया। वह निराश होने लगे थे और वापस पंजाब लौट जाने के बारे में सोचने लगे थे कि तभी उन्हें फिल्म द्धदिल भी तेरा हम भी तेरे% के लिए बुलाया गया और वहां काम मिल गया। इस बीच एक फिल्म के तीन भागीदार निर्माताओं ने उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया। सबने कहा कि लड़का तो अच्छा है, हीरा है लाखों का है और जब साइनिंग अमाउंट 1001 रुपए देने की बारी आई तो तीनों की जेब से मात्र 51 रुपए निकले... इस तरह वह मात्र 51 रुपए में हीरो चुन लिए गए। तभी उन्हें विमल राय का बुलावा आया। वह उनसे जाकर मिले। विमल दा बहुत कम बोलते थे और धर्मेंद्र की जगह उन्हें धर्मेंद्रु कहते थे, उस दिन वह कुछ न बोले। आते वक्त बस एक बात बोले, जो काम किया है उसकी रील दिखाओ। अब धर्मेंद्र दुविधा में पड़ गए क्योंकि उन जैसे नए अभिनेता की रील लेबोरेटरी से देने को कोई भी तैयार नहीं होगा। तब उन्होंने लेबोरेटरी में जाकर उसके एडिटर को मक्खन लगाया और कुछ रील चुपचाप ले जाकर विमल दा को दिखाईं। उन्होंने रील देखीं लेकिन कुछ बोला नहीं। फिर एक दिन बुलावा आया। वे मिले, वैसे ही चुपचाप। कहा बाहर बैठो। धर्मेंद्र दिनभर बाहर बैठे रहे। शाम को हताश होकर लौट ही रहे थे कि विमल दा नीचे उतरे और बोले तुमको हीरो लिया है, साइनिंग 1001 रुपए का ऊपर से चेक ले लो। क्रॉस चेक लेकर उड़े-उड़े जब घर पहुंचे तो मालूम हुआ इसको भुनाने के लिए बैंक में खाता खोलना होगा। खैर... इस तरह वह बंदिनी के हीरो बने और सफलता के शिखर की ओर बढ़ चले...

चलते-चलते


इसके बाद उन्होंने एक छोटी फिएट गाड़ी ले ली जिसका रंग हरा और नंबर था एमआरएक्स 9144। गाड़ी लेने की सूचना उन्होंने सबसे पहले विमल दा को भाग कर दी। वे कुछ नहीं बोले और बाहर चले गए। उनका दिल दुखा... लगा कि पहली गाड़ी लेने के उनके सुख को साझा करने वाला भी कोई नहीं। घंटों उदास घूमते रहे तभी किसी ने उनके कंधे पर हाथ रखा, वह विमल दा थे, बोले तुम कुछ कह रहे थे धर्मेंद्रु ? जब धर्मेंद्र ने उन्हें गाड़ी दिखाई तो उन्होंने इतना उत्साह दिखाया जैसे पहली बार गाड़ी देखी हो। यह तो धर्मेंद्र को बाद में मालूम हुआ कि इन घंटों में वे कितने बड़े मानसिक तनाव में गुजर कर आए थे। तब तो एक बार फिर विमल दा के सामने उनका सिर श्रद्धा से झुक गया ।

## विकिपीडिया का विवादों से पुराना नाता

प्रेम शर्मा

इंटरनेट, 1965 का एक बहुत ही जटिल और क्रांतिकारी आविष्कार है, जिसने हमारी दुनिया को बदल दिया है। इंटरनेट को ष्एक वैश्विक संचार नेटवर्क के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें हजारों नेटवर्क शामिल हैं जो आमतौर पर फाइबर ऑप्टिक केबलिंग द्वारा परस्पर जुड़े होते हैं। मगर इसके समांतर सच यह भी है कि इंटरनेट की विस्तृत और एक अर्थ में कहें तो असीमित दुनिया में किसी खास विषय पर मौजूद जानकारी को पूरी तरह सही मान लेना अब एक जोखिम भरा काम हो गया है।

शायद यही वजह है कि अब इंटरनेट पर खोजे गए किसी तथ्य की कई-कई स्रोतों से जांच और पुष्टि करने की जरूरत पड़ने लगी है। दरअसल, किसी खास मुद्दे पर जानकारी मुहैया कराने वाली कुछ वेबसाइटें अपनी सामग्री ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाती हैं, मगर उसके सही होने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं होता। इस संदर्भ में विकिपीडिया को देखा जा सकता है, जहां किसी संदर्भ में कई बार विस्तृत जानकारी रहती है, मगर उसे तैयार करने से लेकर संपादित करने का जो ढांचा बनाया गया है, उसमें कब लिए कोई भ्रामक जानकारी दे दी जाए, कहा नहीं जा सकता। यहाॅ दिल्ली हाईकोर्ट ने द्वारा लोकप्रिय और मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश विकिपीडिया को समाचार एजेंसी एएनआई की एंट्री में किए गए संपादन में जानकारी छिपाने के मामले में न्यायालय की अवमानना जारी करते हुए कोर्ट ने विकिपीडिया को भारतीय कानूनों का पालन न करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि आपको भारत पसंद नहीं है, तो कृपया भारत में काम न करें... हम सरकार से आपकी साइट को ब्लॉक करने के लिए कहेंगे।यह मामला एक समाचार एजंसी से जुड़ा है, जिसमें एजंसी ने विकिपीडिया पर उसके बारे में गलत जानकारी देने, कुछ पेज संपादित करने की इजाजत देने का आरोप लगाया गया है। यही नहीं, एजंसी को सरकार की ओर से झूठा प्रचार करने वाला औजार भी बताया गया। किसी वैश्विक संस्थान पर इतनी बड़ी टिप्पणी यू ही नही की गई है। यह तो तय है कि आज के समय पर वीकिपीडिया हर क्षेत्र के लिए ज्ञान का भण्डार है। प्रतियोगी परीक्षा से लेकर पढ़ाई व हर क्षेत्र में वीकिपीडिया का अपना महत्व है। इससे लोगों का भविष्य जुड़ा हैं। लेकिन गैर संपादित और अनर्गल जानकारी के कारण इसका विरोध किया जाता है तो यह जायज है। क्योकि गलत या असंपादित जानकारी ज्ञान की जगह अज्ञानता का प्रतीक बन जाती है। ऐसे में अगर ऑख बंद करके केवल वीकिपीडिया की जानकारी पर भरोसा किया जाएगा तो काफी हानिकारक हो सकता है। बहरहाल विकिपीडिया का विवादों से पुराना नाता रहा है। भले ही यह प्लेटफॉर्म दावा करता है कि कंटेंट का रिव्यू किया जाता है, लेकिन इसके कई पेजों में ऐसा कंटेंट पाया गया जो विवाद की वजह बना. पैगम्बर मोहम्मद, संयुक्त राज्य अमेरिका,खतना, यीशू, जाति और बुद्धिमता ऐसे कई पेज रहे हैं जिन पर विवादास्पद कंटेंट मिला। यही नही विकिपीडिया पर आरोप लगते रहे हैं कि यह भेदभाव करता है. इसके लिए दुनियाभर के वॉलंटियर लिखते हैं. ऐसे में सभी आर्टिकल को पढ़ना और यह जांचना मुश्किल है कि वो न्यूट्रल लिख रहे हैं या फैक्चुअल या फिर भेदभावपूर्ण तरीके से अपनी बात कह रहे हैं। विकिपीडिया पर गलत जानकारी देने के भी आरोप लगते रहे हैं ऐसा इसलिए क्योंकि कोई भी यूजर इसके आर्टिकल को एडिट कर सकता है. कई बार ये प्रैंक या जानबूझकर गलत जानकारी देने के लिए करते हैं। यही नही जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विकिपीडिया जैसे ऑनलाइन स्रोत क्राउड सोर्स्ड और यूजर जेनरेटेड एडिटिंग मॉडल पर आधारित हैं। यह पूरी तरह से भरोसेमंद नहीं हैं और भ्रामक जानकारी को बढ़ावा दे सकते हैं।



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# प्रतीकों व आराध्यों की अवमानना का कुचक्र कब तक




**इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुईं। इस सबका उद्देश्य भारत को कमजोर करना था। सल्तनतकाल गया, अंग्रेजीकाल भी गया लेकिन यह कुचक्र न रुक सका। दीपावली आने पर प्रदूषण बचाने की बात हो, होली पर पानी बचाने का अभियान चले या मंदिरों के स्थान पर अस्पताल बनाने का सुझाव आये। आधुनिकता अथवा मानवीय आदर्श के बहाने केवल सनातन परंपराओं, प्रतीकों और आस्था पर ही प्रश्न उपस्थित होते रहे हैं। इतिहास व साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुई और दूसरी ओर क्रूरतम अपराधियों व आतंकवादियों के कारनामों को ढंकने के प्रयास हुए। वर्ष 1921 में मालाबार में हिन्दुओं के सामूहिक नरसंहार को शोषण के विरुद्ध संघर्ष बताकर हत्यारों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताने का प्रयास हो या मुम्बई हमला, मालाबार ब्लास्ट आदि घटनाओं में आतंकवादियों के बजाय निर्दोष नागरिकों को फंसाने का कुचक्र भी निरंतर चल रहा है।**

रमेश शर्मा

स्वाधीनता के 77 वर्ष बाद भी सनातन धर्म के मानबिन्दुओं, परंपराओं, मान्यताओं और आराध्यों की अवमानना का कुचक्र रुकने का नाम नहीं ले रहा। हाल ही में एक वेब सीरीज रिलीज हुई है जिसमें कंधार विमान अपहरण कांड के आतंकवादियों के नाम भोला और शंकर रखे गये हैं। विरोध के बाद निर्माता ने नाम बदलने की घोषणा कर दी। लेकिन इस सीरीज ने एक बार फिर सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर किया है।

सनातन धर्म के प्रतीकों और आस्था स्वरूपों को अपमानित करने का अभियान सल्तनतकाल में आरंभ हुआ था। तब न केवल मंदिर और आस्था के प्रतीकों को ध्वस्त किया गया था अपितु हेयतम प्राणियों के नाम सनातन परंपरा के आराध्यों और अवतारों का नाम पर रख कर परिहास करने के विवरण इतिहास के पन्नों में मिलते हैं। सल्तनतकाल बीता, अंग्रेजीकाल आया। अंग्रेजीकाल में मंदिर, मूर्तियों या अन्य आस्था के प्रतीकों का विध्वंस तो रुका लेकिन अवमानना का कुचक्र यथावत रहा। अब यह बौद्धिक स्तर पर आरंभ हुआ। अंग्रेजीकाल में इतिहास और साहित्य रचना कुछ ऐसी शैली में हुई जिससे सनातन परंपराएँ और आदर्श के पात्र परिहास अथवा घृणा का कारण बनें। ऐसी कहानियाँ लिखीं गईं, कविता और एकांकी तैयार हुये, कुछ फिल्मों का निर्माण हुआ। इनमें सोच-समझकर ऐसा कथानक तैयार किया गया जिसमें भारतीय मानबिन्दु विवादास्पद बनें अथवा हास्यास्पद ताकि जन सामान्य उनसे दूर हो।

कितनी ऐसी फिल्में बनीं जिनमें आदर्श पौराणिक पात्र नारद जी को विदूषक की भाँति प्रस्तुत किया गया। एक फिल्म में नायक शिवमंदिर जाकर भगवान शिव को खरी-खोटी बातें सुनाता है। कितनी फिल्मों में पुजारियों की प्रस्तुति ऐसी हुई है मानों वे ढोंगी और पैसे ठगने वाले हों, अनेक फिल्मों में ठाकुरों को शराबी और शोषण कर्ता जैसी प्रस्तुति हुई। एक फिल्म में बनारस के गंगा घाट के एक पंडा का चरित्र कुछ ऐसा प्रस्तुत हुआ जो पूजा के बहाने श्रद्धालुओं की लूट और हत्या करता है। इन सबका उद्देश्य सनातन समाज को अपने मूल से दूर करना था।

इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुईं। इस सबका उद्देश्य भारत को कमजोर करना था। सल्तनतकाल गया, अंग्रेजीकाल भी गया लेकिन यह कुचक्र न रुक सका। दीपावली आने पर प्रदूषण बचाने की बात हो, होली पर पानी बचाने का अभियान चले या मंदिरों के स्थान पर अस्पताल बनाने का सुझाव आये। आधुनिकता अथवा मानवीय आदर्श के बहाने केवल सनातन परंपराओं, प्रतीकों और आस्था पर ही प्रश्न उपस्थित होते रहे हैं। इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुई और दूसरी ओर क्रूरतम अपराधियों और आतंकवादियों के कारनामों को ढंकने के प्रयास हुए। वर्ष 1921 में मालाबार में हिन्दुओं के सामूहिक नरसंहार को शोषण के विरुद्ध संघर्ष बताकर हत्यारों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताने का प्रयास हो या मुम्बई हमला, मालाबार ब्लास्ट आदि घटनाओं में आतंकवादियों के बजाय निर्दोष नागरिकों को फंसाने का कुचक्र भी निरंतर चल रहा है।

इसी कुचक्र को आगे बढ़ाने वाली अब एक वेब सीरीज आई है। यह वेब सिरीज वर्ष 1999 के कंधार विमान अपहरण पर आधारित है। वर्ष 1999 में आतंकवादी एक भारतीय विमान का अपहरण करके कंधार ले गये थे। तब इस घटना ने पूरे देश को आक्रांत कर दिया था। विमान का अपहरण करने वाले आतंकवादियों के नाम इब्राहिम अख्तर, शाहिद अख्तर, सनी अहमद, जहूर मिस्त्री और मोहम्मद शाकिर थे। पूरी दुनिया को स्तब्ध करने वाले इस विमान अपहरण कांड पर अब द कंधार ÷द्धष्ट 814÷ नामक यह वेब सीरीज तैयार की गई है जो 29 अगस्त को सोशल मीडिया पर देखी गई। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है।

इस सीरीज में विमान अपहरण करने वाले आतंकियों के असली नाम नहीं दिये गये। उनके स्थान पर अपहरण करने वाले आतंकवादियों के नाम भोला और शंकर रखे गये हैं। सीरीज की प्रस्तुति ऐसी है जिसमें ये दोनों अपहरणकर्ता एक-दूसरे को भोला और शंकर नाम कई बार संबोधित करते दिखाये गये हैं। जबकि मीडिया की खबरों के अनुसार अपहरण के दौरान तब अपहरण कर्ताओं ने एक-दूसरे के नाम नहीं लिये थे। लेकिन इस वेब सीरीज में दोनों अपहरणकर्ता बार-बार एक-दूसरे का नाम ले रहे हैं। सीरीज के सामने आते ही इसका विरोध हुआ।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने जनपद में चलाया सदस्यता अभियान

**कालूराम प्रजापति और विनीता बाल्मीकि ने किया मार्गदर्शन**


उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**सुहेलदेव भारतीय** समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत उरई में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जेल रोड स्थित सरकार पैलेस में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति और विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता बाल्मीकि रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में कालूराम प्रजापति ने पार्टी के सदस्यता अभियान की महत्वता पर जोर देते हुए कहा कि जितना अधिक सदस्यता अभियान को बढ़ावा दिया जाएगा, पार्टी की विचारधारा और लक्ष्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें और सदस्यता अभियान को सफल बनाएं। विशिष्ट अतिथि विनीता बाल्मीकि ने भी अपने वक्तव्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का उद्देश्य समाज के शोषित, वंचित, और अति शोषित वर्गों को पार्टी से जोड़ना और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान सिर्फएक राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज के दबे-कुचले वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है। कार्यक्रम में हरिओम प्रजापति (मंडल प्रभारी, झांसी), अखिलेश धूता (जिला प्रभारी), सुनील परिहार (जिला अध्यक्ष), प्रभान सिंह खंगार (जिला सह प्रभारी), सुखनंदन (जिला अध्यक्ष, झांसी) और निरपत सिंह खंगार (पूर्व मंडल प्रभारी, झांसी) समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के सदस्य के रूप में जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया।



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सदस्यता अभियान में मंचासीन नेता — समृद्धि न्यूज

# सपा का भी जोर पकड़ रहा सदस्यता अभियान



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

**सपा नेता लगाया भाजपा पर ब्राह्मणों का उत्पीड़न करने का आरोप**

**विधानसभा क्षेत्रहैदरगढ़** के कान्हूपुर स्थित चतुर्भुज मंदिर पर रविवार को समाजवादी पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व मंत्री पवन पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न ब्राह्मण समाज का हो रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना चाहिए और 2027 में सरकार बनाने का काम करना चाहिए। समारोह में पूर्व मंत्री ने कहा कि आज योगी जी का बुलडोजर केवल ब्राह्मणों के ही घर गिराने में लगा हुआ है। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप व राकेश वर्मा ने कहा कि आप लोग अभी से 2027 में होने वाले चुनाव के लिए कमर कस लें। जिससे सपा की सरकार बन सके और ब्राह्मण समाज को उनका खोया सम्मान हासिल हो सके । उन्होंने कहा कि आज किसान,गरीब,मजदूर, नौजवान परेशान हैं। समारोह में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज़ ने विभिन्न पार्टियां छोड़ कर आए मनोज द्विवेदी , देवेन्द्र द्विवेदी, नवीन पांडेय बृजेश त्रिवेदी समेत 35लोगो पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम मगन रावत , वरिष्ठ सपा नेता अदनान चौधरी,जिला पंचायत सदस्य राम बक्स रावत पुचकारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र वर्मा,सिपाही लाल यादव, परशुराम यादव,वासुदेव यादव, राम रूप रावत समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# झोपड़ी ही गुड़िया के नसीब में, दोनों पैरों से दिव्यांग को नहीं मिला पीएम आवास

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**दोनों पैरों** से दिव्यांग गुड़िया झोपड़ी में रहकर अपने जीवन के दिन काट रही हैं।प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री से लेकर प्रदेश एंव जिले के आलाधिकारियों से विकलांगता के आधार पर एक आवास की मांग करने के बावजूद उसे आज तक आवास नहीं मिल सका।यह हाल तब है जब विकास खंड रामनगर में बनाई गई मुख्यमंत्री आवास की प्रतीक्षारत सूची में क्रमांक संख्या 37 पर नाम उसका दर्ज किया गया था।जिसे कुछ दिनों बाद उसका नाम पात्रता सूची से काट दिया गया था।जिसकी जानकारी होने के बाद पीड़िता ने उपजिलाधिकारी रामनगर को आवास दिलाये जाने संबंधी शिकायती पत्र दिया था।शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुये एस डी एम ने राजस्व की टीम को मौके पर भेज कर जांच करवाई जिसमें वह पात्र पाई गई थी।राज्य आयुक्त दिव्यांगजन यूपी और खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को भी प्रेषित पत्र में आवास दिलाए जाने की मांग की थी।पीड़िता का कहना है कि उसके पति अरविंद कुमार गांव के अन्य लोगों से आवास देने के नाम पर ग्राम प्रधान विमला देवी के पति विनोद कुमार यादव द्वारा पैसा मांगा गया था जिस पर जिला अधिकारी के समक्ष साक्ष्य के रूप में ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रस्तुत करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था।परिणाम स्वरूप डीएम के आदेश पर प्रधान पति विनोद कुमार यादव के खिलाफ स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था इसी से नाराज प्रधान और उनके पति ने ब्लाक के अधिकारियों से साठगाँठ कर पुनः जांच करवारकर मुझे अपात्र घोषित कर दिया गया।यहा पर सवाल इस बात का है कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पात्र गरीब एंव दिव्यांग जनों को आवास दिये जाने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं और पात्रों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवास देकर लाभान्वित कर रहे हैं।लेकिन उनके मंसूबो पर ब्लॉक के कर्मचारी और ग्राम प्रधान पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं।

# भाकियू की मासिक बैठक सम्पन्न



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

**भारतीय** किसान यूनियन हरपाल गुट की तहसील व ब्लाक स्तरीय मासिक बैठक बछरावां रोड पर कस्बे के शुभाष वार्ड में मकदूम मर्द शाह बाबा की मजार पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार व जन समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष जावेद खान, जिला उपाध्यक्ष शिव मोहन वर्मा, तहसील अध्यक्ष सलमा बानो, ब्लाक अध्यक्ष अन्नू सिंह, मेवालाल रावत,अरविन्द सिंह, शरबेश, शिव बरन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार रबीउल अव्वल का निकला जुलूस

**जैदपुर बाराबंकी।** चार रबीउल अव्वल के मौके पर मोहल्ला चिकना महल से जुलूस निकाला गया।जिसमे ऊंट,घोडे,जुलजना,अलम सहित लोग अंजुमन नौहा ख्वानी व सीनाजनी करते हुए गार तक पहुची।बताते चले कि चार रबीउल अव्वल के मौके पर कस्बे की पुलवारी मस्जिद चिकना महल जैदपुर से मजलिस के बाद जुलूस मोहल्ला पछदरी,बांध,छोटी बाजार,छोटा इमामबाड़ा,बडी बाजार होते गार तक पहुंचा।

# खबरें एक नजर में

## फांसी के फंदे से लटका मिला आशा बहू का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के कुड़वा गांव में शनिवार की देर शाम अज्ञात कारणों के चलते 37 वर्षीय आशा बहू ने फांसी के फंदे से लटककर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी लगभग 37 वर्षीय गायत्री देवी पत्नी धर्मेंद्र का शव शनिवार की देर शामघर के अंदर कमरे में छत में लगी बॉस की बल्ली के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। जिससे हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि घटना के समय पति घर पर मौजूद नही था। काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था । देर शाम वापस घर लौटे पति ने पत्नी को आवाज लगाई तो कोई जवाब नही मिला घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे का दरवाजा बन्द था और अंदर से कुंडी लगी हुई थी काफी जोर लगाने पर दरवाजा नहीं खुला तब दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा गया तो युवती छत में लगी बॉस बल्ली के सहारे साड़ी के सहारे फांसी के फंदे से लटक रही थी । घटना की सूचना गांव में फैलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है ।शव पी एम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में 5 लोग घायल

**इटावा।** दिल्ली से लखनऊ जा रहे चार भाई हुए सड़क हादसे के शिकार कार स्कार्पियो दिल्ली से लखनऊ जा रही थी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कार सडक बीच रेलिंग को तोड़कर पलटते हुए विपरीत साइड मे आ गई जिसमे 5 लोग सवार थे अंकित पुत्र कमलेश शाह निखिल पुत्र अभिमन्यु प्रताप सिंहआदित्य पुत्र अभिमन्यु प्रताप सिंह अश्वनी पुत्र संजय सूरज पुत्र लव सभी एक ही परिवार के सदस्य निवासी विजयनगर न्यू दिल्ली जिन्हे यूपीडा की एंबुलेंस की मदद से सैफई भिजवा दिया गया है लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है यातायात सुचारु रूप से चालू रहा। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 126 पर हुआ हादसा। दुर्घटना में तीन भाई गंभीर रूप से हुए। दिल्ली के विजयनगर से लखनऊ जा रहे थे यह चारों भाई। दुर्घटना के दौरान गाड़ी में पांच लोग सवार थे। गाड़ी चलाते समय ड्राईवर को अचानक झपकी आने के बाद गाड़ी करीब 5 -6 पलटा खाने के बाद रुकी।इस घटना में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही थाना ऊसराहार पुलिस तथा यूपीडा टीम मौके पर पहुंची। सभी ने राहत बचाव कार्य करते हुए एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सैफई पीजीआई के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष मंसूर अहमद ने सभी घायलो को सैफई पीजीआई भिजवा दिया।

## महिला क्लब की सदस्यों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**इटावा।** इटावा क्लब में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिला क्लब की सदस्यों ने शिक्षकों को सम्मानित भी किया। क्लब की अध्यक्ष राजश्री वर्मा ने राधाकृष्णन की चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं शिक्षक शालिनी दुबे विजय कुलश्रेष्ठ नीता पाराशर सहित सभी अध्यापकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया । इस दौरान अध्यक्ष, राजश्री वर्मा प्रभा गावा कुसुम मिश्रा बिना चौहान नीतू स्नेहा मिश्रा रेखा पुष्पा रमन आदि सदस्य आए मौजूद रही।

## जायंट्स सहेली ने किया पूर्व शिक्षिका सरोजिनी को सम्मानित

**इटावा।** जायंट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली द्वारा पारुल दीक्षित के निवास पर आयोजन किया गया जिसमें चकरनगर की पूर्व शिक्षिका सरोजिनी को शॉल उड़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उनके स्वस्थ जीवन के लिए सभी ने प्रार्थना की। इस अवसर पर ग्रुप की फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित ने सभी सहेलियों एवं शिक्षिका का स्वागत किया।वित्त निदेशक विमल शर्मा एवं प्रशासनिक निदेशक प्रतिभा सिंह ने संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर रीना राठौर, मालती दीक्षित, उर्वशी दीक्षित, मनोरमा पोरवाल, हेनु वर्मा पुष्पा यादव व संध्या अग्रवाल उपस्थित रहीं।

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

इटावा। समृद्धि न्यूज

**सम्पूर्ण समाधान** दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील चकरनगर के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 82 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। और मीडिया से बातचीत करते हुए कहा किसी भी प्रकार के क्राइम को जड़ से मिटा दूंगा आप लोग केबल अवगत करवाते रहे।

# नगर आयुक्त ने जनमानस से की डेंगू के बचाव हेतु सावधानी की अपील

**वार्डों में डेंगू एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु सघन अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश**

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**रविवार को** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा पाटेश्वरी नगर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि अजय पाण्डेय के साथ शक्ति विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया गया।भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों से वार्ता करते हुए समस्याओं की जानकारी ली गयी,सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा डेंगू के प्रकोप से नियंत्रण और संचारी रोगों से रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि पाटेश्वरी नगर वार्ड शक्ति विहार कॉलोनी में डेंगू के कई मामले आये थे।इस वर्ष डेंगू के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए विशेष अभियान चलाते हुए उक्त स्थलों पर अतिरिक्त टीम लगाकर साफ सफाई और एंटी लारवा मैलाथियान आदि का छिड़काव कराया जा रहा है। इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा स्वामी विवेकानंद वार्ड में मो ऋषिटोला,बहेलिया टोला का भी भ्रमण किया गया,स्थानीय नागरिकों से वार्ता की गयी, समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गयी और इस सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों के घरों से संपर्क करते हुए डोर टू डोर कूड़ा संग्रह वाहन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा नियमित रूप से घरों से कूड़ा संग्रह कराये जाने के निर्देश दिए गए।इसके उपरांत चौक क्षेत्र में जमुनिया बाग में पूर्व उपसभापति के साथ दुर्गा पूजा पंडाल स्थल का निरीक्षण किया गया। इसके संबंध में निगम द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद हरिश्चन्द्र गुप्ता, सहायक अभियंता, सुश्री आस्था गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी, क्षेत्रीय नागरिक अनिल मिश्रा, अंगद कुमार, इन्द्र भूषण सिंह, आशीष कुमार पाण्डेय, नीरज सिंह, दीपक अग्रवाल, वीरेंद्र तथा वक़ार अहमद आदि मौजूद रहे।

# मां की ठुकराई नवजात कन्या को नहीं मिल रहा बालगृह का संरक्षण

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**11 दिन** पहले हैदरगढ़ क्षेत्र में लावारिस दशा में मिली नवजात बालिका का लोहिया अस्पताल लखनऊ में चले 11 दिनों तक उपचार के बाद चिकित्सकों ने नवजात को स्वस्थ्य होने की बात कहकर डिस्चार्ज कर दिया तो वहीं राजकीय बालगृह(शिशु) प्राग नारायण रोड लखनऊ की अधीक्षिका ने बालगृह में लेने से इनकार कर दिया ऐसी दशा में नवजात बालिका को लेकर चाइल्ड लाइन की टीम हलकान है। माँ की ममता ने ठुकराया तो नवजात बालिका का राजकीय संरक्षण मिलना उसका अधिकार है, इस अधिकार की सम्प्राप्ति में नियमो उपनियमो में नवजात बालिका का संरक्षण ऐसे दर किनार हो रहा है, जैसे उसकी माँ ने ठुकराया। बाल कल्याण समिति / न्यायपीठ बालिका के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है, वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर नवजात को चिकित्सीय सुविधा के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती होने का आदेश पारित किया। लोहिया अस्पताल ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर नवजात को 11 दिनों तक भर्ती करके उपचार किया, चाइल्ड लाइन टीम ने अपनी जिम्मेदारी निर्वहन कर नवजात को सुरक्षित व संरक्षित करके लोहिया अस्पताल, राजकीय बालगृह लाती ले जाती रही। अब राजकीय बालगृह की अधीक्षिका की जिम्मेदारी है कि वह नवजात को अपने शिशु गृह में दाखिल करके उसका संरक्षण पालन पोषण करे। बालगृह की अधीक्षिका का अपना तर्क और नियमो का हवाला देना है कि नवजात का वजन मानक से कम करीब एक किलो 450 ग्राम ही है, ऐसे में बालगृह में रखना जोखिम है। इन नियमो में उलझकर रह गई नवजात का संरक्षण पाला दर पाला ठुकराया जा रहा है। बाल कल्याण समिति न्यायपीठ का नवजात शिशु को राजकीय बालगृह (शिशु) दाखिल कराने बालगृह बाराबंकी के आदेश की भी अवहेलना हो रही है और चाइल्ड लाइन की टीम नवजात को लेकर भटक रही है।

गौरतलब है कि थाना हैदरगढ़ अंतर्गत लावारिश दशा में प्राप्त नवजात शिशु जो बाराबंकी की बाल कल्याण समिति/ न्यायपीठ के आदेश से मातृ शिशु रेफरल अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया था को 11 दिन बाद स्वस्थ होने पर चिकित्सको ने डिस्चार्ज कर दिया। शिशु की अस्पताल में देखभाल पर लगे चाइल्ड लाइन की टीम ने इसकी जानकारी न्यायपीठ बाराबंकी को दिया,न्यायपीठ के सदस्य/न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश शुक्ला एवं दीपशिखा श्रीवास्तव ने तत्काल नवजात शिशु के सर्वोत्तम हित मे पूर्व के आदेश के अनुक्रम में शिशु को राजकीय बाल गृह (शिशु) प्राग नारायण रोड लखनऊ में आवासित करने का आदेश निर्गत किया। चाइल्ड लाइन की टीम नवजात बालिका को लेकर राजकीय बालगृह शिशु प्राग नारायण रोड लखनऊ पहुंची वहां मौके पर उपस्थित अधीक्षका रीता टमटा ने शिशु के कम वजन का हवाला देते हुए लेने से साफ इंकार कर दिया इस सम्बन्ध मे जब जिला प्रोबेशन अधिकारी लखनऊ विकास सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कोई मदद नही की। पांच घण्टे तक शिशु को लेकर चाइल्ड लाइन टीम भटकती रही, ऐसे में शिशु की हालत बिगड़ते देख आनन फानन में चाइल्ड लाइन बाराबंकी समन्वयक मनोज कुमार की सूचना पर बाल कल्याण समिति ने प्रयास करके वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल में शिशु को भर्ती कराया तब जाकर टीम ने राहत की साँस ली। इस सम्बंध में बाराबंकी की जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ पल्लवी सिंह व शिशु गृह में निरीक्षण पर पहुचे उपनिदेशक प्रवीण त्रिपाठी से न्यायपीठ के सदस्य के राजेश शुक्ला ने बात की तो तथ्य निकलकर आये कि बालगृह में तैनात डॉ सुदर्शन को बालगृह की नर्स ने नवजात के स्वस्थता के बारे वताया कि शिशु का वजन लगभग डेढ़ किलो है तो ऐसे में डॉक्टर सुदर्शन ने कहा कि बच्चे का वजन क्म है। बच्चे को बालगृह में भर्ती करने से मना नही किया है, अधीक्षिका ने जोखिम को देखते हुए बालगृह में नही लिया होगा। बताते चलें कि बाल कल्याण समिति किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट है जिसके बाल हित पर निर्गत आदेश न्यायिक आदेश है जिसकी अवहेलना दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है !इस सम्बन्ध मे जब न्यायपीठ से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि शिशु के साथ इस तरह के असंवेदनशील कृत्य और न्यायिक आदेश की अवहेलना में जो भी दोषी होगे उनके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

# गौर निताई परिवार का भव्य राधा अष्टमी महामहोत्सव 11 को नुमाइश पंडाल में

इटावा। समृद्धि न्यूज



**श्री श्री** गौर निताई परिवार के तत्वाधान में श्री राधा अष्टमी महा महोत्सव भव्यता व दिव्यता के साथ शहर के नुमाइश पंडाल में 11 सितम्बर बुधवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर 108 मटके तीर्थो का जल व औषधीय द्रव्यों व पंचामृत से श्री राधा श्याम सुंदर का महाभिषेक किया जायेगा। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर जोर-जोर के साथ तैयारी की जा रही है। रविवार को श्रीश्री गौर निताई परिवार के प्रमुख पंडित मनुपुत्र दास ने प्रेसवार्ता में बताया कि श्री राधा अष्टमी इस ब्रह्मांड, ब्रह्मलोक, साकेत, बैकुंठ का ही नहीं यह गोलोक का सबसे बड़ा महामहोत्सव है। इसीलिये यह महामहोत्सव भक्तों की प्रसन्नता के लिये आयोजित हो रहा है। शाम 4.00 बजे से हरिनाम संकीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। श्री राधा अष्टमी महामहोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे वही राधा रानी के प्राकटय का नाटय रूपांतरण भी भक्तों के द्वारा किया जाएगा और धार्मिक गीतों पर बच्चों का नृत्य भी होगा। श्री राधा प्राकट्य कथा आयोजित होगी और इसके बाद श्री राधा श्यामसुंदर का महाभिषेक पंचामृत व 14 प्रकार की विशेष औषघियों से किया जाएगा। महाभिषेक के बाद श्री राधा श्याम सुंदर को फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। इसके अलावा श्री राधा श्याम सुंदर के दरबार को दो कुंतल विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे व खुशबूदार फूलों से सजाया जाएगा। जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। महोत्सव में आये सभी भक्तों को महाप्रसाद व बधाई वितरित की जायेगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम को लेकर गौर निताई परिवार की टीम घर-घर जाकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दे रही है।

पंडित मनुपुत्र दास ने नगर वासियों से अनंत ब्रह्मांड के स्वामी परम भगवान श्री कृष्ण की परम शक्ति राधा रानी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# कार सवार 6 शातिर लुटेरों को पुलिस ने पकड़ा, की कार्रवाई

- पकड़े गए अभियुक्तगण कई घटनाओं को दे चुके अंजाम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आंनद के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाएं जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में इन्दरगढ़ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान कटैया पुल के पास कार जाइलो गाड़ी संख्या क्7़8ष्ठङ्6715 को संदिग्ध होने पर रोका गया तो जाइलो गाड़ी में बैठे 06 व्यक्तियों मिले जिनके पास तमंचे, कारतूस, डंडे, काले कपड़े आदि थे। इन्हे हिरासत में लिया गया। जिनसे जानकारी हुई की यह रात्रि में घटना करने के निकले हुए है। इन पर डकैती की योजना बनाने का अभियोग थाना इन्दरगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अनुरुद्ध शुक्ला उर्फ मोनू पुत्र राजकिशोर शुक्ला उम्र करीब 32 वर्ष, अश्वनी कुमार उर्फ गोपाल शुक्ला पुत्र राजकिशोर शुक्ला, कमलेश कुमार पुत्र रामसनेही उम्र करीब 40 वर्ष, बबलू राठौर पुत्र होरीलाल राठौर उम्र करीब 22 वर्ष, सोबरन सिंह पुत्र अशर्फीलाल उम्र करीब 20 वर्ष, करन सिंह पुत्र जयप्रकाश उम्र करीब 19 वर्ष जनपद औरैया पूछताछ पर अभियुक्तगण अश्वनी कुमार उर्फ गोपाल शुक्ला व बबलू राठौर, सोरबन सिंह व करन सिंह उपरोक्त ने बताया कि बीते 8 अगस्त को हम चारों लोग दो मोटर साइकिलों से बेलामऊ सरैया गये थे और शराब के ठेके के सेल्समैनों से मारपीट कर एक सेल्समैन से उसका बैग छीन कर भाग गये थे जिसमें करीब 17,500 रुपये मिले थे जो हम चारों ने आपस बाँट लिये तथा 30 जुलाई को हम चारों व्यक्ति अश्वनी कुमार उर्फ गोपाल शुक्ला व बबलू राठौर, सोरबन सिंह व करन सिंह ने तिर्वा में इन्दरगढ़ रोड बने एक मकान की छत पर चढकर घर में घुसकर लूटपाट का प्रयास किया था। अभियुक्तगणों के कब्जे से 02 अदद तमन्चा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 04 अदद मोबाइल फोन व एक अदद आरी लोहा काटने वाली व 01 अदद प्लास व 01 अदद पेंचकस व एक अदद कार गाडी जाइलो व 04 अदद डन्डा व कुल नकद 5,880 रुपये तथा गाड़ी के पीछे वाली सीट से 03 अदद गमछा काले रंग के एक अदद रूमाल सफेद रंग के बरामद हुऐ। गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# जेल में सुलेख प्रतियोगिता में बंदियों ने दिखाई प्रतिभा



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बंदी — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**अंतरराष्ट्रीय** साक्षरता दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के निर्देशन में प्रभारी अधीक्षक/कारापाल विजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अनौगी स्थित जिला कारागार में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निरूद्ध बंदियों में से 19 नव साक्षर बंदियों की जिसमें दो महिला बंदी तथा 17 पुरूष बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सुलेख प्रतियोगिता की जॉच कारागार स्तर पर प्रभारी अधीक्षक के पर्यवेक्षण की जायेगी। अच्छी सुलेख लिखने वाले नव साक्षर बंदियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस मौके पर उपकारापाल रामबहाल दुबे, शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित आदि उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## दस लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव में मामूली विवाद को लेकर दबंगो ने एक दलित महिला के साथ मारपीट की। जाति सूचक गालियां देने के साथ ही उसे लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। उसे बचाने के लिए जब परिजन आए, तो उन्हे भी पीटा। मामले में कोर्ट के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। भुलभुलियापुर गांव निवासी जगरानी पत्नी शिवरतन ने न्यायालय के आदेश पर तिर्वा कोतवाली में गांव के ही श्याम मोहन, कुलदीप, मिन्टू, पुष्पा देवी, सुशीला देवी, परशुराम, मोहिनी देवी, अमन कुमार, गगन व छोटा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि गत 29 जुलाई को वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान उक्त लोग लाठी-डंडे लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब उसका पुत्र व गांव के अन्य लोग बचाने आए, तो इन लोगों ने उनको भी पीटा। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## युवक से घर में घुसकर की मारपीट, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के चार सदस्यों नें घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सौंसरापुर निवासी वकील पुत्र सत्तार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि 6 सितंबर सुबह वह अपने घर में था तभी गांव के ही अकील, शाहीन बेगम, एजाद व अफसाना आये और घर में घुसकर गाली गलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया और जान से करने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## छत से गिरकर किशोरी घायल

**तिर्वा।** औरैया जिले के याकूबपुर कस्बा निवासी संध्या (15) पुत्र सुलिखान रविवार की दोपहर घर की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल अवस्था में किशोरी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

## छौंक में रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में मिला अज्ञात युवती का शव

**कालपी (जालौन)।** रविवार सुबह छौंक गांव के पास रेलवे लाईन के किनारे झाड़ियों में अज्ञात युवती का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। जानकारी फैली तो बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विदित हो कि गत 3 सितम्बर को भी उसरगांव में विवाहित युवती का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला था बाद में उसकी पहचान उसी गांव की मानसिक कमजोर युवती के रूप में हुई थी इस मामले का पुलिस ने शनिवार को ही खुलासा किया था लेकिन उक्त खुलासे के महज 24 घण्टे बाद ही छौंक गांव के पास से निकली रेलवे लाईन की झाड़ियों में रविवार सुबह ग्रामीणों ने युवती का शव देखा था। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को भी दी थी। वहीं झाड़ियों में युवती के शव की जानकारी पाकर छौंक तथा आसपास के ग्रामीण भी मौके पर आ गए लेकिन उक्त उसकी शिनाख्त नही हो सकी। वही युवती के शव की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट की मदद से साक्षय संकलन किया और इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार युवती के चेहरे पर चोट के निशान है आशंका है कि युवती ट्रेन में सफर कर रही होगी और उसके साथ हादसा हो गया होगा तो कुछ लोग युवती की हत्या कर शव को दुर्घटना का रूप देने के लिए डाल गए होंगे। फिलहाल कुछ भी हो पर रेलवे लाईन के किनारे युवती का रक्त रंजित शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम देख पंडाल में उमड़ी भीड़

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**जय बालाजी** सेवा समिति के सौजन्य से श्री गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई इस बार इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज द्वारा सुबह बैंड बाजों तथा डीजे के साथ 51 कलश यात्रा महिला मंडल द्वारा निकाली गई

शाम होते ही गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से सरा पंडाल गूंज उठा दर्शकों की भीड़ उमडने लगी शाम को 8ः00 बजे आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोह लिया सर्वप्रथम ओ माय फ्रेंड गणेशा तू रहना साथ हमेशा में श्री गणेश बने शुभम मिश्रा तथा नृत्य यशिका तिवारी द्वारा किया गया पूरा पंडाल तालिया की आवास से गूंजने लगा दर्शक गणपति बप्पा मोरिया के नारे लगाते नजर आए उसके बाद मुरली बजाते हो पीछे-पीछे आते हो श्री कृष्ण राधा का नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें असकान यशिका रानी तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति दी लाडो साहिब दीक्षा किट्टू आदिने नृत्य प्रस्तुत किए आ गए शुक्र शनिचर आ गए भगवान शिव की बारात का मंचन शिवा विभु प्रियांशु आयुष सुंदर यश सूरज आशिक कृष्णा आदि ने किया इस अवसर पर हृदय सक्सेना राजू गुप्ता पवन गुप्ता दशरथ श्रीवास्तव हरिओम मिश्रा अनु सविता घनश्याम दास आयुष अमन शर्मा प्रियांशु लाला ऋषि प्रवेश सक्सेना विभु बंटू श्रीवास्तव कृष्णा सूरज ऋषभ यश तिवारी इस स्श्वड्डह्वद्ध तिवारी गौरव गुड्डू रजनी सक्सेना मीना मिश्रा अनामिका तिवारी अनामिका अग्रवाल रेनू यादव ममता यादव गीता कश्यप प्रीति श्रीवास्तव मीरा चौहान प्रवेश दीक्षित शिवानी अरोरा शीला गुप्ता रीना गुप्ता अमित चौहान सुंदरी चौहान आशा चौहान बबली श्रीवास्तव स्वीटी पुष्पा देवी गुड़िया रीना ज्योति दीप्ति प्रतीक श्रीवास्तव सरला देवी दीपक श्रीवास्तव यशिका तिवारी लाला गुप्ता शिवम शर्मा जीतू शर्मा आरती दीक्षित पप्पू शर्मा प्रिया सविता मीना मिश्रा मीना श्रीवास्तव सीता कश्यप पायल कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण कराया गया तथा कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ के लिए जय बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी का आभार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन श्री दशरथ श्रीवास्तव एवं बाबा अनु गिरी सविता द्वारा किया गया

# फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 110 मरीज़

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**मोहल्ला** बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ़्री मेडिकल कैम्प में कानपुर के डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, व जूनियर डॉक्टर मोहम्मद सैफी , डॉक्टर स्टाफ शिवाय यादव, ज्योती शाक्य, विनय कुमार के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से 110 मरीजो को देखा गया हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को अधिक से अधिक लाने की गुज़रिश की थी जिनका परीक्षण कर फ्री में दवाइयां दी जा सके इस दौरान जाहिद चिश्ती ( कैंप इंचार्ज ) फैसल खान, महमूद मंसूरी, अनवार आलम, शोयब खान, सलीम मंसूरी, आदि लोगों की देखरेख में मरीज को देखा गया।

# चिंतन बैठक में ग्रामीणों को बताये गये अधिकार



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- आदर्श ग्रामोदय सेवा समिति ने किया एकजुटता पर बल दिया

**आदर्श ग्रामोदय** सेवा समिति के सचिव विजय कुमार मिश्रा ने ग्राम सभा भंवर गाढ़ा में चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विजय कुमार मिश्रा ने बताया हम ग्राम सभा को एक संकल्प के साथ भाई चारे व विकाश की ओर अग्रसर करने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को आयोजित चिंतन बैठक को संबोधित करते हुये विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में हमारा संगठन मिलकर एक मजबूत स्तंभ के रूप में लोगों को एकजुट करने का काम करेंगे। उन्होंने साथ ही साथ ब्लेक बोर्ड के माध्यम से जनता के सभी हक व अधिकारों को समझाया। उन्होंने यह भी कहा कि हम देश हित एवं जनता जनार्दन के लिए हम और हमारे संगठन के लोग मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरान आदर्श ग्रामोदय सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष रामा नंद यादव, (चीफ) सतेंद्र प्रताप सिंह व अन्य सदस्यगण छविनाथ यादव, डॉ. ज्ञान सिंह, रामकेश बाथम, श्याम बहादुर, अभधेश यादव, राजेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कस्बे की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टीएसआई ने दिए निर्देश

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**पुलिस आपकी** सुरक्षा और सहयोग के लिए है,आपकी सुगम व सुरक्षित यात्रा के लिए हर समय तत्पर है,पुलिस जांच में सहयोग करें,यातायात नियमों का पालन करें । जिससे आपका सफर गंतव्य तक सकुशल हो,उक्त बातें टीएसआई अरशद अली ने आज छिबरामऊ में फर्रुखाबाद चौराहे,पूर्वी बाईपास एवम सोरिख तिराहा पर टैक्सी ड्राइवरों व अन्य जनमानस से कही,उन्होने कहा कि यात्रा करने से पहले आवश्यक अभिलेख अपने पास अवश्य रखे,पुलिस जांच में सहयोग करें,पुलिस आपकी यात्रा को सुगम व सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने की कामना करती है।चार चक्का वाहनों में लाल-नीली बत्ती,हूटर,काली फिल्म का उपयोग ना करें अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी,टीएसआई अरशद कस्बा छिबरामऊ में लगातार सुबह से देर शाम तक नगर के विभिन्न मार्गो पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करते दिखाई दे रहे है,टीएसआई ने बताया की नगर क्षेत्र में व्यवस्थित यातायात के लिए ई-रिक्शा, आटो,दो और चार पहिया वाहन चालक सड़क को पार्किंग नही बनाएगें,दुकानों के सामनें दुकानदार वाहन खड़ा नही कराएगें,आवागमन बाधित करने वालो पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी,उन्होनें अपील करते हुए कहाकि आपका सहयोग आपके लिए ही सुविधा उत्पंन्न करती है,और नियम का पालन घटना,दुर्घटना के प्रतिशत को कम करती है इस मौके पर आरक्षी यातायात मनोज कुमार होमगार्ड ओम शरण पीआरडी विकास कुमार पीआरडी बलराम आदि उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस सेवा को बेहतर बनाने वाले कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

- मेडिकल कॉलेज में चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर
- कन्नौज के अलावा फर्रूखाबाद, मैनपुरी व फिरोजाबाद के कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**


एम्बुलेंस कर्मियों को ट्रेनिंग देते प्रशिक्षक — समृद्धि न्यूज

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज कन्नौज में लखनऊ की ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस संस्था द्वारा 108 व 102 एम्बुलेंस के कर्मियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें कर्मचारियों सभी मेडिकल उपकरण का उपयोग एवं डॉक्टर की मदद से उचित प्राथमिक इलाज देना बताया गया। एम्बुलेंस के रीजनल मैनेजर क्षमासागर सिंह ने बताया कि एम्बुलेंस सेवा को बेहतर बनाने के लिए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कन्नौज, मैनपुरी, फर्रूखाबाद व फिरोजाबाद के एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ से आए हुए ट्रेनर शिवम राय और विकास बाथम के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । ट्रेनिंग के दौरान एंबुलेंस में उपलब्ध सभी मेडिकल उपकरण का उपयोग एवं डॉक्टर की मदद से उचित प्राथमिक इलाज देना बताया गया। मरीज का सभी वाइटल चेक करना और उसके अनुसार मरीज का केयर करना बताया गया। सड़क दुर्घटना में घायल मरीज की विभिन्न मेडिकल उपकरण जैसे एयर स्प्लिंट, सी कॉलर, हेड इमोबिलाइजर, सक्शन मशीन, सही स्ट्रेचर का उपयोग करना बताया गया।

# राज्यमंत्री की पत्नी ने घायल दंपति को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

- ठठिया मंडी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए थे दंपति
- राज्यमंत्री असीम अरूण ने भी मेडिकल कॉलेज पहुंच घायलों से पूछे हालचाल

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**


घायल से हालचाल जानते राज्यमंत्री असीम अरूण — समृद्धि न्यूज

**रिश्तेदारी** से लौट रहे एक बाइक सवार दंपति अज्ञात वाहन से टकराकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए थे। उसी दौरान वहां से गुजर रही समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण की धर्मपत्नी ने दंपति को सड़क पर पड़ा देख अपनी गाड़ी रोक ली। बाद में दोनो को अपनी कार से घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही राज्यमंत्री असीम अरूण भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होने घायलों से हालचाल जानकर डॉक्टरों से उनका बेहतर उपचार करने के आदेश दिए। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भगवंतापुर गांव निवासी सत्यप्रकाश (30) पुत्र महावीर अपनी पत्नी प्रिया यादव (27) को बाइक पर बैठाकर अपनी ससुराल ठठिया थाना क्षेत्र के मझरैया गांव से वापस लौट रहे थे। दोपहर तीन बजे के करीब ठठिया मंडी के निकट एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनो सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इसी दौरान प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व सदर विधायक असीम अरूण की धर्मपत्नी ज्योत्सना अरूण भी वहां से गुजर रही थी। दोनो घायलों को जमीन पर पड़ा देख उन्होने तत्काल दोनो को अपनी कार में बैठाकर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही राज्यमंत्री असीम अरूण भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों को निर्देश देकर दंपति का बेहतर उपचार करने की बात कही। घायल दंपति ने राज्यमंत्री की पत्नी को धन्यवाद दिया।

# शिवप्रताप सिंह चीनू की सात करोड़ नवासी लाख की सम्पत्ति कुर्क

- अनुपम दुबे, संजीव पारिया के बाद गैंगेस्टर में हुई कुर्की कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** के आदेश पर पुलिस व तहसीलदार सदर की मौजूदगी में पुलिस ने सपा नेता शिव प्रताप चीनू की सात करोड़ नवासी लाख सत्तर हजार दो सौ इक्यासी रुपये की सम्पत्ति कुर्की की कार्यवाही की।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा में मु0अ0सं0 41/2024 धारा 3(1) गैंगेस्ट एक्ट माफिया अनुपम दुबे, पूर्व बार एसोसिएशन के महासचिव संजीव परिया व शिव प्रताप सिंह चीनू के खिलाफ दर्ज किया गया था। जिसमें माफि अनुपम दुबे व संजीव पारिया के खिलाफ जब्तीकरण की कार्यवाही भी हो चुकी है। जबकि संजीव पारिया की जेल में निरुद्ध रहने के दौरान मौत हो चुकी है। रविवार को तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय, थानाध्यक्ष मऊदरवाजा भोलेंद्र चतुर्वेदी आदि ने अमेठी कोहना, नवाब न्यामत खां आदि जगह पर 7 करीब सात करोड़ नवासी लाख सत्तर हजार दो सौ इक्यासी रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया।




प्रशासन द्वारा चस्पा किया गया कुर्की नोटिस — समृद्धि न्यूज



अचल सम्पत्ति की कुर्की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार व पुलिस फोर्स

### चीनू व पुत्र पवन सिंह की बैंक खाते भी कुर्क

प्रशासन ने शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू व उनके पुत्र पवन सिंह के खातों से 5 लाख, तिहत्तर हजार, दो सौ पच्चानवे रूपये पचासी पैसे एसबीआई नादरी बाजार स्वरूप नगर कानपुर नगर, बैंक ऑफ बडौदा फतेहगढ़, पीएनबी बैंक फतेहगढ़, बैक ऑफ बड़ौदा अमेठी जदीद आदि के खाते सीज किये गये।

### पांच बसों सहित तिरेसठ लाख कीमत के वाहन सीज

प्रशासन ने पांच बसों, तीन मोटर साइकिल, एक स्कूटी, पांच ट्रैक्टर सीज किये हैं। जिनकी कीमत करीब तिरेसठ लाख सोलह हजार नौ सौ छियासी रूपये कीमत के चीनू व उनके परिजनों के वाहन सीज किये गये।

# आखिर कब लगेगी मिट्टी के अवैध खनन पर लगाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**एक सिपाही** की मौत के बाद भी क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रात की बात छोड़ो, दिन के उजाले में खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा है। इसके बावजूद भी जिला प्रशासन की नींद नहीं टूट रही है। राजस्व विभाग तथा खनन अधिकारी सहित पुलिस विभाग की नाक के नीचे हो रहे खनन से सभी अनभिज्ञ बने हुए हैं। वहीं खनन माफिया अपने कार्य को लगातार अंजाम दे रहे हैं। बताते चलें कि बीते दिनों नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही बबना चौकी क्षेत्र में खनन की सूचना पाकर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा था और खनन माफियाओं द्वारा थाने के सिपाही के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया था। जिससे सिपाही की मौत हो गयी थी। इससे कुछ दिन तक तो मामला शांत रहा, लेकिन पुनः खनन माफिया सक्रिय हो गये और मिट्टी के अवैध खनन को अंजाम देने लगे। लोगों का कहना है कि आखिर इस खनन पर कब लगाम कसेगी।



खनन करने के बाद ट्रैक्टर से जा रही मिट्टी — समृद्धि न्यूज

# नवाबगंज में छह करोड़ से 33 हजार केवीए की डाली जाएंगी दो लाइनें

- लगभग 68 किलोमीटर क्षेत्रफल में पड़ेगी बिजली लाइन
- विद्युत विभाग को मिला बजट, जल्द ही डाला जाएगा टेंडर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नवाबगंज क्षेत्र** में जल्द ही 33 हजार केवीए की दो लाइनें डलवाई जाएंगी। करीब 68 किलोमीटर क्षेत्रफल में पड़ने वाली लाइनों में छह करोड़ की लागत आएगी। शासन से बिजली विभाग को बजट भी मिल गया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लाइनों को डलवाए जाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। नई बिजली लाइनें पड़ने से नवाबगंज व कायमगंज क्षेत्र के घरेलू व ट्यूबवेल उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग व लो वोल्टेज से राहत मिलेगी। नवाबगंज क्षेत्र में वर्षों से पड़ी बिजली लाइनें काफी जर्जर हो चुकी हैं। बरसात और आंधी में आए दिन तार टूटकर गिर जाते हैं। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती है। लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या भी बनी रहती है। विगत वर्ष निसाई से नवाबगंज और साहबगंज से निसाई तक करीब 34.34 किलोमीटर क्षेत्रफल में 33 केवीए की लाइन डलवाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। बिजनेस प्लान के तहत शासन ने दोनों लाइनें डाले जाने के लिए छह करोड़ का बजट भी जारी कर दिया है। लाइनों को डलवाए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर पड़ते ही लाइन डलवाए जाने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। दो जगह नई लाइनें बनने से नवाबगंज क्षेत्र के साथ कायमगंज क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा गांवों के वाशिंदों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलने लगेगी। ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। किसानों को भी अच्छी आपूर्ति मिलने से सिंचाई करने में परेशानी नहीं उठानी होगी। अधीक्षण अभियंता (एसई) अजय कुमार ने बताया कि निसाई से नवाबगंज और साहबगंज से निसाई तक नई बिजली लाइन डाले जाने के लिए छह करोड़ रुपये मिले हैं। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू करा दिया जाएगा।



33 हजार केवीए की विद्युत लाइन — समृद्धि न्यूज

# ससुरालीजनों पर दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के गांव गंगाइच निवासी साजिद खान पुत्र मुंशी खान ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि नौ माह पूर्व मैंने अपनी पुत्री सबिया का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मेराज पुत्र सरवर निवासी ग्राम खोजीपुर कोतवाली छिबरामऊ जिला कन्नौज के साथ किया था। जिसमें अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी होने के बाद से ही मेरी पुत्री सबिया से उसका पति मेराज दहेज में 200000 नगद की मांग करने लगे। सरवर व सोनी पत्नी सरवर, अकबर पुत्र अनवर तथा गोलू पुत्र अफसर ने मेरी पुत्री से दहेज की मांग की, जब मेरी पुत्री ने इसका विरोध किया, तो उपरोक्त लोग मेरी पुत्री को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जिसकी जानकारी मेरी पुत्री ने मुझे फोन के द्वारा दी। जानकारी मिलते ही 3 सितंबर को मैं व मेरा पुत्र नाजिद ग्राम खोजीपुर गए, तो उपरोक्त लोग कहने लगे की 200000 नगद दे दो। यदि नहीं दोगे, तो तुम्हारी पुत्री को घर से निकाल दूंगा। जब मैंने 200000 रुपये देने में असमर्थता जतायी और कुछ दिन बाद देने की बात कही, तो उपरोक्त लोग कहने लगे कि अभी 200000 चाहिए। जिस पर मैंने व मेरे पुत्र ने तुरन्त इतना रुपया न होने की बात कही, तो उपरोक्त लोगों ने मेरे व मेरे पुत्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की और मुझे व पुत्र तथा मेरी पुत्री को सबिया को घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

## खबरें चलते-चलते

### सांप के डसने से बच्ची की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खेलते समय बच्ची को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्ची की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर कोहना टिलियाँ निवासी नित्या उम्र 3 वर्षीय पुत्री अतर सिंह उर्फ लल्ला घर के पास खेलते समय अचानक उसको साँप ने डस लिया। हालत बिगडने पर परिजन तुरन्त उस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में बच्ची की मौत हो गयी। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



बच्ची का फाइल फोटो

### स्कूल गया बालक लापता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर से स्कूल जाने के लिए निकला बालक गायब हो गया। परिजनों ने तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार अंकुर शुक्ला पुत्र सुनील कुमार शुक्ला निवासी नगला ब्राह्मण पोस्ट जुनेदपुर, अलीगंज एटा 7 सितंबर शनिवार को स्कूल के लिए घर से निकला था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरु की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने थाना पुलिस गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।



लापता बालक का फोटो

### मकान पर कब्जे का विरोध करने पर दंपति पर बोला हमला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीन व मकान पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने दंपति को फावड़ा मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार संगीता पत्नी कल्लू निवासिनी भोला नगला थाना कमालगंज की निवासिनी तथा अनुसूचित जाति जाटव है। दिनांक 01.08.2024 को समय करीब 1 बजे दिन के गाँव के वारिश उर्फ सतेन्द्र यादव पुत्र शेर सिंह, अतर सिंह यादव पुत्र भारत सिंह, गोकरन यादव पुत्र भारत, अमर सिंह पुत्र रामचरन महिला की पुस्तैनी जमीन व मकान पर घर में घुसकर जबरिया कब्जा करने लगे। पीड़िता के पति कल्लू ने जब कब्जा करने से मना किया, तो उक्त लोग माँ बहन की गन्दी-गन्दी गालियां देते हुये मारपीट करने लगे तथा मेरे पति वारिश उर्फ सतेन्द्र ने सिर में फावड़ा मार दिया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। शोरगुल पर परिवार के काफी लोग आ गये। जिनके ललकारने पर उक्त लोग यह धमकी देते हुये चले गये कि साले चमट्टे दोबारा कब्जा करने से रोका तो जान से मार देंगे। जिस पर मैं व घायल पति को लेकर थाने गयी थी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया।

# गणेशोत्सव पर मूर्ति की हुई स्थापना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**गणेश चतुर्थी** पर मंझना रोड स्थिति बरमदेव मंदिर पर गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना के बीच स्थापना की गयी।

रविवार को नगर में मंझना रोड स्थिति बरमदेव मंदिर पर गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन गजानन की मूर्ति की पूजा अर्चना के बीच स्थापना की गयी। इस दौरान भक्तों द्वारा पूजा अर्चना व हवन पूजन किया गया। प्रथम दिन हुई आरती में राहुल यादव सभासद को मुख्य अतिथि बनाया गया एवं बी गणपति बप्पा मोरया कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उत्साह भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष गुंजायमान किये। यह कार्यक्रम करीब एक सप्ताह तक चलेगा। कमेटी ने सभी भक्तों से सुबह शाम आरती में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर अरविन्द प्रताप, अंकित यादव, शेषदीप, अतुल तिवारी, नन्द किशोर, इंद्रजीत बाथम, अमित तिवारी, संदीप, राघव, बबलू, ललित तिवारी, रवि शक्य आदि मौजूद रहे।



सभासद को सम्मानित करते कमेटी के लोग

# आधा दर्जन विद्युत चोरी करते पकड़े गये

- 37 बकायेदारों के काटे गये कनेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**उपखण्ड अधिकारी** व अवर अभियंता के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा दर्जन लोग विद्युत चोरी करते पाये गये। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

जानकारी के अनुसार बीती शाम उपखण्ड अधिकारी मनीष वर्मा तथा अवर अभियंता जावेद अहमद खाँ के नेतृत्व में नगर में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना शमशाबादज के ग्राम सरपारपुर में करीब आधा दर्जन लोग विद्युत चोरी करते पाये गये। जिसमें सतीश पुत्र सोनपाल, रविन्द्र पुत्र राम नरायन, उदयवीर पुत्र राजाराम, रंजीत यादव पुत्र जवाहर सिंह, सर्वेंद्र पुत्र विशेश्वर, ब्रह्मानन्द पुत्र राम भरोसे को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त करीब 37 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये तथा 1 लाख 45 हजार रुपये जमा कराये गये। इसके अलावा जिन्होंने विद्युत कनेक्शन लेने के बाद आज तक कोई भुगतान नहीं किया है उन 45 लोगों पर रुपये जमा कराये गये तथा चार उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़े गये।



टीम द्वारा उखाड़े गये मीटर व जब्त की गयी केबिल

# मार्ग दुर्घटना में सात लोग घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**जनपद शाहजहांपुर** थाना क्षेत्र के गॉव परौर निवासी रामवीर उम्र 35 वर्षीय पुत्र रामस्वरूप अपने भाई अवि, माँ राममूर्ति को बाइक कायमगंज आ रहा था। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में तीनों लोग घायल हो गए। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव धर्मपुर निवासी नत्थूलाल उम्र 40 वर्षीय पुत्र रामजीत, क्षेत्र के गाँव समाउद्दीनपुर निवासी वली हसन उम्र 70 वर्षीय पुत्र मेहन्दी हसन, वहीं जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर, क्षेत्र के गाव ककोरा निवासी वाहिद अली उम्र 35 वर्षीय पुत्र फरीद अली मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ सभी का उपचार जारी है।

# धान के खेत में मगरमच्छ देख ग्रामीणों में दहशत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**धान के** खेत में मगरमच्छ देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने जब शोर मचाया, तो मगरमच्छ बहुत तेजी से खेत में भागा और भूमिगत हो गया। काफी खोजने के बाद भी नहीं मिला।

जानकारी के अनुसार रविवार को विकास खंड शमशाबाद के ग्राम भकुसा निवासी मंजेश राजपूत ने बताया कि वह आवारा पशुओं से अपनी फसल की रक्षा हेतु रात में रखवाली करते हैं। बीती रात भी वह दो लोग मचान पर अपनी फसल की रखवाली कर रहे थे, तभी बालकराम के धान के खेत में रात करीब 4 बजे कुछ हलचल सुनाई दी। जिस पर उन्होंने टार्च लगाकर देखा, तो उन्हें मगरमच्छ दिखायी पड़ा। जिसकी सूचना उन्होंने गांव जाकर दी। जिस पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और मगरमच्छ को देख घबरा गया। ग्रामीणों ने लकड़ी के सहारा जब उसे पकड़ना चाहा, तो वह ग्रामीणों पर दौड़ पड़ा। जिससे ग्रामीण भयभीत हो गये। कुछ समय बाद वह बहुत तेजी से भागा और भूमिगत हो गया। ग्रामीणों ने उसे काफी खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के कारण मगरमच्छ नदी से खेत में आ गया है। वह रात विरात अपनी फसलों की रखवाली करते हैं, ऐसे में मगरमच्छ उन पर हमला कर सकत है। जिसको लेकर वह काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ काफी बड़ा है।



धान के खेत में मगरमच्छ

मुकदमा

### पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज

# छत्तीस पशुओं सहित पशु तस्कर गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**गौ रक्षक** दल की चेतना के चलते आज 38 पशुओं की जान बच गई। दल के सक्रिय सदस्य फर्रुखाबाद निवासी दानवीर सिंह पुत्र सूरज सिंह अमृतपुर तहसील गेट पर अपने साथियों के साथ खड़े थे। उन्होंने दो पिकअप बोलेरो संख्या यूपी 27बीटी6271 एवं यूपी 27बीटी9750 को तेज रफ्तार से जाते हुए देखा, तो उनका पीछा किया। दयानंद इंटर कॉलेज से थोड़ा आगे पहुंचने पर उन गाड़ियों को रोक लिया गया और पुलिस बुलाई गई। जब छानबीन की गई तो दोनों गाड़ियों में 18-18 भैंस पड़रे व उनकी पड़ियां ठूस-ठूसकर भरी गई थी। जिन्हें लोगों की मदद से नीचे उतारा गया। एक पशु तस्कर मौके से भाग गया और ड्राइवर सहित तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसमें अबुद्दीन पुत्र लल्लन निवासी अल्लाहगंज शाहजहांपुर, नदीम पुत्र सलीम निवासी कटरा शहजानपुर, जावेद पुत्र हबीब कटरा शाहजहांपुर पुलिस चंगुल में आ गए। गौ रक्षक दल के सदस्य दानवीर द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर आरोपियों की गाड़ियों को दर्शाया गया। थाना पुलिस का कहना है की पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बीते कई महीनों से इस रोड पर पशु तस्करों का आवागमन तेजी से बढ़ा है। इसी के साथ गौ रक्षक दल के सदस्य भी सक्रिय हुए हैं और थाना राजेपुर से लेकर अमृतपुर तक कई बार पशु तस्करों को पशुओं सहित गिरफ्तार करवाया जा चुका है।



तस्करों से बरामद किये पशु — समृद्धि न्यूज

# भाजयुमो की कार्यशाला में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर दिया गया जोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय जनता** युवा मोर्चा की सदस्या अभियान कार्यशाला आवास विकास स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री सौरभ पटेल एवं सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, शशांक शेखर मिश्र, अनुज प्रताप ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी स्वयं की जिम्मेदारी से ज्यादा से ज्यादा भाजपा के सदस्य बनाए। सभी पदाधिकारियों को टारगेट देते हुए भाजपा की नीतियों से पुनः अवगत कराया। जिला महामंत्री कैप्टन डीएस राठौर ने सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से समझाया और कहा कि सदस्य उन्ही को बनाए जो पार्टी की विचारधारा से जुड़ा हो। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो चुका है। भारतीय जनसंघ से अब तक भाजपा ने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। सांसद ने युवाओं से कहा कि आप युवा है आपने ऊर्जा है आप पार्टी जो कार्य चाहे कर सकते। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो अभय प्रताप ने किया। जिलाध्यक्ष भाजयुमो मयंक बुंदेला ने कार्यशाला का समापन किया और सदस्यता अभियान की टीम गठित कर टीम को अभियान के बारे में बताया। कार्यशाला में अंकित गुप्ता, अंकित तिवारी, विक्रान्त तिवारी, अमन अवस्थी, सत्यम कटियार आदि उपस्थित रहें।



सांसद का स्वागत करते भाजयुमो जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# पीतल की गणेश प्रतिमा को कटरा डैरूनाथ में किया गया स्थापित

नगर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर में** गणेश की प्रतिमाओं को विराजमान किया गया। जगह-जगह पाण्डालों में पूजा अर्चना के साथ गणेश महोत्सव की धूम रही। गणेश उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस तैनात है। भगवान गणेश का भाव पूजन, श्रंगार के साथ महाआरती हुई। कटरा डैरूनाथ में पीतल की मूर्ति पहली बार स्थापित की गई। बढ़पुर मंदिर से होते हुए नगर में लालगेट, घुमना, नेहरू रोड पर बैण्ड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और कटरा डैरूनाथ में भगवान गणेश की पीतल की प्रतिमा को स्थापित किया गया। सर्राफा कमेटी की ओर से पहली बार यह व्यवस्था की गई कि गणेश प्रतिमा पीतल की होनी चाहिए। बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारियों ने पूजा अर्चना में भाग लिया और प्रसाद वितरित किया गया। देर शाम महाआरती का आयोजन हुआ। भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर सर्राफा कमेटी के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


गणेश शोभायात्रा में भाग लेते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के 94 छात्र-छात्राओं को किया जायेगा पुरुस्कृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 2023 में सम्पन्न हुई परीक्षाओं के जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय पुरुस्कारों का विवरण 9 सितम्बर को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत की देखरेख में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। जनपद स्तरीय सहभागी विद्यालयों के पुरुस्कृत किये जाने वाले 94 छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है। 30 से अधिक विद्यालयों के 6287 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपिका राजपूत करेंगी। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह होगें व विशिष्ठ अतिथि बीएसए गौतम प्रसाद एवं प्रधानाचार्य संतोष कुमार कटियार व पूर्व प्रधानाचार्य मीना यादव होंगी। यह जानकारी जिला सचिव शिव कुमार कटियार ने दी है।

### भारत में हिन्दू एकता होती तो मुगल शासन नहीं कर पातेः चन्द्रपाल वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकतंत्र सेनानी चन्द्रपाल वर्मा ने जारी बयान में कहा कि भारत में हिन्दू एकता होती तो मुगल शासन नहीं कर पाते। मुगलों को परास्त करके अंग्रेजों ने 190 वर्ष शासन किया। इसके बावजूद हिन्दू एकता आज भी अपूर्णीय है। सर्वणों का विचार आज भी दलित के द्वारा परोसे जाने वाला खाना नहीं खायेंगे, ऐसी एकता से गुलामी अच्छी है। माधवपुर में प्राथमिक विद्यालय में दलित रसोइयों की नियुक्ति होने से सर्वणों ने अपने बच्चों को स्कूल में भेजना बंद कर दिया। ऐसी कार्यशैली पर हिन्दू एकता पर कुठाराघात है। इसके लिए एक सत्य कहावत है हिन्दू अंधा तुर्क काना, साध स्याना, जिसने सतगुरु को पहचाना।

### अश्वनी कुमार बने भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक जयद्रथ कुमार ने बसपा छोड़कर आये अश्वनी कुमार को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। वह डा0 भीमराव अम्बेडकर व काशीराम के मिशन को आगे बढ़ाते हुए भीम आर्मी की रीति नीति का प्रचार प्रसार करेंगे और संगठन को मजबूत बनायेंगे। यह जानकारी जिला संयोजक जयद्रथ कुमार ने दी है।

### अपना ही फोन लेने पर मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर निवासी अर्श सिद्दीकी पुत्र इंतजार हुसैन ने लिखाई गयी शिकायत में बताया कि पीड़ित का ओप्पो का फोन एक साल पहले लगभग चोरी हो गया था। जिसको पीड़ित ने रविवार को गांव के ही तुफैल पुत्र अलाउद्दीन के पास देखा। जिसकी पीड़ित ने ईएमआई नंबर के द्वारा जांच की, तो पता चला यह फोन उसका है, तो मैंने ले लिया। जिस पर तुफैल की मां जुबेदा तथा तुफैल ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कहा मामले की जांच कार्यवाही की जाएगी।

### वृद्ध सहित दो ने खाया सल्फास, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव जयसिंहपुर निवासी शिशुपाल उम्र 75 वर्षीय पुत्र रामचरन सिह ने घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर सल्फास खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव मेंदपुर निवासी ऊषा उम्र 22 वर्षीय पत्नी दिनेश कुमार ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पी लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शिशुपाल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### करेंट से किशोर की मौत

**जालौन (उरई)।** राजारामपुर गांव में भगवान श्रीगणेश के पंडाल में बिजली की सजावट करते समय किशोर को करंट लगने से किशोर की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र में औरैया मार्ग पर जगनेवा लोहिया पुल के नीचे कुछ वर्ष पूर्व राजारामपुर नामक नई बस्ती बसी हुई है। इसी राजारामपुर में गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को सार्वजनिक पंडाल में भगवान श्रीगणेश की मूर्ति स्थापित की गई थी। गणेश प्रतिमा की स्थापना के साथ ही रात में पंडाल में सजावट का काम चल रहा था। सजावट के काम में गांव का 14 वर्षीय किशोर शिवम पुत्र मोहर सिंह भी हाथ बंटा रहा था। इसी दौरान रात करीब नौ बजे अचानक उसे करंट लग गया। करंट लगते ही वह पंडाल में गिर गया। पंडाल में काम कर रहे साथी व परिजन ने जब उसे जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# अम्बेडकर प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर लगाये जाने की अनुयायियों ने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**डॉ0 बीआर** अम्बेडकर समाज उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष रामदास सागर ने समाज के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें कहा कि मोहम्मदाबाद ब्लाक गेट के पास लगी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा सड़क चौड़ीकरण की जद में आ गयी है, प्रतिमा को दूसरे सुरक्षित स्थान पर लगाये जाने की मांग की। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि कस्बा मोहम्मदाबाद ब्लाक गेट के पास 1988 में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा गठित अम्बेडकर समिति द्वारा प्रशासन की देखरेख में लगायी गई थी। जो कि अब सड़क चौड़ीकरण की जद में आ गयी है। प्रतिमा को मोहम्मदाबाद चौराहे पर स्थापित कर दी जाये अथवा ब्लाक गेट के बाहर उत्तर तरफ सरकारी जगह पड़ी है जो मूर्ति लगाये जाने हेतु पर्याप्त है। जिसमें बाबा साहब की प्रतिमा लगा दी जाये। जिसके संबंध में कई प्रार्थना पत्र दिये जा चुके है, लेकिन अभी तक प्रतिमा नहीं लगायी गई और 5 सितम्बर को प्रतिमा की वाउन्ड्रीवाल तोड़कर मूर्ति तक सड़क बिछा दी गई है। जिससे अम्बेडकर अनुयायियों की भावनाओं को काफी ठेस पहुंची है। ज्ञापन पर डॉ0 बीआर अम्बेडकर समाज उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष रामदास सागर मनोज कुमार, विवेक कुमार, मंजीत, रोहित के नाम शामिल है।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते रामदास सागर

# मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने खायी फाइलेरिया की दवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मेजर एसडी** सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में छात्र.-छात्राओं को मेडिकल टीम सीएचसी बरौन डॉ0 सुरेंद्र सिंह राठौर, डॉ0 अफसा रईस, सुनीत रंजन और प्रियंका पाल ने एमओआईसी (सीएचसी बरौन) डा0 अनुराग कुशवाहा के आदेशानुसार फाइलेरिया की दवाई खिलाई गई। स्वस्थ व्रत एवं योग विभाग एवं कार्य चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के सभागार मैं यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ0 अरुण कुमार पांडे, डॉक्टर विकास बाबू, डॉ0 अरीब, डॉ0 आनंद बाजपेई आदि चिकित्सक मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य ने फाइलेरिया के कार्यक्रम में आयी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर।


फाइलेरिया की दवा देते चिकित्सक

# देवरामपुर क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाये जाने की लोक समिति ने उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**2016 के** रेल बजट में स्वीकृत देवरामपुर क्रासिंग संख्या 154 पर ओवरब्रिज का निर्माण आखिरकार अभी तक क्यों नहीं कराया गया। जबकि भोलेपुर क्रासिंग व शुक्ररुल्लापुर क्रासिंग पर ओवरब्रिज बन चुके है और जनता की सेवा के लिए खोल दिये गये है। अभी तक ठंडी सड़क पर स्थित देवरामपुर क्रासिंग व्यस्त होने के कारण जाम जैसी मुसीबत जनता के लिए बनी है। कानपुर-कासगंज रेल मार्ग पर ट्रेनों की बढ़ोत्तरी होने के कारण जाम लगने की मुश्किल बढ़ गयी है। लोक समिति के अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने कहा कि देवरामपुर क्रासिंग पर लगने वाले जान से छुटकारा दिलाने के लिए लोक समिति आंदोलन करने का ऐलान कर चुकी है। 11 सितम्बर को लोक समिति की ओर से रेल मंत्री को सम्बोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष हरिनंदन यादव, जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाहा, संयोजक महेन्द्र प्रकाश मौजूद रहे।

# नगर में धूमधाम से निकाली गई भगवान गणेश शोभायात्रा


शोभायात्रा में भगवान गणेश की प्रतिमा — समृद्धि न्यूज


शोभायात्रा में मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

**नगर में** भगवान गणेश शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरके। गणेश शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्केट से होते हुए पंजाब नेशनल बैंक चौराह, थाना चौराह, बाग मोहल्ला, दलमीर खां, अमरसिंह फड़ चौराह, बाजार काला होते हुए प्राचीन मंदिर गुमटी महादेव मंदिर में पहुंची। जहां विधि विधान पूजन के साथ गणेश प्रतिमा को बिराजमान किया गया। बाहर से आये हुए कलाकारों ने मनमोहन झांकियों के साथ प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने नगर के भ्रमण के दौरान गणपति बप्पा मोरया के गगन चुंबी जयकारे लगाएं। डीजे की धुन पर श्रद्धालु खूब थिरके। विधि विधान पूजन के साथ गणपति की प्रतिमा को बिराजमान किया गया। आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

# भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अमन व बबली रही अव्वल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद स्तरीय 67वीं भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन एसएनएम इंटर कालेज कायमगंज में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 7 विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न वेट कैटागरी अंडर 17 बालक व अंडर 17 बालिका एवं अंडर 19 बालक, अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि भटासा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य महेश वर्मा एवं एसएनएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य वीरेश शर्मा व प्रबंधक संजय चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। निर्णाय मण्डल में सत्यपाल सिंह, सर्वेन्द्र यादव, नरेन्द्र सिंह चौहान, गौरव दुबे व रीतू मिश्रा रही। अंडर 19 बालक में 81 किलो वर्ग भार में अमन प्रथम एसएनएम इंटर कालेज कायमगंज रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में 49 किलो भार वर्ग में बबली प्रथम रही। प्रज्ञा, कार्तिक, अरबाज, विष्णु, वीरेन्द्र ने प्रतिभाग किया।


भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# स्टेट बैंक पेंशनर्स एसो. द्वारा बुजुर्गों का हुआ सम्मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**स्टेट बैंक** पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई द्वारा जगदीश नारायण कटियार, राजीव पारिया, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा तथा राकेश कुमार कुशवाहा को सम्मानित किया गया। स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा लगातार जिला मंत्री विजय अवस्थी के प्रयास से समाज के हर वर्ग को सम्मानित किया जा रहा है। जिससे समाज में कुछ नई दिशा मिले। उन्होंने बताया कि हमकों समाज के लोगों से सबकुछ दिया है। हमें भी समाज के लोगों को कुछ देना चाहिए। इस प्रथा को बनाये रखने के स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान किया जा रहा है। अगला सम्मान स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई द्वारा प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ डॉ0 अविनाश कुलश्रेष्ठ तथा पत्रकार चंद्रशेखर कटियार को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर राजू टंडन, राकेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



बुजुर्गों को सम्मानित करते एसो0 के लोग — समृद्धि न्यूज

# भाकियू बलराज गुट के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज गुट के द्वारा जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव पवन ने अध्यक्षता करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने समस्याओं को लेकर निष्पक्ष प्रशासन से सहायता हेतु किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए कार्यकर्ताओं से कहा। ब्लाक स्तर पर ग्राम पंचायतों के स्वयं किसान जाकर गरीब व असहाय लोगों को पीएम आवास उपलब्ध कराये जाने, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि को नियमानुसार दिलाये जाने के लिए मदद करें। किसी भी प्रकार से गरीब किसान लाभ से वंचित न रहे। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी अनुराग शाक्य, एनए खान, दिलीप कुमार कठेरिया, धीरेश यादव, शादाब खान, रहीश खान, दीपक कुमार यादव, मुकेश कुशवाहा, मनीष कुमार, सत्यम राठौर, प्रताप सिंह, जितेन्द्र, तस्लीम, नहार सिंह, केशव राजपूत, मनीष शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

# जीवीए ग्रुप द्वारा जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बढ़पुर स्थित** जीवीए ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संस्थापक विपिन अवस्थी के द्वारा किया गया। विभिन्न कॉलेजों व स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं परीक्षा दो पॉलियो में संपन्न हुई। लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपनी क्षमता के अनुसार प्रश्न पत्रों को हल किया एवं प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि छात्र अपने जीवन में प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने का हुनर लेकर आगे भविष्य में आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर उच्च स्थान पर नियुक्त हों। सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें सभी वर्ग व समुदाय के छात्र-छात्राओं को न्यूनतम शुल्क पर कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। विपिन अवस्थी ने बताया कि इससे पहले भी संस्था की तरफ से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें विभिन्न छात्रों ने संस्था द्वारा दी गई स्कॉलरशिप प्राप्त कर कंप्यूटर कोर्स में प्रवेश लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। इस तरह की प्रश्नोत्तरी का आयोजन होता रहेगा। जिससे प्रखर बुद्धि के छात्रों की प्रतिभा का मूल्यांकन किया जा सके एवं समाज के ऐसे छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है उनको संस्था शत-प्रतिशत शुल्क माफ कर कंप्यूटर प्रशिक्षण कराएगी। संस्था द्वारा कोर्स करने वाले छात्रों के लिए उनको रोजगार के अवसर भी मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षा का परिणाम सितंबर में जारी किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे एवं टॉप 20 को किसी भी कोर्स में प्रवेश हेतु 50 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कुल 100 अंकों की थी। सफल छात्रों की सूची में शामिल होने वाले छात्रों को संस्था में प्रवेश दिया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षिका शिल्पी सक्सेना, प्रिया मिश्रा, अभिषेक चौहान, गौरव कश्यप, दिव्या शर्मा, शिवा बाजपेई, उज्ज्वल सक्सेना, मनीषा शाक्य, अतीश राय साध, शिल्पी तिवारी, अभिषेक गुप्ता आदि ने व्यवस्था संभाली।




सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

# जल्द ही हमारे साथ जुड़ेंगे पीओके निवासी

जब तक भाजपा है, दुनिया की कोई भी ताकत अनुच्छेद 370 को नहीं ला सकती वापस : रक्षा मंत्री

एजेंसी



**रामबन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों को 'विदेशी' मानती है, लेकिन भारत सरकार का मानना है कि वे भारतीय नागरिक हैं और वह समय दूर नहीं, जब वे भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे। श्री सिंह ने यहां एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल ही में एक अदालत में प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पीओके निवासियों को 'विदेशी' बताया गया था। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत सरकार का मानना है कि पीओके के लोग भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि वह समय दूर नहीं जब पीओके के लोग खुद आगे आएंगे और भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे।

उन्होंने कहा, हमने इसे वापस ले लिया लेकिन एक भी गोली नहीं चली। उन्होंने कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल कायम है। नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह पार्टी अनुच्छेद 370 की बहाली का दावा करती है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, दुनिया की कोई भी ताकत अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि जब हुर्रियत से बात करने के लिए एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल कश्मीर भेजा गया, तो 'उनके लिए दरवाजे बंद कर दिए गए।'

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने वकालत की कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा, अगर हमें गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी, तो हमें उसके साथ क्या करना चाहिए था।कश्मीरी पंडितों की वापसी पर श्री सिंह ने कहा कि केंद्र कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 10 सालों में जम्मू-कश्मीर को बना देंगे आदर्श राज्य

उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो हम अगले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर को एक आदर्श राज्य बना देंगे। उन्होंने लोगों से 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक चुनाव होगा क्योंकि पूरा भारत उत्सुकता से इसे देखेगा। श्री सिंह ने कहा, मैं हाल ही में अमेरिका में था और वहां भारतीय लोगों ने मुझसे पूछा कि जम्मू-कश्मीर में चुनावों का क्या होगा, मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार होगी। न केवल भारतीय लोग, बल्कि दुनिया भर के लोग जम्मू-कश्मीर के चुनावों को देख रहे हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा को अगले दस वर्षों तक उनकी सेवा करने का मौका देने के लिए भी अपील की। उन्होंने कहा, अगर भाजपा यहां सत्ता में आती है तो आप एक नया जम्मू-कश्मीर देखेंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती का स्पष्ट संदर्भ देते हुए श्री सिंह ने कहा कि कुछ लोग दावा करते थे कि अगर अनुच्छेद 370 को छुआ गया तो पूरा जम्मू-कश्मीर जल जाएगा।

# कुकी उग्रवादियों से समझौता रद्द कर आर-पार की कार्रवाई करे केन्द्र सरकार : एन बीरेन सिंह

यूनिफाइड कमांड गठित करने की मांग

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। राज्यपाल ने मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के अत्याधुनिक हथियारों, रॉकेट मिसाइलों तथा ड्रोन जैसे शस्त्रों तथा यंत्रों का प्रयोग कर सामान्य नागरिकों तथा सुरक्षा बलों पर किए जा रहे हमलों का हवाला देते हुए इनके खिलाफ आर-पार की कार्रवाई शुरू करने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से यह भी कहा कि केंद्र सरकार चाहे तो भारतीय संविधान की धारा 355 का प्रयोग करके केंद्र सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह अपने हाथ में लेकर नियंत्रित करे। रविवार को मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राजभवन में पहुंच कर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। राज्यपाल के साथ सुबह 11 बजे शुरू हुई बैठक 45 मिनट तक चली। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को एक ज्ञापन देकर राज्य की मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया और कई कई महत्वपूर्ण मांगें रखी। मुख्यमंत्री ने मणिपुर के कुकी उग्रवादी समूहों के साथ किए गए युद्धविराम समझौता (एसओओ) को निरस्त करने की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूनिफाइड कमांड गठित करने की आवश्यकता है, ताकि अभियान को कारगर तरीके से चलाया जा सके। दरअसल, कुकी उग्रवादी समूहों के साथ वर्ष 2008 में यह त्रि-पक्षीय समझौता किया गया था। हालांकि, इस समझौते की मियाद चालू वर्ष के फरवरी माह में समाप्त हो चुकी है। सरकार ने इसका फिर से नवीकरण नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान को और अधिक कारगर बनाने के लिए एकल नेतृत्व की आवश्यकता है। समेकित रूप से सुरक्षा बलों के अभियान चलाने के बाद ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने सहयोगी दलों तथा पार्टी विधायकों एवं नेताओं को बुलाकर अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपने की घोषणा की थी। बाद में केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने से रोका गया।

# अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बेटी को दिया जन्म

गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन एक्ट्रेस मां संग पहुंची रिलायंस अस्पताल

एजेंसी



**मुंबई।** बॉलीवुड की पॉपुलर जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह माता-पिता बन गए हैं। पिछले कई महीनों से दीपिका की प्रेग्नेंसी की चर्चा हो रही थी। दीपिका कब बनेंगी मां? इस पर सभी का ध्यान था। दीपिका और रणवीर दोनों भी पहली बार माता-पिता बनने को लेकर काफी उत्साहित थे। ऐसे में अब ये बात सामने आ गई है कि दीपिका मां बन गई हैं। दीपिका और रणवीर के घर लक्ष्मी आई हैं।

विश्वस्त सूत्र ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बच्ची को जन्म दिया है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को कल गणेश चतुर्थी के दिन शाम करीब 5 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दीपिका को उनकी मां के साथ मुंबई के रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल ले जाया गया। इसी बीच वीडियो और फोटो वायरल हो गए। इसके बाद ये बात सामने आई है कि दीपिका ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। हालांकि दीपिका या रणवीर ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है।

फरवरी 2024 में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर ऐलान किया था कि वो माता-पिता बनने वाले हैं। इसके बाद दीपिका का बेबी बंप नजर नहीं आने पर कहा गया कि ये फेक प्रेग्नेंसी है। एक्ट्रेस को कई इवेंट्स में हाई हील्स पहने देखा गया। इसके लिए उन्हें ट्रोल भी किया गया था लेकिन कुछ दिन पहले दोनों ने एक मैटरनिटी फोटोशूट कराकर ट्रोलर्स की बोलती बंद कर दी थी। इसके बाद डिलीवरी के लिए जाने से पहले दीपिका और रणवीर ने भगवान सिद्धिविनायक के दर्शन किए। इस बार दोनों अपने-अपने परिवार के साथ नजर आए। शादी के छह साल बाद दीपिका और रणवीर का घर बदल गया है। गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन उनकी जिंदगी में एक नन्हा मेहमान आया है।

दीपिका के काम की बात करें तो वह हाल ही में नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। इस फिल्म में दीपिका प्रभास, अमिताभ बच्चन और कमल हासन के साथ नजर आईं थीं। अब दीपिका जल्द ही रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में महिला पुलिसकर्मी के किरदार में नजर आएंगी। इसमें उनके पति रणवीर सिंह के साथ-साथ अजय देवगन, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे।

## विकास के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को बनाएंगे मॉडल : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को विकास के मामलों में मॉडल बनाया जाएगा। विकास कार्यों में जो कठिनाइयाँ आती हैं उन्हें दूर करते हुए विकास की गति तेज की जाएगी। सिंहस्थ -2028 के पूर्व अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। इन्दौर-उज्जैन के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए वंदे भारत मेट्रो के संचालन के संबंध में भारत सरकार से चर्चा हुई है। एलिवेटेड रोड और ब्रिज निर्माण के कार्य पूरे होंगे। यातायात की परेशानियां दूर होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में विकास कार्यों की समीक्षा के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में चल रहे मेट्रो के कार्य की भी आज समीक्षा की गई है। सर्किल वंदे मेट्रो की गति अपेक्षाकृत अधिक होगी। वर्तमान ब्राडगेज रेल लाइन के उपयोग के संबंध में भी चर्चा हुई है।

# नई शिक्षा नीति को नहीं अपनाने वाले राज्य करें पुनर्विचार : उप राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सभी लोगों से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने उन राज्यों से अपील की जिन्होंने अभी तक नई शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाया है।

उन्होंने कहा कि वे अपने रुख पर पुनर्विचार करें। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा, ÷यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे युवाओं को उनकी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा दोहन करने का अधिकार देती है, जिसमें सभी भाषाओं को उचित महत्व दिया गया है।÷ देश के संस्थानों को कलंकित और अपमानित करने वाले लोगों के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने उन गुमराह लोगों को रास्ता दिखाने का आग्रह किया जो भारत के प्रभावशाली विकास को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हैं और जमीनी हकीकत को नहीं पहचान रहे हैं।

इस दौरान उपराष्ट्रपति ने सभी से साक्षरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ÷अब समय आ गया है कि हम प्रतिबद्धता और जुनून के साथ मिशन मोड में काम करें ताकि जल्द से जल्द 100 प्रतिशत साक्षरता सुनिश्चित की जा सके। उन्हें यकीन है कि यह जितना हम सोच रहे हैं, उससे भी पहले हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# इंटरपोल ने जारी किया आईएसआईएस से जुड़े तीन संदिग्ध नेपाली नागरिकों का स्केच



एजेंसी

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने आईएसआईएस से जुड़े तीन संदिग्ध नेपाली नागरिकों का स्केच जारी करते हुए इनकी गतिविधियों की जांच करने के लिए नेपाल पुलिस को पत्र लिखा है। इंटरपोल के स्केच और दिए गए अन्य विवरण में नेपाल पुलिस के एक अधिकारी का भी नाम होने से मामला और गंभीर हो गया है।

सिंगापुर स्थित इंटरपोल के नेशनल सेंटर ब्यूरो ने पत्र में नेपाल पुलिस की इंटरपोल शाखा को तीन नेपाली नागरिकों के आईएसआईएस की आर्थिक गतिविधियों में संलिप्त होने की जानकारी दी है। इसके मुताबिक इन तीनों ने लगातार खाड़ी देशों का दौरा किया और इनके बैंक खातों में विदेशी बैंकों के जरिए जमकर लेनदेन हुआ। इंटरपोल ने लेनदेन का विवरण भी साझा किया है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी दान बहादुर कार्की ने इंटरपोल की तरफ से इस तरह के पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इंटरपोल द्वारा भेजे गए विवरण में कालिकोट निवासी महेन्द्र बहादुर शाह, दीपेंद्र बहादुर शाह और नेपाल पुलिस के डीएसपी हेम बहादुर शाही का नाम शामिल है। इस पूरे मामले का गहन अन्वेषण किया जा रहा है। नेपाल पुलिस के विशेष ब्यूरो से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक महेन्द्र बहादुर शाह लंबे समय से दुबई और मलेशिया में रह रहा है। इस पुलिस अधिकारी का दावा है कि सिर्फ इसके ही नहीं बल्कि नेपाल के अन्य लोगों के भी आईएसआईएस से जुड़े होने की आशंका है। इस पूरे मामले का गहन अन्वेषण किया जा रहा है।

## 2030 युवा ओलंपिक के लिए भारत लगाएगा बोली : मंडाविया

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है। आज यहां 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया की आमसभा में डा. मनसुख मंडाविया ने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने लगाने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, आज 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है। भारत ने हमेशा ओलंपिक मोमेंट और इससे जुड़ी खेल भावना सम्मान किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भारतीय जतना पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।

# ट्रेडिंग के नाम पर 53 लाख ठगने में सरगना समेत दो गिरफ्तार, दुबई से जुड़े हैं तार

ऑनलाइन ट्रेडिंग कर मुनाफे का लालच देकर करते थे ठगी

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ के साइबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र पुलिस ने रविवार को साइबर ठगी के सरगना समेत दो लोगों को रुद्रपुर उधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगी करते थे। पुलिस ने इनके पास तीन मोबाइल, विभिन्न बैंकों के नौ डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और श्रम कार्ड आदि बरामद किया है। आरोपितों के तार दुबई से जुड़े हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह ने रविवार को बताया कि जनपद उधमसिंह नगर निवासी एक पीड़ित ने अगस्त 2024 में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसने बताया कि जून 2024 में फेसबुक पर एक ऑनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा और उसके लिंक पर क्लिक करने पर उसे एक अज्ञात वाट्सअप ग्रुप से जुड़ना बताया गया। चैटिंग के उपरांत शिकायतकर्ता को एक अन्य लिंक के माध्यम से गोल्डमैन सैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम के ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन स्टाक मार्केट शेयर खरीदे व बेचे जाना बताया गया। इन लोगों ने शिकायतकर्ता से विभिन्न बैंक खातों में लगभग 53 लाख रुपये जमा करा लिये। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग में निवेश करने पर शार्ट टर्म में अधिक मुनाफे का भरोसा देकर रुपये ठग लिए। एसएसपी एसटीएफ सिंह ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत इसकी जांच प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम अरुण कुमार को सुपुर्द की गई। इसके बाद साइबर क्राइम पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मास्टरमाइंड व मुख्य आरोपित गुरप्रीत सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी द्वारिका इंक्लेव ग्राम छत्तरपुर थाना पंतनगर जनपद ऊधमसिंह नगर और प्रेमशंकर पुत्र लेखराज सिंह निवासी ग्राम खितौसा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उत्तर प्रदेश को मटकोट रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर से गिरफ्तार कर लिया।

# पेरिस पैरालंपिक में भारत का शानदार सफर समाप्त

## रिकॉर्डतोड़ व ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ भारत ने सात स्वर्ण समेत 29 पदकों पर किया कब्जा

एजेंसी



**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद भारत का सफर समाप्त हो गया है। रविवार को पैरालंपिक के अंतिम दिन पैरा कैनो में भारतीय खिलाड़ी पूजा ओझा वूमेन्स 200 मीटर एकल केएल-1 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। वह इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में 1.17.23 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

इससे वह फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। मौजूदा पैरालंपिक गेम्स में भारत का ये आखिरी इवेंट था। इस तरह भारतीय दल का पैरालंपिक में सफर अब समाप्त हो गया है। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। अबकी बार भारत ने रिकॉर्ड 29 पदक हासिल किए। इसमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक हैं। इससे पिछले सारे रिकॉर्ड्स ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत ने 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक समेत कुल 19 पदक जीते थे। भारत ने इस बार पैरालिंपिक में भाग लेने के लिए 84 एथलीटों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा था।

### एथलेटिक्स में जीते सबसे ज्यादा पदक

भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार पैरा एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 17 पदक जीते हैं। इसमें चार स्वर्ण भी शामिल हैं। इसके बाद दूसरा नंबर पैरा बैडमिंटन का रहा। इसमें भारत ने एक स्वर्ण समेत 5 पदक जीते। पैरा शूटिंग में भारत को एक स्वर्ण समेत 4 पदक हासिल हुए। पैरा आर्चरी में भारत ने एक स्वर्ण समेत 2 पदक और पैरा जूडो में 1 कांस्य पदक जीता।

### पेरिस पैरालंपिक में इन लोगों ने जीता पदक

अवनि लेखरा (पैरा शूटिंग)- स्वर्ण पदक, आर2 वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1), मोना अग्रवाल (पैरा शूटिंग)- कांस्यपदक, वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य, वूमेन्स 100 मीटर रेस (टी35), मनीष नरवाल (पैरा शूटिंग)- रजत पदक, मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1), रुबीना फ्रांसिस (पैरा शूटिंग)- कांस्य पदक, वूमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, वूमेन्स 200 मीटर रेस (टी35), निषाद कुमार (पैरा एथलेटिक्स)-रजत पदक, मेन्स हाई जंप (टी47), योगेश कथुनिया (पैरा एथलेटिक्स)- रजत पदक, मेन्स डिस्कस थ्रो (एफ56), नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन)-स्वर्ण पदक, मेन्स सिंगल्स (एसएल3), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन)- कांस्य पदक, वूमेन्स सिंगल्स (एसयू5), थुलासिमथी मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन)-रजत पदक, वूमेन्स सिंगल्स (एसयू5), सुहास यथिराज (पैरा बैडमिंटन)-रजत पदक, मेन्स सिंगल्स (एसएल4), शीतल देवी-राकेश कुमार (पैरा तीरंदाजी)- कांस्य पदक, मिक्स्ड कंपाउंड ओपन, सुमित अंतिल (पैरा एथलेटिक्स)-स्वर्ण पदक, मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ64), नित्या श्री सिवन (पैरा बैडमिंटन)- कांस्य पदक, वूमेन्स सिंगल्स (एसएच6), दीप्ति जीवनजी (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, वूमेन्स 400 मी. (टी20), मरियप्पन थंगावेलु (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, मेन्स हाई जंप (टी63), शरद कुमार (पैरा एथलेटिक्स)- रजत पदक, मेन्स हाई जंप (टी63), अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स)- रजत पदक, मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ46), सुंदर सिंह गुर्जर (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ46), सचिन सरजेराव खिलारी ( पैरा एथलेटिक्स)- रजत पदक, मेन्स शॉट पुट (एफ46), हरविंदर सिंह (पैरा तीरंदाजी)- स्वर्ण पदक, मेन्स इंडिविजुअल रिकर्व ओपन, धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स)- स्वर्ण पदक, मेन्स क्लब थ्रो (एफ51), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स)- रजत पदक, मेन्स क्लब थ्रो (एफ51), कपिल परमार (पैरा जूडो)- कांस्य पदक, मेन्स 60 किलो (जे1), प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)- स्वर्ण पदक, मेन्स हाई जंप (टी44), होकाटो होटोजे सेमा (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, मेन्स शॉट पुट (एफ57), सिमरन शर्मा (पैरा एथलेटिक्स)- कांस्य पदक, वूमेन्स 200 मीटर (टी12), नवदीप सिंह (पैरा एथलेटिक्स)- स्वर्ण पदक, मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ41)।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश में बेरोजगारी व अपराध नंबर वन : भूपेंद्र हुड्डा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को फरीदाबाद पहुचे। वे यहां पूर्व मंत्री स्वर्गीय शिवचरण लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आरती संग्रह किताब का विमोचन भी किया। कांग्रेस सरकार में 2004 से 2014 तक मुख्यमंत्री रहते हुए कराए गए विकास कार्यों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में तेजी से काम किया और हरियाणा को नंबर वन बनाया। इस दौरान उन्होंने कहा हरियाणा में प्रति व्यक्ति आय में, प्रति व्यक्ति निवेश के लिए काम किया। कानून व्यवस्था या नौकरी देने में हरियाणा को नंबर वन बनाया था। आज हरियाणा में बेरोजग़ारी नंबर वन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में अपराध बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। इन सब से अगर छुटकारा चाहिए तो कांग्रेस जीतना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर भी जमकर निशाना साधा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज एनआईटी से कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा के पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय शिवचरण लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए यह सब बातें कही। उन्होंने कहा हरियाणा की प्रगति चाहिए और हरियाणा का विकास हो इसके लिए कांग्रेस को जिताना पड़ेगा।

### हिंदू वोटरों को डराने की कोशिश कर रही भाजपा : फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू क्षेत्र में अपने विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान हिंदू मतदाताओं को डराने-धमकाने का प्रयास कर रही है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में मीडियाकर्मियों से बातचीत में श्री फारूक ने कहा, 卐भाजपा केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मान लिया था कि हिंदू उनके पक्ष में मतदान करेंगे। लेकिन हिंदू अब पहले जैसे नहीं हैं... भाजपा ने पहले राम मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश की और अब वे हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही हैं। श्री फारूक ने कहा कि भाजपा एनसी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में विजयी होंगे और लोगों की जिंदगी बदल देंगे। जब फारूक से गृह मंत्री अमित शाह की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन अस्थायी है तो श्री फारूक ने जवाब दिया, 卐अमित शाह बहुत ज्यादा बोल रहे हैं, और मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जिस भारत को वे पेश करने की कोशिश कर रहे हैं... हम हैं इसके ख़िलाफ़। भारत सभी का है - हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और यहां रहने वाले सभी लोगों का।

### गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन से जाम, तीर्थयात्रियों को परेशानी

**उत्तरकाशी,समृद्धि न्यूज।** गंगोत्री हाईवे पर बंदरकोट और रतूड़ी शेरा में मानसून के दौरान भूस्खलन का उपचार कार्य शुरू करने से पहाड़ दरकने लगा है, जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग रहा है। तीर्थ यात्रियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। गौरतलब है कि जनपद में मानसून का कहर जारी है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंदरकोट में तीन दिन पहले पहाड़ी दरकने का वीडियो सामने आया था, जबकि रविवार को भी पहाड़ से लगातार पत्थर और मलबा गिररतर रहा, जिससे गंगोत्री हाईवे घंटों तक बंद रहा। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों ने बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पीक मानसून के दौरान भूस्खलन का उपचार कार्य शुरू करने से समस्या बढ़ रही है। इससे भूस्खलन की समस्या और गंभीर हो सकती है, जो लगातार बन रही है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्ये सिंह राणा ने कहा कि मानसून के सीजन में भूस्खलन का उपचार करना गलत फैसला था, जिससे बार बार गंगोत्री हाईवे बंद हो रहा है और चार -धाम यात्रा प्रभावित हो रही है।

### 270 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को बाइक पर सवार एक तस्कर को 270 बोतल नेपाल निर्मित शराब के साथ पकड़ा ।बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। कुल 81 लीटर शराब जब्त किया गया है ।गिरफ्तार बाइक सवार तस्कर सुपौल जिला के वीरपुर थाना क्षेत्र के कोशिकापुर वार्ड संख्या 11 का रहने वाला महेश कुमार पिता -परमेश्वर पासवान है ।पुलिस ने तस्कर के द्वारा उपयोग में लाया गया मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38जी 6764 को जब्त किया है। गिरफ्तार तस्कर बाइक पर शराब लोड कर नेपाल से भारत ला रहा था,इसी क्रम में पुलिस और एसएसबी के द्वारा दबोच लिया गया ।मामले में बसमतिया थाना में मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी कांड संख्या 35/24 दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### ओलंपियन विनेश टिकट मिलने पर पहली बार पहुंची सुसराल

**जींद।** रविवार को जुलाना खंड के गांव खेड़ाबख्ता में ओलंपियन विनेश फौगाट रविवार को विधानसभा की टिकट मिलने पर पहली बार पहुंची तो चौगामा खाप ने उन्हें सर आंखों पर बैठाया। विनेश फौगाट को पौली गांव से लेकर जुलाना शहर से होते हुए जुलूस के साथ खेड़ाबख्ता गांव तक लाया गया। पौली गांव से लेकर बख्ताखेड़ा गांव तक पहुंचने में चार घंटे का समय लगा। विनेश का जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। खेड़ाबख्ता गांव में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश खरेंटी ने की। विनेश ने गांव में पहुंचते ही शिव मंदिर में माथा टेका। कार्यक्रम में चौगामा खाप ने उन्हें साढ़े चार किलोग्राम चांदी की गदा भेंट की और राठी खाप की ओर से 11 तोले सोने का स्वर्ण पदक भेंट किया। विनेश फौगाट ने कहा कि रेलवे से नौकरी छोडऩे की प्रक्रिया को उन्होंने पूरा कर लिया है। जिस तरह से कुश्ती के दौरान देशवासियों का प्यार और आशिर्वाद मिला उसी तरह अब भी लोग आशिर्वाद मिलेगा। वो जब जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे तो कांग्रेस ने नही बीजेपी के लोगों ने ही उन्हें परमीशन दिलवाई थी। उन्होंने कहा कि बृजभूषण कोई देश नही है। देश उनके साथ खड़ा है। देश ने उनका साथ दिया तो अब वो देश के लिए सघर्ष करेंगी।

### भजनलाल जापान व द. कोरिया की यात्रा के लिए रवाना

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जापान एवं दक्षिण कोरिया की अपनी छह दिवसीय यात्रा के लिए रविवार सुबह जयपुर से रवाना हुए। श्री शर्मा यहां से दिल्ली गये हैं और शाम को वह जापान और दक्षिण कोरिया की अपनी छह दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। मुख्यमंत्री आगामी नौ से ग्यारह दिसंबर तक जयपुर में होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 की तैयारी के तहत इन दो देशों की यात्रा पर गये हैं जहां वह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापारिक नेताओं से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।

### पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ जोड़ते हैं : धामी

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों का संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है। रविवार को वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में आयोजित मां नन्दा-सुनन्दा महोत्सव-2024 के शुभारम्भ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी को नन्दा महोत्सव की शुभकामनाएं दी। मां नन्दा-सुनन्दा सभी श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों की मनोकामनाओं को पूर्ण करें व सदैव कृपा बनाये रखें।